फाइनेंस एक्ट १९६३ के अनुसार

आयकर विधान के मूल तत्व

[Elements of Income Tax]

डॉ० एस० आर० वाजपेयी, पी-एच० डी०
प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग,
डी० ए० वी० कालेज, कानपुर

किताब घर, कानपुर

द्वितीय संस्करण की भूमिका

हमे पुस्तक का द्वितीय सस्करण पाठको के समक्ष रखने मे अत्यन्त हर्ष हो रहा है। प्रस्तुत सस्करण मे फाइनेंस एक्ट १९६३ के अनुसार किए गए परिवर्तनो को स्थान दिया गया है तथा पहले की अपेक्षा अधिक पठनीय सामग्री दी गई है। आशा है पुस्तक अपने नये रूप मे पाठको को और भी अधिक लाभप्रद सिद्ध होगी।

१५ सितम्बर, १९६३
डी० ए० वी० कालेज,
कानपुर

एस० आर० वाजपेयी

प्राक्कथन

आयकर की यह पुस्तक विशेष कर विद्यार्थियों के लिये लिखी गई है। समस्त पुस्तक नये आयकर विधान १९६१ के आधार पर लिखी गई है, तथा फाइनेंस एक्ट १९६२ मे किये गये परिवर्तन भी सम्मिलित किये गए हैं। प्रत्येक अध्याय के तीन भाग हैं। प्रथम भाग में वैधानिक विवेचना की गई है। प्रयत्न इस बात का किया गया है कि कानूनी विशेषताओं को कायम रखते हुए जहाँ तक हो सके सरल से सरल भाषा मे लिखा जाय। यथास्थान धाराओ के नम्बर भी दिये गये हैं, जिससे विद्यार्थियो को विधान से मिलाने या आगे अध्ययन करने म सुविधा हो। दूसरे भाग मे साराश दिया गया है। साराश अंग्रेजी म दिया है, क्योंकि प्रश्न प्राय. अंग्रेजी मे ही पूछे जाते हैं। तीसरे भाग मे उदाहरण के तौर पर हल किये हुये प्रश्न दिये हैं। अभ्यासार्थ प्रश्नो की संख्या भारी रक्खी गई है तथा विभिन्न विश्वविद्यालयो के प्रश्नों का भी समावेश कर दिया गया है। सभी प्रश्न कर-देय वर्ष १९६२-६३ के आधार पर हल किये गये हैं। आशा है, पुस्तक विद्यार्थियो के लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

पुस्तक की रचना म मैंने अपने मित्र श्री टी० एन० पाण्डेय से समय-समय पर परामर्श किया है, इसके लिये मैं उनका आभारी हूँ।

सितम्बर १, १९६२
डी० ए० वी० कालेज,
कानपुर

एस० आर० बाजपेयी

विषय सूची

१

विषय प्रवेश

आय कर का प्रारम्भ भारतवर्ष मे सन् १८६० ई० से हुआ। उस समय सरजेम्स विलसन ने पहली बार आय के आधार पर कर लगाया। यह कर १८६५ तक चला। परन्तु इसके बाद बन्द कर दिया गया। बाद म सरकार ने लाइसेंस टैक्स तथा सार्टिफिकेट टैक्स लगाए जो व्यक्तिगत कर तो थे परन्तु जिन्हे सच्चे अर्थ मे आय कर नही कहा जा सकता। सन् १८८६ मे आय कर फिर से लगाया गया। इसके लिये आय कर अधिनियम भी बना तथा प्रथम बार आय को चार शीर्षको (वेतन, कम्पनियो का लाभ, प्रतिभूतियो पर व्याज तथा अन्य) मे बाटा गया। अधिकर (Super tax) पहली बार १९१७ मे लगाया गया। पुराना अधिनियम १९२२ तक चलता रहा यद्यपि उसमे १९१८ मे पर्याप्त सुधार किए गए।

१९२२ का अधिनियम

१९२२ के अधिनियम का आय कर मे विशेष महत्व है। यह आयकर के नियमो को विस्तृत रूप से लिपिबद्ध करने का पहला प्रयास था। पुराने अधिनियमों मे विस्तृत नियमो की कमी थी जिसके कारण आय कर के निर्धारण मे कठिनाई पड़ती थी। १९२२ के अधिनियम द्वारा इसे बदल दिया गया। १९६१ का अधिनियम बनने के पहले १९२२ का अधिनियम ही आय कर का आधार था, यद्यपि इस समय तक पुराने अधिनियम मे पर्याप्त सुधार किए जा चुके थे। सब से महत्वपूर्ण सुधार १९३९ मे हुआ जब कि 'स्टेप प्रणाली' (Step system) के स्थान पर 'स्लैब प्रणाली' (Slab system) लागू की गई। इसके अलावा समय समय पर अनेक छोटे मोटे परिवर्तन होते रहे। १ अप्रैल १९४६ को व्यापार लाभ कर

(Excess profits tax) को इसमे सम्मिलित किया गया जो ३१ मार्च १६४६ तक चला । १६४६-४७ मे पूजी लाभ (Capital gains) पर भी कर लगाया गया जो १६४७-४८ तक चलता रहा । १६५६ मे उसे फिर से चालू किया गया ।

१९६१ का अधिनियम

१६६१ मे आय कर अधिनियम मे फिर से सर्वाङ्गीण परिवर्तन किया गया । परिवर्तन की आवश्यकता अनेक कारणो से पहले भी प्रतीत हो रही थी । वर्तमान अधिनियम १९२२ मे बनाया गया था तब से अब तक देश के आर्थिक ढाँचे, कर प्रणाली तथा कर सम्बन्धी समस्याओ मे बडा उलट फेर हो गया था । यद्यपि पुराने अधिनियम म आवश्यक्तानुसार समय समय पर सशोधन किए गए थे परन्तु इन सशोधनों के कारण अधिनियम की जटिलता और भी बढ गई थी । सन् १६३६ से १६५६ तक इसमे करीब उनतीस बार सशोधन हुआ तथा हर बार सशोधन काफी महत्वपूर्ण थे । इन सुधारो के कारण विधान बडा ही असतुलित हो गया था । एक ही प्रकार की आय से सम्बन्वित नियम समस्त अधिनियम मे बिखरे पडे थे । यद्यपि पुराने अधिनियम मे धारायें कुल ६५ थी फिर भी प्रत्येक की इतनी अधिक व्यवस्थाएँ (Provisos) तथा छूटें थी कि मूल धारा का स्वरूप ही विकृत हो जाता था ।

इन कठिनाइयों के कारण आय कर अधिनियम के पुनर्स गठन का काम 'ला कमीशन' को सौपा गया । कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सितम्बर १६५८ मे प्रस्तुत की । परन्तु इसी बीच मे Direct Taxes Administration Enquiry Committee (त्यागी कमेटी) की स्थापना हो चुकी थी अतएव आय कर विधान मे सुधार का काम स्थगित कर दिया गया । १६५६ मे 'त्यागी कमेटी' की रिपोर्ट प्राप्त हुई । इन दोनो रिपोर्टों को ध्यान मे रखते हुए नए अधिनियम की रचना की गई ।

नए अधिनियम की विशेषताएं

नए अधिनियम मे सर्वाङ्गीण परिवर्तन कर दिया गया है । यह वास्तव में पुराने अधिनियम का पुनर्गठन मात्र नही है, अनेक स्थलो पर इसमे मौलिक परिवर्तन किए गए है । नए अधिनियम की मुख्य मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है ।

१ नए अधिनियम मे कुल मिलाकर २६८ धारायें तथा ५ अनुसूचियाँ (Schedules) है । पुराने अधिनियम मे कुल ६५ धारायें थी ।

२ प्रथम अध्याय मे परिभाषाएं दी गई है । इसमे ३ धाराये हैं । धारा २ जिसमे परिभाषाएं दी है बहुत ही विस्तृत है । इसमे अकेले ४८ उपधाराये दी है ।

इस प्रकार पहले एक्ट मे जहा कुल २६ परिभाषाएं दी थी अब नए एक्ट मे ४८ परिभाषाएँ दी है। निम्नलिखित परिभाषाएं नई सम्मिलित की गई है।

वार्षिक मूल्य (२), एपीलेट ट्रिब्यूनल (४), स्वीकृत ग्रेच्युटी फण्ड (५), स्वीकृत सुपर एन्युएशन फण्ड (६), कर निर्धारण (assessment) (८) कर देय वर्ष (assessment year (६), आयकर की औसत दर (१०), अधिकर की औसत दर (११), दानार्थ (charitable purpose) (१५), कम्पनी, जिसमे जनता का पर्याप्त हित है (१८), डायरेक्टर, मैनेजर तथा मैनेजिग एजेन्ट (२०), वैधानिक प्रतिनिधि (Legal representative) (२६), बिदेशी (३०), व्यक्ति जिमका कम्पनी मे पर्याप्त हित है (२) व्यवसाय (profession), (३६), प्रमाणित प्राविडेन्टफण्ड (३८), सम्बन्धी (relatine) (४१), कर वसूल करने का अधिकारी (recovery officer) (४४) तथा हस्तान्तरण (४७)* ऊपर दी हुई परिभाषाओ म कुछ तो विभिन्न स्थलो पर दी भी गई थी। परन्तु नए एक्ट मे सबको एक स्थान पर कर दिया गया है।

३ द्वितीय अध्याय मे ६ धारायें (४–६) है। इसमे आय कर का आधार तथा निवास स्थान के सम्बन्ध मे दिया गया है। इसमे पुराने एक्ट की धारा ३,४, ५८ तथा १२ मे लिखित आवश्यक नियम एक स्थान पर दिए गए है। निम्नलिखित नई धाराओ का समावेश किया गया है।

(१) कर देयता (Charge of income tax)—पुराने एक्ट की धारा ३ को और विस्तृत कर दिया गया है तथा स्पष्ट रूप से लिख दिया गया है कि नया विधान गत वर्ष के अलावा अन्य वर्षों पर भी लागू हो सकता है यदि एक्ट मे ऐसा दिया हो। तथा जहाँ जहाँ एक्ट मे वर्णित है आय कर या तो उद्‌गम स्थान मे काटा जावेगा अथवा अग्रिम दिया जावेगा। [४ (२)]

(२) निवासियो का पुराना वर्गीकरण कायमर रखा गया है और पुराने एक्ट की ही भांति नए एक्ट मे भी तीन वर्ग है (१) साधारण निवासी (Ordinarily Resident) (२) असाधारण निवासी (Not ordinarily resident) तथा (३) विदेशी (Non resident) । परन्तु निवास की शर्तों मे कुछ परिवर्तन कर दिए गए है जो निम्नलिखित है।

(i) पुराने अधिनियम के अनुसार कोई व्यक्ति यदि १८२ दिन तक कर देश

*कोष्ठक मे अक नए अधिनियम की धारा २ की उपधारायें प्रकट करते हैं।

प्रदेश मे निवास स्थान रखे तथा स्वयं कम से कम एक दिन के लिए रहे तो उसे निवासी माना जाता था। नए अधिनियम मे निवास काल ३० दिन कर दिया गया है।

(ii) पुराने अधिनियम मे यदि कोई व्यक्ति गत वर्ष से पहले ४ साल मे ३६५ दिन कर देय प्रदेश मे रहा हो तथा गत वर्ष मे कम से कम एक दिन रहा हो तो वह निवासी माना जाता था, नए अधिनियम मे निवास की अवधि बढ़ा कर कम से कम ६० दिन कर दी गई है।

(३) निवास के सम्बन्ध मे निम्नलिखित वाक्य स्पष्ट रूप से जोड़ दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति गत वर्ष मे किसी एक आय की अद के लिए निवासी समझा जाय तो समस्त मदो के लिए उस वर्ष निवासी समझा जावेगा। [६ (५)] साथ ही साथ इस वात का भी उल्लेख स्पष्ट कर दिया गया है कि धारा ६ (१), ६ (२) तथा ६ (३) मे वर्णित शर्तों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति भारत का निवासी ही माना जावेगा जब तक गत वर्ष मे उसके कार्य का प्रबन्ध तथा सचालन पूर्णतया बाहर से न हुआ हो। [६ (४)]

इस उपधारा का प्रभाव यह पडेगा कि ऐसे समस्त व्यक्ति जो एक्ट मे लिखी शर्तों के अनुसार विदेशी या असाधारण निवासी नही साबित होते अब निवासी मान लिये जायेंगे। इसके अभाव मे इस प्रकार के अनिश्चित लोग विदेशी की कोटि मे आते थे।

४ कर मुक्त आय के सम्बन्ध मे पर्याप्त परिवर्तन किया गया है। धारा १० से १३ तक ऐसी आय का वर्णन है जो आय कर से मुक्त है। जो आय अधिकर से मुक्त है उसका वर्णन अध्याय ११ में धारा ९९ मे किया गया है। एक नया वर्गीकरण इस सम्बन्ध मे आरम्भ किया गया है। बीमा, प्राविडेन्ट फण्ड मे अशदान, दान इत्यादि को पहले 'कर मुक्त आय' के अन्तर्गत रक्खा जाता था परन्तु सैद्धान्तिक रूप से यह गलत था क्योकि यह आय के साधन न होकर व्यय के साधन है तथा व्यय का कर मक्त होना कोई अर्थ नही रखता। अतएव नये एक्ट मे उसकी भाषा बदल कर उसका नाम 'छूट' (Rebate) कर दिया गया है तथा उसे अलग एक नए अध्याय मे दे दिया गया है। अधिकर की छूट की धारायें अधिकर के साथ दी गई है।

५ आय कर से मुक्त आय मे निम्नलिखित नई धाराये जोडी गई है।

(i) शिक्षा के व्यय को वहन करने के लिये दी हुई छात्रवृत्ति [१० (१६)] तथा विश्व विद्यालय और शिक्षा सस्थाओं की आय [१० (२२)] को कर मुक्त घोषित कर दिया गया है।

(ii) दानार्थ ट्रस्टो को जहाँ एक ओर प्रोत्साहन दिया गया है तथा धारा ११ के अन्तर्गत उनकी आय को कर मुक्त माना गया है वहाँ नई धारा १३ के द्वारा इस बात पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है कि लोग इसका अनुचित लाभ न उठाएँ। इसलिये निम्नलिखित आय को कर मुक्त नही माना गया है।

(अ) यदि ट्रस्ट का उद्देश्य किसी व्यक्तिगत धार्मिक उद्देश्य की पूर्ति के लिये हो [१३ (a)]

(व) यदि ट्रस्ट की स्थापना एक्ट के पास होने के बाद से हो तथा उसके द्वारा ट्रस्ट बनाने वाले को, अथवा उसके किसी सम्बन्धी को, अथवा यदि वह सयुक्त हिन्दू परिवार का सदस्य है तो उस परिवार के किसी सदस्य को, ट्रस्ट की आय का कोई अश प्राप्त होता हो। [१३(b)]

६ अधिनियम का सबसे विस्तृत अग आय की मदो के सम्बन्ध मे है इस भाग मे कुल मिलाकर ४५ धाराये (धारा १५ से धारा ६६ तक) हैं। पुराने एक्ट मे यह सब नियम कुल ५ धाराओ (धारा ७,८,६,१० तथा १२) मे दिए हुए थे। धाराओ मे सख्या वृद्धि इस प्रकार हुई है।

(१) वेतन सम्बन्धी नियम जहाँ पहले एक धारा ७ मे दिये थे अब तीन धाराओ १५, १६, १७ के अन्तर्गत दिए है।

(२) प्रतिभूतियो की आय से सम्बन्धित नियम जहाँ पहले एक धारा ८ मे दिये थे वहाँ अब वे चार धाराओ (धारा १८, १६, २०, २१) में दिये गये है।

(३) गृह सम्पत्ति सम्बन्धी आय के नियम जहाँ एक धारा ६ मे दिये थे अब उनके स्थान पर ६ धाराये (धारा २२ से धारा २७ तक) रक्खी गई है।

(४) व्यापारिक लाभ से सम्बन्धित नियम जहाँ पहले एक धारा १० मे दिये थे अब उसके स्थान पर १७ धाराये (धारा २८ से ४४ तक) दी गई है।

(५) अन्य साधनो से आय तथा पूंजी गत आय से सम्बन्धित नियम पहले एक धारा १२ के अन्तर्गत आते थे। अब उसके स्थान पर पूंजी गत आय मे अकेले ११ धाराये (धारा ४५ से ५५ तक) है। अन्य साधनो की आय मे चार धाराये (धारा ५६ से ५६ तक) है।

७ निम्नलिखित नई धाराये इस सम्बन्ध मे जोडी गई है।

(१) गृह सम्पत्ति की आय के सम्बन्ध ३ नई उपधाराये जोडी गई है।

(क) यदि कोई व्यक्ति अपनी गृह सम्पत्ति बिना पर्याप्त प्रतिफल (Consi-

de के अपनी पत्नी अथवा नाबालिग सतान को हस्तातरित कर देता है तो सम्पत्ति का स्वामी वह स्वय ही माना जावेगा। [२७ (i)]

(ख) वार्षिक भार (annual charge) के सम्बन्ध मे स्पष्ट कर दिया गया है कि इसमे कोई केन्द्रीय, प्रान्तीय अथवा स्थानीय सरकार का कर नही शामिल है [२७ (iv)]

(ग) 'पू जी गत भार' (capital charge) की परिभाषा स्पष्ट कर दी गई है।

(२) व्यापारिक लाभ के अन्तगत, कर दाता द्वारा स्वीकृत ग्रेच्युटी फण्ड मे दिया गया अश दान घटाने योग्य व्यय मत लिया गया है। [३६ (१-५)]

(३) पू जी गत लाभ के सम्बन्ध म निम्नलिखित नई धाराय जोडी गई है।

(अ) कम्पनियो तथा फर्मो के विघटन पर पू जी के वितरण के समय 'पू जी गत आय के अन्तर्गत कर किस प्रकार लगना चाहिये, इस सम्बन्ध मे विस्तृत नियम दिये गये है। [४६,४७ (२)]

(ब) पू जी गत आय के निर्धारण म लागत तथा उसके सुधार मे किये जाने वाल पू जीगत व्यय का बडा महत्व है। इससे स्पष्ट रूप से धारा ५५ मे अलग से दिया गया है।

८ अभी तक नकद साख (cash credit) के सम्बन्ध मे कोई नियम नही था परन्तु आय कर अधिकारी परपरा के अनुसार उचित प्रमाण के अभाव म उसे आय मानकर उस पर कर लगा देते थे। अब इस सम्बन्ध मे स्पष्ट नियम बना दिया गया है कि यदि किसी व्यक्ति का रुपया खाते मे जमा दिखलाया जाय और उसका उचित प्रमाण न हो तो उस गत वर्ष की आय मान लिया जाय। [६८]

इसी प्रकार यदि किय हुये विनियोग के लिये प्राप्त पू जी का ठीक ठीक प्रमाण न दिया जा सके तो उस भी आय मान लिया जावेगा [६६] इन धाराओ के द्वारा आय कर अधिकारियो को कानूनी शक्ति प्राप्त हो गई है।

६ वेतन के सम्बन्ध म मिलने वाली कुछ सुविधाओ को अब प्रतिभूतियो के ब्याज पर भी लागू कर दिया गया है। नए अधिनियम के अनुसार यदि प्रतिभूतियों पर पुराना ब्याज दन स किसी व्यक्ति की किसी वष आय बढ जाय और उसे ऊँची दर पर कर दना पड ता इनकम टैक्स आफिसर उस उचित सुविधा (relief) द सकता है। [८६ (२)]

१० अविभाजित लाभ पर कर लगाने के सम्बन्ध मे धारा १०४ से १०६ तक दिया गया है। इस सम्बन्ध मे विभाजन योग्य आय (Distributable income) तथा विनियोग कम्पनी की विस्तृत परिभाषायें दी गई हैं। इस प्रकार इसमे निश्चियात्मकता आगई है। [१०६ (१) (२)]

इस भाग के अन्तर्गत करदाताओ को कुछ विशेष सुविधाएँ भी प्रदान की गई हैं। उदाहरणार्थ कम्पनियो को आय के विभाजन मे किसी प्रकार की कमी को आगे पूरा करने का अवसर दिया गया है, धारा १०४ (अविभाजित लाभ पर सुपर टैक्स) के अन्तर्गत आर्डर निकालने की सीमा निर्धारित कर दी गई है और यह कर देय वर्ष से चार वर्ष के बाद नही दिया जा सकता। [१०६], विभाजित लाभ मे दान की रकम भी सम्मिलित कर ली गई है।

१ आयकर अधिकारियो की नियुक्ति, कार्यक्षेत्र, अधिकार इत्यादि के सम्बन्ध मे विस्तृत सूचना अध्याय १३ मे दी गई है। इसमे कुल मिलाकर २२ धारायें (११५ से १३८ तक) हे। इसमे निम्नलिखित नवीन व्यवस्थाएँ की गई हैं।

(१) यदि कोई व्यक्ति समन निकालने पर गवाही देने या उचित प्रमाण देने के लिए उपस्थित नही होता तो आयकर अधिकारी उस पर ५०० रु० तक जुर्माना कर सकता है। [१३१ (२)]

(२) आयकर के लिए दिये गये समस्त कागजात गुप्त माने जाते हैं तथा उनकी सूचना दूसरो को नही दी जा सकती। अधिनियम मे अनेक ऐसे अपवादो का वर्णन है जिनमे इस प्रकार की सूचना दी जा सकती है। अपवादो की सख्या काफी है। नए एक्ट मे दो और भी व्यवस्थाएँ की गई हैं। एक तो इस प्रकार की सूचना अथवा साक्षी देने वाला स्वय उसे दूसरो को बतला सकता है, [१३७ (५)], दूसरे यदि कोई व्यक्ति स्वीकृत फीस देकर लिखित प्रार्थना पत्र देता है तो कमिश्नर किसी करदाता के आयकर के सम्बन्ध मे सूचना दे सकता है। [१३८]

(३) यह स्पष्ट कर दिया गया है कि करदाता को अपना कर निर्धारण किसी विशेष स्थान पर करवाने का अधिकार न होगा। आयकर के मामलो को हस्तातरण करने के सम्बन्ध मे भी अधिक विस्तृत नियम दिए गए हैं।

१२ आम नोटिस की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। करदाता अब कर निर्धारण के पहले 'किसी समय' आय का विवरण नही पेश कर सकता इसके लिए चार वर्ष की सीमा निर्धारित कर दी गई है।

१३ दुबारा कर निर्धारण (Reassessment) के सम्बन्ध मे भी कुछ

परिवर्तन किए गए हैं। १६ साल से पहले के खातो को कर निर्धारण के लिए फिर से नही मांगा जा सकता।

१४ फर्मों की रजिस्ट्री के सम्बन्ध मे बहुत सी सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। पहले फर्मों की रजिस्ट्री का नवीनीकरण प्रति वर्ष होता था अब यह आवश्यक नही है। फर्म आय के विवरण के साथ ही एक घोषणापत्र दे सकती है कि उसके विधान (Constitution) मे कोई परिवर्तन नही किया गया है। भग हो चुकी फर्म बाद मे रजिस्ट्री के लिए प्रार्थना पत्र दे सकती है।

१५ आयकर की वसूली के सम्बन्ध मे नियम अध्याय १७ मे दिए गए हैं। इसमे निम्नलिखित नई व्यवस्थाएँ की गई हैं।

(१) कर जमा करने की नोटिस मिल जाने के ३५ दिन के अन्दर कर जमा करना आवश्यक है। [२२० (१)] इस समय के अन्दर रुपया न जमा करने पर ४% की दर से ब्याज देना पडेगा। इसी प्रकार 'रिफण्ड' समय पर न होने पर सरकार को ४% की दर से ब्याज देना भी पडेगा।

(२) कर की वसूली के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण सुधार किए गए है। पहले एक्ट के अनुसार आयकर अधिकारी को एक सर्टिफिकेट जिलाधीश के पास भेजना पडता था जो कर वसूल करने की व्यवस्था करता था। अब ऐसी व्यवस्था कर दी गई है कि रेवेन्यू विभाग का ही कोई अधिकारी (Recovery Officer) नियुक्त किया जा सकता है। तथा वह कर न देने वाले की सम्पत्ति को बेच कर स्वय कर वसूल कर सकता है। [२२२, २२३]

वसूली के सम्बन्ध मे पहले नियम हर राज्य मे अलग-अलग थे अब उन्हे अधिनियम के अन्दर ही देकर उनका प्रमापीकरण कर दिया गया है।

१६ अपील इत्यादि के सम्बन्ध मे सुविधाएँ बढा दी गई है तथा जो मामले अपील के लिए पश किए जा सकते हैं उनकी सख्या बढा दी गई है।

प्रश्न

1. Give a brief history of Income Tax in India.
2. Why was Income Tax Act 1922 changed in 1961 Point out the main features of the new act.

२

परिभाषाएँ

१. कृषि-आय (Agricultural Income)

आय कर अधिनियम १९६१ की धारा २ (१) के अनुसार कृषि आय की परिभाषा निम्नलिखित प्रकार से दी गई है।

"कृषि आय से तात्पर्य ऐसी भूमि से प्राप्त होने वाले किराये अथवा अन्य प्रकार की आय से है, जिसे कृषि कार्य के लिए प्रयोग किया जाता हो तथा जिस पर भारतीय लगान लगता हो अथवा सरकार को स्थानीय कर देना पडता हो।"

इस प्रकार कृषि आय के निम्नलिखित आवश्यक तत्व है।

[१] आय भूमि से प्राप्त हुई हो।

[२] आय भूमि पर किए जाने वाले कृषि कार्य द्वारा हुई हो। इस सम्बन्ध मे कृषि सम्बन्धी आय को ५ भागो मे बाँटा जा सकता है।

(अ) कृषि कार्य द्वारा की हुई आय—भूमि पर फसल बोने से जो आय प्राप्त होती है उसे कृषि आय माना जावेगा। फसल खाद्यान्न, अथवा व्यापारिक फसल जैसे चाय, काफी, तम्बाकू, गन्ना, रबड, जूट इत्यादि हो सकती है। यदि जगल मे वृक्षारोपण किया गया हो तो उसकी आय कृषि आय मानी जावेगी, परन्तु यदि वृक्ष अपने आप उगे हो तो उसकी आय को कृषि आय नही माना जावेगा।
[C. I T Vs Raja Benoy Kumar Sahas Roy 1957]

(आ) तैयार फसल पर की जाने वाली अन्य क्रियाएँ—फसल तैयार होने के बाद भी फसल पर अनेक अन्य क्रियाएँ करनी पडती है, जैसे गल्ले का माडना, छाटना, बोरो मे लगाना इत्यादि। ये सब कृषि कार्यो मे ही सम्मिलित है। अधि-

नियम के अनुसार यह आवश्यक है कि कृषि पदार्थों मे उतना ही काम किया गया हो, जिससे वे बाजार मे बिकने लायक हो सकें, इसके अलावा जो काम किया जायेगा, उससे मिलने वाले लाभ को कृषि आय नही माना जावेगा । उदाहरण के लिए तम्बाकू उत्पन्न करने, तोडने तथा सुखाने का काम कृषि कार्य माना जायेगा और इससे होने वाली आय को कृषि आय कहेगे, परन्तु यदि कोई तम्बाकू मे खुशबू या मसाला मिला कर वेचता है तो इस प्रकार अधिक मिलने वाली रकम कृषि आय नही मानी जावेगी । इसी प्रकार गेहूँ को पीस कर वेचना, रुई को ओटना, अथवा चाय को तैयार करना कृषि कार्य नही माना जा सकता ।

(इ) **कृषि पदार्थों की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय**—यदि कृषक अथवा वस्तु के रूप मे लगान पाने वाला स्वय उसको वेचने की व्यवस्था करता है तो उसको मिलने वाला लाभ कृषि आय माना जावेगा, बशर्ते कि कृषि पदार्थ पर ऊपर के भाग (आ) मे वर्णित कार्यों के अतिरिक्त कोई कार्य न किया गया हो । उदाहरणार्थ यदि कोई किसान कपास उत्पन्न करता है और साथ ही साथ कपास की दुकान भी करता है, तो कपास वेचने से मिलने वाला लाभ कृषि आय माना जावेगा, परन्तु यदि वह उस कपास को ओट कर अथवा उसकी पूनी या सूत बना कर वेचता है तो उसे कृषि आय नही माना जावेगा । इसके लिए आवश्यक है कि कृषि पदार्थ पर उतना ही कार्य किया गया हो जितना कि वस्तु को बाजार मे वेचने के लायक बनाने के लिए पर्याप्त हो सके ।

(ई) **भूमि से मिलने वाला लगान या अन्य कोई आय**—यदि कोई भूमि का मालिक किसी अन्य व्यक्ति को कृषि कार्य के लिए जमीन देता है तो उससे मिलने वाला लगान या अन्य कोई रकम कृषि आय मानी जावेगी । भूमि का कृषि कार्य के लिए दिया जाना अत्यन्त आवश्यक है । उदाहरणार्थ यदि भूमि कृषि मे प्रयुक्त होने वाले जानवरों को चराने के लिए पट्टे पर दी जाय, तो इस प्रकार पट्टे से होने वाली आय को कृषि आय माना जावेगा, भले ही घास भूमि पर अपने आप उगी हो । [C. I T Vs Rai Shamsherjang Bahadur 1953] यदि जमीन किसी वूचडखाने के जानवरो को चराने के लिए दी गई हो तो उसे कृषि आय नही माना जावेगा ।

इसी प्रकार यदि कोई डेरी कम्पनी अपनी निजी भूमि पर पशुओ को चराती है तो उसकी आय को कृषि आय माना जायेगा । [C. I T. Vs Vankatswamy Naidu, 1956]

(उ) **इमारतों से होने वाली आय**—निम्नलिखित परिस्थितियो म इमारतो से होने वाली आय को भी कृषि आय माना जावेगा—

(१) इमारत खेतो के बीच मे अथवा उनके पास हो (२) इमारत पर कृपक, खेतो के स्वामी अथवा वस्तु के रूप मे लगान पाने वाले का स्वामित्व हो तथा किसी एक के अधिकार मे हो। (३) इमारत का उपयोग कृषि-सहायक कार्य के लिए होता हो।

[२] भूमि पर भारतीय लगान लगता हो अथवा सरकार को स्थानीय कर देना पडता हो। इस प्रकार यदि किसी व्यक्ति के पास नेपाल मे जमीन हो तो उसे कृषि आय नही माना जावेगा, क्योंकि उस पर भारतीय लगान नही देना पडता है। इसी प्रकार स्थानीय कर से तात्पर्य स्थानीय सस्थाओ द्वारा दिए गए कर से नही है। कर की वसूली प्रान्तीय अथवा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो द्वारा होनी चाहिए।

निम्नलिखित आय को कृषि-आय नही माना जावेगा—

(१) नुमाइश, मेले अथवा बाजार के लिए दी हुई भूमि से आय।
(२) पत्थर की खानो अथवा ईंट बनाने के लिए बेची हुई जमीन की आय।
(३) खान खोदने के लिए दी गई जमीन स मिलने वाली आय, जैसे रायल्टी।
(४) मत्स्यपालन, सिंघाडे लगाने के लिए दिए हुए तालाबो की आय।
(५) समुद्री जल को भूमि पर लाकर नमक बनाने से होने वाली आय।
(६) सिंचाई के लिए दिए गए पानी से प्राप्त होने वाली आय।
(७) लाख की खेती से होने वाली आय।
(८) कृषि फार्म के मैनेजर को मिलने वाला वेतन।

अंशत. कृषि-आय (Partly Agricultural Income)

निम्नलिखित आय को आंशिक रूप से कृषि आय माना जाता है।

(१) कर देय प्रदेश के विक्रेता द्वारा तैयार की हुई चाय—६०% कृषि आय मानी जाती है और उस पर कर नही लगता।
(२) गन्ने की मिल अगर स्वय अपने फार्म का गन्ना इस्तेमाल करे तो गन्ने की रकम को कृषि आय माना जावेगा।

कृषि-आय का अधिकारी कौन हो सकता है ?

केवल निम्नलिखित व्यक्ति ही कृषि आय के अधिकारी माने जा सकते है।
(१) स्वय कृषि कार्य करने वाला व्यक्ति।

(२) भूमि का मालिक जो उसे लगान पर उठा देता है।

(३) भूमि को रेहन रखने वाला, यदि भूमि उसके अधिकार मे दे दी गई है। यदि भूमि उसके अधिकार मे न दी गई हो तो रेहन रखने वाला व्यक्ति कृषि आय का अधिकारी न होगा।

(४) वस्तु के रूप मे लगान पाने वाला व्यक्ति।

निम्नलिखित लोगो को मिलने वाली आय कृषि आय नही मानी जावेगी।

(१) यदि कोई व्यक्ति खडी फसल खरीद लेता है और बाद मे उसे कटवा कर विक्री की व्यवस्था करता है।

(२) यदि कोई कृषि कार्य करने वाली कम्पनी लाभाश बाँटती है तो लाभाश पाने वाले व्यक्ति के हाथ मे वह कृषि आय नही मानी जायेगी। [C. I. T. Vs Bacha Guzdar—1955]

२. करदाता (Assessee)

आयकर अधिनियम १९६१ के अन्तर्गत करदाता की परिभाषा इस प्रकार दी गई है—

करदाता से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जिनके द्वारा आयकर, सुपर टैक्स अथवा आय कर अधिनियम के मातहत कोई रकम देय हो। करदाताओ मे निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित किए जावेंगे—

१ जिन लोगो की आय का मूल्याकन (assessment) करने की कार्यवाही की गई हो।

२ किसी ऐसे व्यक्ति की आय का मूल्याकन (assessment) करने की कार्यवाही की गई हो जिसके कर के लिये वे स्वय उत्तरदायी हो।

३ यदि किसी व्यक्ति को वसूल किये हुये कर की वापसी (refund) लेना हो, जैसे किसी अशधारी को, जिसकी आय मुक्त आय से कम हो तथा कम्पनी द्वारा काटे हुये आयकर को वापस लेना हो।

४ किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात् उसका कानूनी प्रतिनिधि (legal representative उसके समस्त करो के लिये उत्तरदायी होगा तथा उसके स्थान पर करदाता माना जावेगा। [धारा १५६]

५ किसी विदेशी (non-resident) की आय के लिये निम्नलिखित मे से कोई व्यक्ति करदाता माना जा सकता है। [धारा-१६३]

(क) विदेशी द्वारा नियुक्त कोई व्यक्ति।
(ख) जिस व्यक्ति का उस विदेशी से व्यापारिक सम्बन्ध हो।
(ग) जिसके द्वारा विदेशी को अपनी आय प्राप्त होनी है।
(घ) जो उस विदेशी का ट्रस्टी हो।

६ किसी नाबालिग, पागल, मूढ (idiot) व्यक्ति के सम्बन्ध मे उसका प्रबन्धक अथवा संरक्षक, जिसको उसकी आय पाने का अधिकार हो, उसके बदले करदाता माना जावेगा। [धारा १६० (२)]

७ कोर्ट आफ वार्ड्स के मातहत सम्पत्तियो मे उसके प्रबन्धक को ही कर दाता समझा जायेगा [धारा १६० (३)]

८ किसी ट्रस्ट का ट्रस्टी अथवा मुसलमानी वक्फ का प्रबन्धक उस ट्रस्ट अथवा वक्फ की आय के लिये करदाता समझा जावेगा [१६० (४)]

९ किसी मृत व्यक्ति की स्थायी सम्पत्ति के लिए उसका executor कर के लिये उत्तरदायी समझा जायेगा। [धारा–१६८]

१० यदि किसी व्यापार का उत्तराधिकार (मृत्यु के अलावा अन्य किसी कारण से) किसी व्यक्ति को प्राप्त हो जाय तो वह उत्तराधिकार प्राप्त होने की तिथि से बाद मे होने वाली आय के लिये उत्तरदायी होगा, परन्तु यदि उसके पूर्वाधिकारी का पता न हो तो पिछले वर्ष तथा इसके पहले वर्ष का कर भी उत्तराधिकारी को ही देना होगा। [धारा-१७०]

११ यदि किसी व्यक्ति को आयकर अधिनियम की किसी धारा के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को दी जाने वाली रकम पर आयकर काट लेना चाहिये और वह नही काटता या काट कर जमा नही करता तो उसे ही करदाता माना जायेगा। [धारा २०१ (१)]

३. गतवर्ष (**Previous year**)

आय कर हमेशा गत वर्ष की आय पर लगता है। गत वर्ष के सम्बन्ध मे निम्नलिखित नियम लागू होते हैं।

१ साधारण तौर पर गत वर्ष ३१ मार्च के पहले १२ महीने को कहते है। उदाहरणार्थ सन् १९६२-६३ मे कर उस आय पर लगेगा जो ३१ मार्च सन् १९६२ को समाप्त होने वाले वर्ष मे प्राप्त की गई है।

२ यह कोई आवश्यक नही कि हर आदमी अपना खाता ३१ मार्च को ही बन्द करे। वह दशहरा, दीवाली, ३१ दिसम्बर या ३० जून या अन्य किसी दिन

बन्द कर सकता है। ऐसी दशा मे जिस वित्तीय वर्ष मे खाते बन्द किए जांय, उससे अगले वर्ष मे उस पर कर लगेगा। उदाहरणार्थ, यदि कोई व्यक्ति ३० जून, १९६० को खाता बन्द करता है तो यह वित्तीय वर्ष १९६०-६१ मे पडता है, अतएव इस पर कर १९६१–६२ मे लगेगा।

३ यदि किसी व्यक्ति को भिन्न-भिन्न साधनो से आय होती है तो प्रत्येक के लिये अलग-अलग गत वर्ष मान सकता है। परन्तु कुल आय के लिये समस्त साधनों की आय को जोडना पडगा।

४ फर्म से प्राप्त लाभ के लिये गत वर्ष वही माना जायेगा, जो फर्म ने स्वय रखा है। परन्तु यह उसी समय लागू होगा जब कि फर्म को स्वय कर देना पडा हो।

५ नये व्यापार के लिये अगली ३१ मार्च अथवा अन्य किसी तारीख को गत वर्ष के लिये प्रयोग किया जा सकता है। एक बार एक खाते बन्द करने का वर्ष चुन लेने के बाद उसे इनकम टैक्स अफसर की अनुमति से ही बदला जा सकता है।

६. साधारणतया वर्ष १२ महीने का माना जाता है, परन्तु विशेष परिस्थितियो मे कमिश्नर ११ अथवा १३ महीने तक का वर्ष भी मान सकता है।

४. करदेय प्रदेश (Taxable Teritories)

कर देय प्रदेश का जानना अत्यन्त आवश्यक है, क्योकि आयकर अधिनियम करदेय प्रदेश मे ही लागू होगा। करदेय प्रदेश के क्षेत्र मे समय समय पर परिवर्तन होता रहा है, परन्तु १२ अप्रैल १९५४ के पश्चात् उससे तात्पर्य समस्त भारतवर्ष से है। इस सम्बन्ध मे कुछ महत्वपूर्ण तारीखें इस प्रकार हैं।

(१) १५ अगस्त १९४७ से पूर्व—ब्रिटिश भारत तथा बरार

(२) १५ अगस्त १९४७ से २५ जनवरी १९५० तक—भारत के प्रान्त (कूचबिहार को छोडकर)

(३) २६ जनवरी १९५० से ३१ मार्च सन् १९५० तक—'पार्ट ए' के प्रान्त (कूच विहार को छोडकर तथा 'पार्ट सी' के प्रान्त) मनीपुर की रियासत को छोडकर।

(४) १ अप्रैल १९५० से १२ अप्रैल १९५० तक—जम्मू काश्मीर, पटियाला तथा पेप्सू की रियासतो को छोडकर समस्त भारतवर्ष

(५) १३ अप्रैल १९५० से १२ अप्रैल १९५४ तक—जम्मू तथा काश्मीर को छोडकर समस्त भारतवर्ष

(६) १३ अप्रैल १९५४ से—समस्त भारतवर्ष

५. उपार्जित आय (Earned Income)

आयकर के लिये उपार्जित तथा अनुपार्जित आय मे भेद किया जाता है। उपार्जित आय म मनुष्य का शारीरिक तथा मानसिक श्रम करना पडता है, इसलिये उस पर छूट देना चाहिये। वेतन, व्यापार स मिलने वाला लाभ तथा पेशो का पारिश्रमिक उपार्जित आय का उदाहरण है जब कि सम्पत्ति की आय, प्रतिभूतियों पर ब्याज अनुपार्जित आय का उदाहरण है। किसी कपनी के सचालक को मिलने वाला पुरस्कार, लेखक को पुस्तको पर मिलने वाली रायल्टी, अभिगोपन सबन्धी कमीशन (under writing commission) का उपार्जित आय माना जाता है।

उपार्जित आय की छूट (Earned Income Relief)

कर देय वर्ष १९५६ ५७ तक उपार्जित आय सम्बन्धी छूट दी जाती थी। यह छूट केवल आयकर पर मिलती थी अधिकर पर नही। सन् १९५७-५८ के कर देय वर्ष मे छूट केवल वेतन पर दी गई। इसके पश्चात् छूट देन की विधि में परिवर्तन कर दिया गया। पहिले कर सभी प्रकार की आय पर एक ही दर से लिया जाता था बाद म उपार्जित आय की छूट घटा दी जाती थी। अब सर चार्ज की दर उपार्जित आय क लिए कम तथा अनुपार्जित आय के लिए अधिक है। इस प्रकार छूट आय कर तथा अधिकर दोनो के लिए ही प्राप्त है।

छूट की दर

आय कर पर छूट—वतमान समय मे आय कर की दो दरें हैं। एक तो बेसिक रेट जिसका निर्णय प्रति वर्ष फाइनेंस एक्ट द्वारा होता है, और दूसरा सर चाज (Sur charge) जो बसिक दर से निकाली हुई रकम पर प्रतिशत के रूप मे लगता है। उपार्जित आय पर छूट इस सर चाज द्वारा दी जाती है। सर चाज की दर उपार्जित आय पर १ लाख रुपये तक बसिक आयकर का ५% है उसके आग १५% है। अनुपार्जित आय पर शुरू से ही १५% है। इस प्रकार उपार्जित आय पर १० प्रतिशत सर चार्ज की छूट मिल जाती है।

सुपर टैक्स पर छूट—आय कर के समान ही सुपर टैक्स पर भी एक तो बसिक दर लगती है और दूसरा सर चार्ज। उपार्जित आय पर दर १ लाख रुपये तक दर ५% तथा आग १५% है। अनुपार्जित आय पर दर आरम्भ स ही १५% है।

उपार्जित आय का अधिकार किसे है ?

उपार्जित आय का अधिकार व्यक्तियो, सयुक्त हिन्दू परिवारो, विना रजिस्ट्री शुदा फर्मों तथा व्यक्तियो की सस्थाओ को प्राप्त है। कम्पनियो, स्थानीय सस्थाओ, तथा रजिस्ट्री शुदा फर्मो को यह अधिकार प्राप्त नही है। रजिस्टर्ड फर्म म कर साझीदारो को देना पडता है तथा वे ही उपार्जित आय की छूट के अधिकारी भी होते हैं। साझीदारो को उपार्जित आय की छूट का अधिकार तभी होता है जब वे व्यापार के काम मे सक्रिय भाग लेते हो। यदि किसी व्यक्ति की पत्नी तथा नाबालिग पुत्र किसी फर्म मे साझेदार हो तो केवल उस व्यक्ति के सक्रिय भाग लेने से ही उसकी पत्नी तथा पुत्र को भी उपार्जित आय की छूट मिल जायेगी।

६ आय (Income)

आयकर मुख्यत आय पर लगने वाला कर है अतएव आय की सही-सही और पूर्ण परिभाषा का होना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आय की अनेक परिभाषाएँ समय-समय पर विभिन्न निर्णयो मे दी गई हैं। उनमे से कुछ इस प्रकार हैं।

(१) आय से तात्पर्य सामयिक द्रव्य की प्राप्ति से है जो किसी निश्चित श्रोत से नियमित रूप से अथवा सम्भावित नियमितता से प्राप्त हो। (C I T Vs Shaw Wallace and Co 1932]

नियमितता से तात्पर्य यह नही है कि आय लगातार निश्चित समय बाद अथवा निश्चित मात्रा मे प्राप्त होती रहे। परन्तु साधन ऐसा होना चाहिए जिससे लगातार आय की सम्भावना हो।

(२) जस्टिस पिटनी (Justice Pitney) के मतानुसार आय, पूजी म होने वाली वृद्धि अथवा विनियोग के मूल्य मे होने वाली वृद्धि नही है बल्कि किसी प्राप्ति अथवा लाभ को कहते हैं। यह एक विनिमय शील मूल्य होता है जो किसी भी प्रकार से विनियोग की हुई सम्पत्ति से प्राप्त होता है तथा प्राप्तकर्ता को अपने निजी उपयोग के लिए मिल जाता है। (U S Eisner Vs Macober)

यह सब होते हुए भी आय की सही-सही परिभाषा देना अथवा समस्त प्रकार की आय की सूची बनाना अत्यन्त कठिन है। प्रिवी काउसिल ने स्वय निर्णय दिया है कि वर्तमान समय म आय के इतने अधिक रूप हो गए हैं कि उनकी गणना नही हो सकती। (Kamakhya Narain Singh Vs. C I, T 1943)

जहाँ तक भारतीय आयकर का सम्बन्ध है, पुराने अधिनियम मे आय की कोई परिभाषा नही दी हुई थी। केवल धारा (२–६ C) मे यह दिया हुआ था कि आय मे क्या-क्या सम्मिलित किया जायेगा। नए अधिनियम मे धारा २ (२४) मे भी आय की परिभाषा न देकर केवल यही दिया हुआ है कि इसमे कौन-कौन सी मदे शामिल है। ये मदें निम्नलिखित हैं।

(१) लाभ तथा प्राप्ति (Profits and gains)
(२) लाभांश।
(३) धारा १७ (२), (३) के अन्तर्गत वेतन के स्थान पर मिलने वाला कोई अनुलाभ (Perquisite) अथवा लाभ।

(४) किसी डायरेक्टर, अन्य किसी व्यक्ति को जिसका कि कम्पनी मे पर्याप्त हिस्सा है, अथवा डायरेक्टर के किसी सम्बन्धी को कम्पनी से प्राप्त होने वाली कोई सुविधा अथवा अनुलाभ चाहे उसको द्रव्य के रूप मे बदला जा सकता हो अथवा नही। यदि कम्पनी किसी अन्य व्यक्ति को इन लोगो के बदले ऐसा भुगतान करती है जिसको यदि कम्पनी न देती तो इन्हे देना पडता, तो उसे भी आय मे सम्मिलित किया जायेगा।

(५) व्यापार से प्राप्त होने वाला कोई अन्य लाभ, जिसका जिक्र धारा २८ (ii) तथा (iii), अथवा धारा ४१ या धारा ५९ मे किया गया है।

(६) कोई पूजीगत लाभ जो धारा ४५ के अन्तर्गत आ जाता है।

(७) किसी पारस्परिक (Mutual) बीमा कम्पनी अथवा सहकारी समिति का लाभ जिसे धारा ४४ के अनुसार निकाला गया हो।

७. व्यक्ति (Person)

धारा २ (३१) व्यक्ति मे निम्नलिखित व्यक्ति तथा सस्थाएँ सम्मिलित किए गए हैं।

(१) व्यक्ति।
(२) सयुक्त हिन्दू परिवार।
(३) कम्पनी।
(४) फर्म।
(५) व्यक्तियों का समुदाय।
(६) स्थानीय संस्था।
(७) प्रत्येक कृत्रिम व्यक्ति जिसको ऊपर के वर्गों मे नही रक्खा जा सकता। उदाहरणार्थ, स्कूल, कालेज, सस्थाएँ।

(८) व्यक्ति मे नाबालिग को भी सम्मिलित किया जाता है। [Rex Vs New Market Commissioners]

८ पूंजीगत सम्पत्ति (Capital Asset)

आयकर विधान मे अनेक स्थानो पर पूंजीगत सम्पत्ति का जिक्र आया है। इसलिए नए अधिनियम मे उसकी भी परिभाषा अलग से दी गई है। [धारा २(१४)] उसके अनुसार पूंजीगत सम्पत्ति मे सभी प्रकार की सम्पत्ति (Property) सम्मिलित है, चाह व्यापार से उसका सम्बन्ध हो या न हो। निम्नलिखित सम्पत्तियाँ उसमे सम्मिलित नही हैं।

(१) व्यापारिक स्टाक, स्टोर, कच्चा माल जिससे व्यापार अथवा पेशे के लिए रक्खा गया हो।

(२) व्यक्तिगत पदार्थ तथा चल सम्पत्ति (वस्त्र, जवाहरात, फर्नीचर आदि) जो व्यक्तिगत उपयोग मे आते हैं।

(३) भारत मे कृषि भूमि।

६. कम्पनी

नए विधान मे कम्पनी की पर्याप्त विस्तृत परिभाषा दी गई है तथा उसमें निम्नलिखित को सम्मिलित किया गया है।

(१) कोई भारतीय कम्पनी।

(२) कोई भी समुदाय, (चाहे उसका इनकारपोरेशन हुआ हो या नही, वह भारतीय हो अथवा विदेशी) जिस पर १ अप्रैल १९४७ से तथा बाद मे आयकर विधान १९२२ के अन्तर्गत कम्पनी के रूप मे कर लग चुका है।

निम्नलिखित प्रकार की कम्पनियाँ ऐसी मानी जायेंगी जिनमे जनता का पर्याप्त हित है।

(१) सरकारी कम्पनी अथवा ऐसी कम्पनी जिसमे कम से कम ४० प्रतिशत अश सरकार के पास हों।

(२) जो प्राइवेट कम्पनी नही हो तथा,

(क) कम से कम ५० प्रतिशत मताधिकार वाले अश (निश्चित दर से लाभाश वाले अशो को छोड कर) गत वर्ष मे सरकार, केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार के किसी कारपोरेशन अथवा जनता (डायरेक्टरो अथवा ऐसी कम्पनियो को छोडकर जिन पर ऊपर की शर्त नही लागू होती) के हाथ मे है। तथा

(क) गत वर्ष मे उपरोक्त अंशो की किसी स्वीकृत स्टाक एक्सचेंज मे खरीद बिक्री होती थी तथा

(ग) कम्पनी का ५० प्रतिशत से अधिक मताधिकार तथा नियन्त्रण किसी भी समय ५ या कम लोगा के हाथ म नहीं रहा ।

प्रश्न

1 Write short notes on the following —

(i) Agricultural income [Agra B Com 1948 55 57 60]
[Raj B Com 1950 52, 59]

(ii) Previous year [Agra B Com 1949 51 55 56 59 60]
[Raj B Com 1952, 9]
[Alld B Com 1953]

(iii) Earned Income [Agra B Com 1956]

(iv) Earned Income Relief [Agra B Com 1959]

(v) Taxable Territory [Raj B Com 1951]

३

कर सम्बन्धी दायित्व

[Tax Liability]

आयकर के सम्बन्ध मे सबसे महत्वपूर्ण भाग कर के दायित्व का निर्धारण है। प्रत्येक व्यक्ति को सभी प्रकार की आय पर कर नही देना पडता है। इस सम्बन्ध मे दो बातें विशेष महत्व की है। (१) करदाता का निवास स्थान तथा (२) आय के उपार्जित होने का स्थान।

१. करदाता का निवास स्थान (Residence of Assessee)

आयकर के लिये करदाता के निवास स्थान को निर्धारित करने वाले विशेष नियम होते है। निवास स्थान प्रत्येक वर्ष के लिये अलग-अलग निर्धारित किया जाता है। हो सकता है कि एक व्यक्ति एक वर्ष तो निवासी माना जाय, दूसरे वर्ष विदेशी हो। नए अधिनियम म निवास के सम्बन्ध म कुछ आवश्यक सुधार किए गए हैं। १९२२ के एक्ट के अनुसार निवासी ३ प्रकार के माने गये थे। [१] साधारण निवासी (Resident) [२] असाधारण निवासी (Not ordinarily resident) तथा [३] विदेशी (Non resident) 'ला कमीशन' ने शिफारिस की थी कि नए एक्ट म ३ के स्थान पर कुल दो ही वर्ग रक्खे जाँय निवासी, और विदेशी। परन्तु नतएक्ट कमेटी ने तीनो वर्ग कायम रक्खे, यद्यपि उनकी शर्तो में कुछ परिवर्तन कर दिया है।

निवास की शर्तें व्यक्ति, सयुक्त हिन्दू परिवार, व्यापारिक फर्म अथवा सस्था तथा कम्पनी के लिये अलग-अलग हैं।

व्यक्ति

किसी व्यक्ति के लिए निवास की शर्ते इस प्रकार है।

असाधारण निवासी	साधारण निवासी	विदेशी
निम्नलिखित मे किसी एक शर्त को पूरा करने पर— [१] गत वर्ष मे १८२ दिन या अधिक भारत मे रहा हो। [२] गत वर्ष मे भारत मे १८२ दिन या अधिक के लिये निवास स्थान रखा हो तथा स्वय कम से कम ३० दिन रहा हो। [३] गत वर्ष के पहले के चार वर्षो मे कम से कम ३६५ दिन भारत मे रहा हो तथा गत वर्ष मे कम से कम ६० दिन रहा हो। [४] वह गत वर्ष भारत मे आया हो तथा इनकम टैक्स आफिसर को विश्वास हो कि वह कम से कम ३ वर्ष तक भारत मे ठहरने के इराद से आया है।	असाधारण निवासी के लिये दी हुई शर्तो मे से किसी एक को पूरा करता हो तथा निम्नलिखित मे दोनो शर्तो को पूरा करता हो। [१] गत वर्ष के पहले के १० वर्षो मे कम से कम ६ वर्ष भारत मे निवासी (साधारण अथवा असाधारण) रहा हो। [२] गत वर्ष के पहले के ७ वर्षो मे कम से कम २ वर्ष भारत मे निवास किया हो।	कोई भी व्यक्ति जो साधारण या असाधारण निवासी की कोटि मे नही आता विदेशी कहलायगा।

१९२२ के एक्ट से तुलना

असाधारण निवासी के लिए दी गई शर्तो मे निम्नलिखित परिवर्तन किए गए है।

१९२२ का एक्ट	१९६१ का एक्ट
१ गत वर्ष १८२ दिन या अधिक समय के लिए भारत मे निवास स्थान की व्यवस्था तथा कम से कम १ दिन के लिए भारत मे निवास।	१ गत वर्ष १८२ दिन या अधिक के लिए भारत मे निवास स्थान की व्यवस्था तथा कम से कम ३० दिन के लिये भारत मे निवास।
२ गत वर्ष से पहले के चार वर्षों म ३६५ दिन तक भारत मे निवास तथा गत वर्ष कम से कम १ दिन का निवास। यह निवास आकस्मिक न हो।	२ गत वर्ष से पहले के चार वर्षों मे ३६५ दिन तक भारत मे निवास तथा गत वर्ष कम से कम ६० दिन तक भारत मे निवास। 'आकस्मिक निवास' की शर्त हटा दी गई है।

निवास तथा निवास स्थान के सम्बन्ध म निम्नलिखित बाते ध्यान देने योग्य है।

(१) जहाँ एक स अधिक दिनो तक निवास की शर्त है, वहाँ यह आवश्यक नही है कि निवास लगातार हो अथवा एक ही स्थान पर निवास हो।

(२) निवास स्थान के लिए यह आवश्यक नही है कि वह उसका निजी मकान हो। यदि निजी मकान भी पूर्णतया किराये पर उठा है तो 'निवास स्थान रखना नही माना जावेगा। इसके विपरीत यदि किराये का मकान भी खाली रक्खा जाता है तो उसे निवास स्थान रखना' मान लिया जावेगा।

सयुक्त हिन्दू परिवार

सयुक्त हिन्दू परिवार मे निवास की स्थिति कर्ता के निवास की स्थिति तथा परिवार के प्रबन्ध और सचालन के आधार पर रहती है। इसकी शर्ते इस प्रकार है।

असाधारण निवासी	साधारण निवासी	विदेशी
१ गत वर्ष मे प्रबन्ध तथा नियत्रण का कोई भाग भारत से सचालित हुआ हो। २. प्रबन्धक अथवा कर्ता असाधारण निवासी है।	१ यदि प्रबन्धक अथवा कर्ता व्यक्ति के लिए वर्णित शर्तो के अनुसार साधारण निवासी है।	१ यदि प्रबन्ध तथा सचालन पूर्णतया बाहर से हुआ है।

नियंत्रण तथा सचालन से तात्पर्य यह है कि कर्ता उस स्थान से परिवार की व्यवस्था करता है। यदि किसी सयुक्त हिन्दू परिवार व्यापार की कई शाखाएँ हो जो देश के बाहर भी हो तो उसका प्रबन्ध तथा स चालन पूर्णरूप से भारत मे नही हो सकता। यदि समस्त परिवार भारत मे हो तथा किसी वर्ष कर्ता लगातार साल भर देश से बाहर रहे तो भी उसका सचालन बाहर से नही माना जायेगा क्योकि परिवार का सचालन, कर्ता के अलावा ऐसी अवस्था मे अन्य लोग करने लगते है।

फर्म तथा व्यक्तियो के सघ

फर्म तथा व्यक्तियो के सघो मे दो ही वर्ग होते है (१) साधारण निवासी तथा (२) विदेशी। इसका निवास व्यापार के सचालन तथा प्रबन्ध के आधार पर माना जाता है।

असाधारण निवासी	साधारण निवासी	विदेशी
यह वर्ग नही होता। फर्म या तो साधारण निवासी होगी या विदेशी।	१ गत वर्ष मे प्रबन्ध तथा नियत्रण का कोई भाग भारत से हुआ हो।	१ गत वर्ष मे प्रबन्ध तथा सचालन पूर्णतया बाहर से हुआ है।

कम्पनी

कम्पनियो का निवास उनके रजिस्ट्रेशन के स्थान तथा प्रबन्ध और सचालन के आधार पर होता है। कम्पनियाँ भी या तो साधारण निवासी होती है अथवा विदेशी।

असाधारण निवासी	साधारण निवासी	विदेशी
यह वर्ग नही होता। कपनी या तो साधारण निवासी होगी या विदेशी।	१ कम्पनी एक भारतीय कम्पनी है। अथवा २ गत वर्ष मे उसका प्रबन्ध तथा सचालन पूर्णतया भारत से हुआ है।	१ वह विदेशी कम्पनी है। तथा २ प्रबन्ध तथा सचालन का कोई भी भाग भारत के बाहर से हुआ है।

(१) भारतीय कम्पनी से तात्पर्य यह है कि कम्पनी की रजिस्ट्री भारतीय कपनी अधिनियम के अन्तर्गत अथवा अन्य किसी भारतीय अधिनियम के अन्तर्गत भारत मे हुई है।

(२) प्रबन्ध तथा संचालन से तात्पर्य यह है कि डायरेक्टर लोग भारत मे सभा करते है तथा व्यापार सम्बन्धी नीति निर्धारित करते है।

यदि किसी व्यक्ति को कई साधनो मे आय प्राप्त होती है तथा गत वर्ष मे किसी एक साधन से प्राप्त आय के अनुसार वह निवासी समझा जाय तो उस वर्ष सभी साधनो से प्राप्त आय पर निवासी के समान ही कर लगेगा। यह धारा पुराने अधिनियम मे नही थी। [६ (५)]

व्यक्ति के निवास स्थान का पता लगाने के लिए निम्नलिखित क्रम से चलना चाहिए।

(१) सब से पहिले मालूम करो कि गत वर्ष मे उसका निवास कितने दिन हुआ। यदि निवास १८२ दिन या अधिक है तो वह असाधारण निवासी हो जावेगा।

(२) यदि निवास १८२ दिन से कम है परन्तु ३० दिन से ऊपर है तो मालूम करो कि उसने गत वर्ष १८२ दिन से ऊपर निवास स्थान तो नही रक्खा।

(३) यदि ऊपर दी हुई दोनो शर्तें न लागू हो तथा निवास काल ६० दिन से ऊपर हो तो मालूम करो कि गत वर्ष से पहले के चार वर्षो मे ३६५ दिन तक उसका निवास तो नही रहा है।

(४) यदि वह इस शर्त के अन्दर भी नही आता तो उसे विदेशी समझना चाहिए।

(५) यदि ऊपर दी हुई किसी शर्त के अन्दर आ जाता है तो निम्नलिखित बातों का और पता लगाओ।

(क) पिछले १० साल मे वह कितने वर्ष निवासी रहा।

(ख) पिछले ७ साल मे उसका निवास काल कितना रहा।

यदि वह १० साल मे ९ साल निवासी अथवा असाधारण निवासी रहा है तथा ७ साल में २ साल भारत मे उपस्थित रहा है तो वह साधारण निवासी माना जावेगा वरना असाधारण निवासी रहेगा।

करदेय आय (Taxable Income)

निवास स्थान के अनुसार विभिन्न वर्गों की कर देय आय निम्नलिखित प्रकार से निर्धारित की जायेगी । [५]

साधारण निवासी के लिए

(१) वह आय जो भारत मे प्राप्त की गई हो अथवा जिसे भारत मे प्राप्त समझा जाय, वह चाहे कही भी उपार्जित की गई हो ।

(२) वह आय जो भारत मे उपार्जित की गई हो अथवा जिसे भारत मे उपार्जित समझा जाय, वह चाहे जहाँ प्राप्त की गई हो ।

(३) भारत के बाहर उपार्जित आय जो बाहर ही प्राप्त की गई हो, उसका संचालन तथा नियन्त्रण चाहे जहाँ से हुआ हो । इस प्रकार साधारण निवासियो की समस्त आय वह चाहे जहाँ पर अर्जित हो, करदेय होती है । सन् १९५९ तक ऐसी आय जो भारत के बाहर उपार्जित हो तथा बाहर ही रक्खी जाय ४५०० रु० तक आय कर से मुक्त रहती थी । १९५९ से यह सुविधा समाप्त कर दी गई । अतएव अब देश के अन्दर अथवा विदेशो मे प्राप्त कोई भी आय ऐसी नही है, जिस पर कर न लगता हो ।

असाधारण निवासी के लिए

(१) भारत मे प्राप्त आय ।

(२) भारत मे उपार्जित आय ।

(३) विदेश मे उपार्जित आय, जो बाहर ही प्राप्त की जाय । यदि उसका सचालन तथा नियन्त्रण भारत से हुआ हो ।

विदेशी के लिए

(१) भारत मे प्राप्त आय ।

(२) भारत मे उपार्जित आय ।

प्राप्त आय

(१) आय के प्राप्त होने से तात्पर्य द्रव्य अथवा वस्तु के मिलने मे है । यदि कोई नियोक्ता कर्मचारी के बदले उसके कर्ज का भुगतान कर देता है अथवा स्वय अपने कर्ज को कम कर देता है तो उसे प्राप्त आय ही माना जायेगा ।

(२) यह कोई आवश्यक नही कि करदाता ने स्वय ही आय प्राप्त की हो। यदि किसी अन्य व्यक्ति ने उसके बदले प्राप्त किया है तो भी उसे प्राप्त माना जावेगा। उदाहरणार्थ यदि बाहर काम करने वाले किसी कर्मचारी का वेतन उसकी पत्नी को भारत मे मिल जाता है तो वेतन भारत मे प्राप्त माना जावेगा।

आयकर विधान की धारा ७ मे इसका उल्लेख है। उसके अनुसार निम्नलिखित दो प्रकार की आय यद्यपि प्राप्त नही होती, फिर भी प्राप्त मान ली जाती हैं।

(१) मान्यता प्राप्त प्राविडेन्ट फण्ड मे नियोक्ता द्वारा दी हुई रकम जो कर्मचारी के वेतन के १० प्रतिशत से अधिक हो। तथा प्राविडेन्ट फण्ड के विनियोग पर प्राप्त वह रकम जो वेतन के एक तिहाई से अधिक हो अथवा जिस पर ब्याज दर ६% से अधिक हो। इस प्रकार की आय यद्यपि कर्मचारी को प्राप्त नही होती, फिर भी उसकी कुल आय मे जोड दी जाती है।

(२) यदि अमान्य प्राविडेन्ट फण्ड को बाद मे मान्यता प्राप्त हो जाय तो पुराने प्राविडेन्ट फण्ड की जमा रकम, नये फण्ड मे भेजी जाती है। ऐसी दशा मे इनकमटैक्स आफिसर यह हिसाब लगाता है कि यदि फण्ड शुरू से ही मान्य होता तो कितनी रकम पर आय कर लगता। यह सब रकम यद्यपि उसको प्राप्त नही होती फिर भी प्राप्त मान ली जाती है।

यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाय तो जहाँ के लिये चेक पोस्ट की जाय वही उसका प्राप्ति स्थान माना जायेगा। इस प्रकार यदि इगलैंड का एक व्यापारी भारत के किसी व्यक्ति के पास चेक भेजता है तो उसका प्राप्ति स्थान भारत माना जायेगा। [C I T. Vs Ogale Glass Works–1954]

अर्जित आय

अर्जित आय के सम्बन्ध मे दो बातें ध्यान देने योग्य है अर्जन का स्थान तथा अर्जन का समय। ऐसा सम्भव है कि आय एक स्थान पर अर्जित हो, परन्तु दूसरे स्थान पर प्राप्त हो एसी अवस्था मे वह कहाँ अर्जित मानी जायगी ? इसकी सबसे बड़ी पहिचान यह है कि जिस स्थान पर सेवाएं अर्पित की जाँय अथवा जहाँ पर काम किया जाय वही अर्जन का स्थान माना जाता है। उदाहरणार्थ,

(१) 'क' ने मूगफली खरीदकर रायचूर में अपने मिल मे उसका तेल निकाला। बाद म कुछ तेल ब्रिटिश भारत मे बेचा। ऐसी दशा मे लाभ के अर्जन का स्थान आंशिक रूप से रायचूर माना गया। [C I T Vs Ahmad Bhai Umar Bhai, 1950]

(२) अर्जन के समय के बारे मे नियम यह है कि कुछ विशेष परिस्थितियो मे आय अर्जित मान ली जायेगी चाहे वह प्राप्त न हुई हो अथवा उसका निर्धारण भी न हुआ हो। उदाहरणार्थ, एक मैनेजिंग एजेन्सी का कमीशन अर्जित मान लिया जायगा जब प्रबन्धित कम्पनी का लखा वर्ष (accounting year) समाप्त हो जाय चाहे कम्पनी के खाते उस समय तक न बने हो और कमीशन का निर्धारण भी सम्भव न हो। [E D Sasoon & Co Ltd Vs C. I T]

अर्जित आय के स्थान के सम्बन्ध म आयकर विधान की धारा ६ मे इस प्रकार उल्लेख है। उसके अनुसार निम्नलिखित प्रकार की आय भारत मे अर्जित मानी जायेगी।

(१) जो आय भारत मे व्यापारिक सम्बन्ध द्वारा प्राप्त हुई है।

(२) जो आय भारत मे स्थित अचल सम्पत्ति से प्राप्त हुई है।

(३) जा भारत म स्थित किसी अन्य सम्पत्ति (asset) अथवा आय के श्रोत से प्राप्त हुई हो।

(४) उधार दी हुई रकम पर ब्याज, जो भारत से नकद अथवा वस्तु के रूप मे लाया जाय।

(५) भारत म स्थित किसी पू जी गत सम्पत्ति (capital asset) के हस्तान्तरण द्वारा प्राप्त रकम।

(६) यदि किसी व्यापार की समस्त क्रियाएँ भारत स नही की जाती तो अर्जित लाभ का उतना ही अश भारत मे अर्जित माना जायेगा जितना कि भारत मे की गई क्रियाओ के फलस्वरूप प्राप्त होता है।

(७) यदि कोई विदेशी निर्यात करने के लिये भारत स माल खरीदता है तो उसकी आय भारत म अर्जित नही मानी जायेगी। परन्तु शर्त यह है कि भारत मे उसका कोई दफ्तर या एजन्सी न हो तथा माल खरीद कर उस पर कोई निर्माण सम्बन्धी काम न किया गया हो।

(८) भारत सरकार यदि भारत के किसी नागरिक को भारत के बाहर सेवा करने के लिये वेतन देती है तो वह वेतन भारत मे अर्जित माना जायेगा।

(९) यदि कोई भारतीय कम्पनी भारत के बाहर लाभाश बाटती है, तो लाभाश की रकम भारत मे अर्जित मानी जायगी।

भारत मे लायी हुई विदेशी आय

सन् १९३९ के पहले 'निवासियो' की भी विदेशी आय पर कोई कर नही

पडता था जब तक वह भारत मे न लायी जाय। इसके बाद निवासियो की विदेशी आय पर भी कर लगने लगा चाहे वह भारत मे लाई जाय या न लाई जाय। परन्तु १ अप्रैल सन् १६/६ तक ४५०० रु० की छूट रही। इसके बाद यह छूट भी समाप्त हो गई तथा अब समस्त विदेशी आय पर कर देना पडता है चाहे वह भारत मे लायी जाय या न लाई जाय। फिर भी निम्नलिखित प्रकार की विदेशी आय हो सकती है जिस पर टैक्स न पडा हो।

(१) अप्रैल १६३३ तथा अप्रैल १६३६ के बीच मे उपार्जित विदेशी आय।

(२) १६३ से १ अप्रैल १६५६ तक ४५०० रु० छूट की रकम। यदि किसी व्यक्ति की विदेशी आय प्रतिवर्ष ४५०० से अधिक हो और वह भारत मे १६४ से १६५६ तक न लाया हो तो उसके पास ४५००० रु० की आय ऐसी हो जायेगी जिस पर कर नही दिया गया है। इसे भारत मे लाने पर कर देना पडेगा।

(३) १६५६ के पश्चात् 'निवासियो' के पास बिना टैक्स की कोई विदेशी आय नही होगी।

करदेय आय को सक्षिप्त रूप मे इस प्रकार रक्खा जा सकता है।

आय का प्रकार	निवासी, जिनको कर देना पडेगा।
१ भारत मे उपार्जित आय।	साधारण निवासी, असाधारण निवासी, विदेशी।
२ भारत मे प्राप्त आय।	साधारण निवासी, असाधारण निवासी, विदेशी।
३ विदेशी आय जो भारत मे नही लाई गई।	
(क) प्रबन्ध तथा सचालन भारत से।	साधारण निवासी, असाधारण निवासी।
(ख) प्रबन्ध तथा सचालन बाहर से।	साधारण निवासी।
४ बिना टैक्स दी हुई विदेशी आय जो भारत लाई गई।	साधारण निवासी, असाधारण निवासी।

SUMMARY

Residence

Not Ordinarily resident	*Ordinarily Resident*	*Non resident*
	1 Individuals	
1 Stay 182 days or more,	1 A not ordinarily resident through one of four conditions	1 All the remaining persons
or	and	
2 Stay 30 days or more + dwelling 182 days or more	2 Resident for 9 out of 10 yrs	
or	and	
3 Stay 60 days or more in previous year and 365 days or more during 4 yrs prior to it	3 Stay for 2 years or more during past 7 years	
or		
4 Arrival with intention to stay for 3 yrs or more		
	2 H U F	
1 Any part of control and management from India	1 Karta an ordinary resident	2 Control and management wholly from out side
or		
2 Karta a 'not ordinarily resident'		

Not Ordinarily resident	*Ordinarily Resident*	*Non resident*
	3 Forms and Associations	
×	1 Any part of control and management from India	1 Control and management entirely from out of India
	4 Company	
×	1 An Indian Company	1 A foreign Company
	or	and
×	2 Control and management wholly from India	2 Any part of control and management out of India

Tax Incidence

Ordinary Resident	*Not ordinarily resident*	*Non resident*
1 Income accrued in India	1 Income accrued in India	1 Income accrued in India
2 Income received in India	2 Income received in India	2 Income received in India
3 All foreign income	4 Foreign income—if controlled from India	

Illustration 1

1 A German engineer was appointed by an Indian firm on st April 1961 He stayed in India till 31st July 1961, when he went on leave He came back again on Jan 1 1962 What will be his position as regards residence for 1961-62

[He is a resident but not ordinarily resident, because he stayed in India for more than 182 days]

2 A technician who worked with an Indian firm for two years went on leave to his home country on May 1, 1961, leaving his family in India He did not come back till June 1962 What will be his position as resident during 1961 62

[He is a resident but not ordinarily resident as he main ta ned a dwelling house for more than 182 days and was in India for more than 30 days during 1961 62]

3 Mr X of England has some business connections in India and for that purpose he maintains a dwelling house During 1960 61 he was in India personally for 10 days During 1961 62 also he was here for same number of days What will be his position as a resident for previous year 1960 61 and 1961 62

[He is resident but not ordinarily resident for 1960 61, He is non resident for 1961 62 because according to provisions of new act stay for 30 days or more is required]

4 An Afghan trader comes to India every winter for 4 months and then goes back to his native country without keeping any establishment here What will be his position as resident for the first four years

First year — Non resident
Second year — Non resident
Third year — Non resident
Fourth year — Resident but not ordinarily resident, because he stayed in India for 1 year during past four years and was here for more than 60 days during the previous year

5 Mr B, a British National worked with an Indian Mill for 15 years Then he goes home on leave on 31st March 1959 On 1st Jan 1962 he comes back to India What will be his residence during 1961-62

[For the year 1961 62 he is resident but not ordinarily resident because he stayed for more than a year in the past four years and was in India for more than 60 days during 1961-62]

He can not be a resident and ordinarily resident because he was not resident during 19 9-60 and 1960 61 Thus during the previous ten years he was resident only for 8 years

6 Mr A, formarly an Indian citizen has now settled in London He has some landed property in India which is let out He came to India during 1961 62 for about a month to realise the rent

[He is not a resident Although he was here for 30 days he did not maintain a dwelling place His own property can not be rega ded as a dwelling place because it is let out]

Illustration 2

1 Y is a member of Hindu undivided family that has some business and landed property in Pakistan During 1961-62 he sent members of his family to India while he himself stayed at Pakistan and sent part of income to India What is the position of the family regarding residence during 1961-62

[The family is non-resident Although the family lives in India the property is managed from Pakistan and Karta is also a resident of Pakistan]

2 Mr Jones of England and Ramdas of India are partners in a firm Ramdas exports goods to Jones in England who arranges for sale there What is the po ition of the firm as resident

[The firm is resident in India because a part of business is carried on from India]

3 A company incorporated in U S A carries on the business of mica export from India The head office of the company is Newyork and business in India is looked after by a manager

[The company is a non resident because it is not an Indian company and also because its affairs are directed from New york]

4 X company Ltd was registerd in India in 1960 It has coal mines in South Africa During 1961 62 all its directors were in South Africa and all the meetings of the directors were held there What is the residence of the company

[The company is resident because it is registered in India]

Illustration 3

The following are the details regarding the income of Mr A for the year 1961 62

1 Income accured from his business in India Rs 10 000

2 Income accrued from his property in England but received in India Rs 4600

3 Income from his business in Denmark which was managed from India Rs 6000 It was not brought to India

4 Income from his business in Japan which was managed from Japan Rs 8000 The income was not brought to India

What will be his taxable income if he is a resident, a 'not ordinarily resident' or a non resident

Solution

1 When he is resident—

	Rs
(1) Income accrued in India	10 000
(2) Income received in India (accrued in England)	4,600
(3) Foreign Income accruing outside India	
(a) Income from Denmark Rs 6000 (b) Income from Japan Rs 8000	14,000
	28,600

2. When he is 'not ordinarily resident,—

	Rs.
(1) Income accrued in India.	10,000
(2) Income received in India.	4,600
(3) Foreign income received from business controlled from India.	6,000
	20,600

Foreign income that is controlled from out side India, is not taxable in the hands of an assessee who is 'not ordinarily resident'.

3 When he is non-resident—

	Rs
(1) Income accrued in India	10,000
(2) Income received in India	4,600
	14,600

प्रश्न

1. What are the different categories into which the assessees are divided with regard to residence. Give a brief account of each of them.

   Agra B Com 1956, Alld B. Com. 1955.

2 The residence of an assessee is determined according to the provisions of Section 4-A and 4-B of Income Tax Act. Discuss the provision as briefly and clearly as possible (Residence in the New Act is determined according to Section 6).

   Agra B Com. 1953.

3. How is residence of Assessee determind for Income Tax purposes Explain the incidence of residence on tax liability

   Raj B. Com. 1955.

4. Explain how you would decide the question of residence of an assessee for income tax purposes Give illustrations.

   Alld. B Com. 1954,59.

5 Write short notes on

   (i) Non-resident

   Agra B. Com. 1942, 47, 50, 57
   Raj B Com. 1953

   (ii) Resident

   Agra B. Com. 1945, 46, 51
   Raj B Com. 1951

   (iii) Ordinary resident

   Agra B. Com 1945, 46, 51
   Raj B. Com. 1951.

४

कर मुक्त आय

[Exempted Income]

कर मुक्त आय का आयकर के दृष्टि कोण से बहुत अधिक महत्व है, क्योंकि इसके द्वारा ही कर की मात्रा निर्धारित होती है। नये अधिनियम मे इस प्रकार की उन्मुक्तियां विभिन्न स्थलो पर दी गई है। एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विभेद इस सम्बन्ध मे कर मुक्त आय (Exempted Income) तथा छूट (Rebate) के सम्बन्ध मे किया गया है। उदाहरण के लिए दान, प्राविडेन्ट फण्ड मे कर्मचारी का अश दान, बीमे का प्रीमियम पहले कर मुक्त आय के अन्तर्गत आता था परन्तु सैद्धान्तिक रूप से यह गलत था क्योंकि बीमे का प्रीमियम आय न होकर व्यय है। अतएव ऐसी समस्त मदो को कर मुक्त आय के अन्तर्गत न रख कर छूट के अन्तर्गत रक्खा गया है। जहाँ तक कर निर्धारण तथा बहीखातो का सवाल है इस विभेद से उसमे कोई अन्तर नही पडता। उदाहरणार्थ ऐसी आय जो आय कर से मुक्त है परन्तु कुल आय मे जोडी जाती है तथा ऐसा व्यय जिस पर आय कर की छूट है व्यवहारिक दृष्टिकोण से समान है। कर मुक्त आय के निम्नलिखित विभेद किये गये हैं।

(१) वह आय जो पूर्णतया कर मुक्त है। अर्थात् जिस पर आयकर, अधिकर नही लगता और न कुल आय मे जोडी जाती है।

(२) वह आय जो आयकर तथा अधिकर से मुक्त है परन्तु कुल आय मे जोडी जाती है। ऐसी आय पहले तो कुल आय मे सम्मिलित कर ली जाती है, बाद मे औसत दर से उस पर छूट दी जाती है।

(३) वह आय जो केवल आयकर से मुक्त है, अधिकर से नही तथा कुल आय मे जोडी जाती है। इस पर भी छूट ऊपर भाग दो के समान ही मिलती है।

(४) वह आय जो केवल अधिकर से मुक्त है (आयकर से नही) तथा कुल आय मे जोडी जाती है।

छूट (Rebate) के सम्बन्ध मे भी तीन विभाग किये जा सकते हैं।

(१) वह रकम जिस पर आयकर तथा अधिकर दोनो की छूट है। इसका कर निर्धारण ऊपर भाग दो मे वर्णित विधि के अनुसार होता है।

(६) वह रकम जिस पर आयकर की ही छूट है, अधिकर की नही। इनका कर निर्धारण ऊपर भाग तीन म वर्णित विधि के अनुसार होगा।

(७) वह रकम जिस पर केवल अधिकर की छूट है है। इसमे कर निर्धारण ऊपर भाग चार मे वर्णित विधि के अनुसार होगा।

१. आय जो पूर्णतया कर मुक्त है

निम्नलिखित प्रकार की आय पूर्णतया कर मुक्त है। उस पर न तो आयकर पडता है, न अधिकर तथा वह कुल आय मे जोडी भी नही जाती।

१ कृषि आय [१० (१)]

अध्याय २ मे वर्णित कृषि आयकर से पूर्णतया कर मुक्त रहती है।

२ सयुक्त हिन्दू परिवार की आय का हिस्सा [१० (२)].

यदि कोई व्यक्ति सयुक्त हिन्दू परिवार का सदस्य है और उसे परिवार की आय से कोई रकम प्राप्त होती है, अथवा परिवार की कोई सयुक्त सम्पत्ति है उससे प्राप्त होती है तो ऐसी आय पूर्णतया कर मुक्त रहेगी।

३ आकस्मिक आय [१० (३)]

आयकर विधान मे आकस्मिक आय की कोई परिभाषा नहीं दी है, परन्तु परम्परा के आधार पर ऐसा माना जा सकता है कि जिस आय का कोई निश्चित स्रोत न हो तथा जो नमिक रूप से न प्राप्य होती हो उसे आकस्मिक आय माना जावेगा। आकस्मिक आय के निम्नलिखित उदाहरण दिए जा सकते हैं।

(१) दान मे प्राप्त रकम। परन्तु यदि दान नियमित रूप से मिलता है तो उसे आकस्मिक आय नही माना जा सकता।

(२) पडा हुआ धन।

(३) लाटरी, घुड दौड इत्यादि में प्राप्त धन

(४) किसी प्रकार का इनाम, बख्शीश इत्यादि। परन्तु यदि इनाम अपने नियोक्ता से कर्मचारी को मिलता है तो उसे आकस्मिक आय नही माना जा सकता।

आयकर विधान मे निम्नलिखित प्रकार की आय को स्पष्ट रूप से आकस्मिक नही माना गया है।

(१) पूजी गत लाभ जो धारा ४५ के अन्तर्गत आते है। अर्थात् किसी सम्पत्ति को बेचने से मिलने वाला लाभ। [१० (३-i)]

(२) किसी व्यापार, व्यवसाय अथवा पेशे स मिलने वाली आय। उदाहणार्थ अध्यापक को निरीक्षक का काम करने अथवा उत्तर पुस्तकें जाँचने मे मिली हुई आय, अथवा खाली समय में किसी मुनीम द्वार दलाली करने म प्राप्त आय। [१० (३-ii)]

(३) किसी कर्मचारी की वेतन वृद्धि। [१० (३-iii)] उदाहरणार्थ किसी कर्मचारी को मिलने वाला बोनस, ग्रेच्युटी, वेतन वृद्धि। आकस्मिक रूप स मिलने पर भी इसे आकस्मिक आय नही माना जा सक्ता क्योकि आयका स्रोत निश्चित है।

४ विदेशियो की आय

विदेशी नागरिको को मिलने वाली निम्नलिखित प्रकार की आय करमुक्त होती है।

(१) कुछ विशेष प्रकार की प्रतिभूतियो पर ब्याज—यदि कोई ऋण पत्र विश्वबैंक अथवा डेवलपमेंट लोन फण्ड (Development Loan Fund) के समझौते के अन्तर्गत निकाले गये है तथा उन्हें किसी विदेशी ने खरीदा है तो उसे आयकर नही देना पडेगा। इस प्रकार के ऋण पत्रो को निकालने का अधिकार केन्द्रीय सरकार, अथवा उसकी गारन्टी पर किसी औद्योगिक सस्थान अथवा वित्तीय कारपोरेशन को है। [१० (४)]

(२) वापसी का किराया—यदि कोई विदेशी जो भारत मे काम करता है घर वापस जा रहा हो और उसका नियोक्ता उसे वापस जाने का भाडा दे तो यह उसकी आय मे नही जोडा जावेगा यह सुविधा स्वय उसके, पत्नी तथा सतान के लिये दिये गये भाड़े पर ही प्राप्त है। [१० (६-i)]

इसी प्रकार की सुविधा भारतीय नागरिको को जो विदेश मे काम करते हैं, घर वापस आते समय भाडा मिलने पर प्राप्त होती है ।

(३) राजदूत इत्यादि का वेतन—भारत मे स्थित विदेशी राजदूतों, उनके सलाहकारो, ट्रेड कमिश्नरो, तथा अन्य समकक्ष अधिकारियो का वेतन कर मुक्त है [१० (६-ii, iii, iv)]

(४) विदेशी राजदूतावासो के कर्मचारियों का वेतन—ऊपर बतलाये हुये अधिकारियो के दफ्तरो मे काम करने वाले कर्मचारियो का वेतन भी कर मुक्त होता है इसमे शर्त यह है कि,

(i) कर्मचारी उसी देश का हो ।

(ii) भारत मे अन्य किसी रोजगार या धधे मे न लगा हो ।

(iii) विदेशी सरकार अपने यहाँ के भारतीय कर्मचारियो को इसी प्रकार की सुविधा देती हो । [१० (६-v)]

(५) किसी विदेशी सस्था के विदेशी कर्मचारी को मिलने वाला वेतन—इसके लिए आवश्यक है कि—

(i) वह विदेशी सस्था भारत मे कोई रोजगार न करती हो ।

(ii) गत वर्ष मे वह कर्मचारी भारत मे ९० दिन से अधिक नही रहा हो ।

(iii) इस वतन की रकम नियोक्ता की कुल रकम से, यदि उस पर आय कर पडता है, नही घटाई गयी है । [१० (६-vi)]

(६) विदेशी टेकनीशियन को मिलने वाला वेतन—इसके लिये शर्त यह है कि वह जिस वित्तीय वर्ष मे आया हो उसके पहले के चार वित्तीय वर्षों मे कभी भी भारत का नागरिक न रहा हो । १० (६-vii)]

(७) किसी विदेशी जहाज के कर्मचारी का वेतन—इसकी शर्त यह है कि वह कर्मचारी विदेशी हो तथा गत वर्ष भारत मे ९० दिन से अधिक न रहा हो ।

५ प्राविडेन्ट फण्ड, पेंशन इत्यादि की आय

(१) किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अथवा रिटायर होने पर मिलने वाली ग्रेच्युटी (Death cun-retirement gratuity) जो भारत सरकार के नवीन

पेंशन नियमों के अन्तर्गत दी जाती है। किसी राज्य सरकार अथवा स्थानीय संस्था या कारपोरेशन द्वारा दी गई इस प्रकार की ग्रेच्युटी कर मुक्त होती है। [१० (१०)]

(२) ऐसे प्राविडेन्ट फण्ड से मिलने वाली रकम जिस पर प्राविडेन्ट फण्ड एक्ट १९२५ लागू होता हो। [१० (११)]

(३) किसी स्वीकृत प्राविडेन्ट फण्ड मे जमा रकम। [१० (१२)]

(४) किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर सुपर एन्युएशन फण्ड (Super annuation Fund) से मिलने वाली रकम। यदि वार्षिक वृत्ति (Annuity) के एवज म इस प्रकार की रकम प्राप्त हो तो भी वह कर मुक्त होगी। [१०(१३)]

६ सरकारी विनियोगो पर व्याज [१० (१५)]

निम्नलिखित प्रकार के सरकारी विनियोगो से प्राप्त होने वाली आय भी कर मुक्त होती है।

(१) केन्द्रीय सरकार की आज्ञानुसार निकाली हुई १५ वर्षीय (Annuity Certificates) पर मिलने वाली मासिक रकम।

(२) ट्रेजरी सेविंग्स डिपाजिट सर्टिफिकेट, पोस्ट आफिस कैश सर्टिफिकेट, पोस्ट आफिस नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट, नेशनल प्लान सर्टिफिकेट, २० वर्षीय नेशनल प्लान सेविंग्स सर्टिफिकेट, तथा अन्य इसी प्रकार के ऋण।

(३) पोस्ट आफिस सेविंग्स बैंक खाते का व्याज।

(४) सेन्ट्रल बैंक आफ सीलोन द्वारा रक्खी जाने वाली प्रतिभूतियो पर व्याज।

(५) १ अप्रैल सन् १९६० से ५) और १००) वाले इनामी बाण्डो पर इनाम की रकम।

७ भारत के विशिष्ट प्रकार के लोगो को मिलने वाला वेतन, पारिश्रमिक इत्यादि।

भारत के निवासियो म भी कुछ विशिष्ट लोगो को आय पर छूट दी जाती है, इसकी मुख्य मुख्य मद इस प्रकार हैं।

(१) पार्लियामेंट अथवा राज्य के विधान मण्डल के सदस्य अथवा उसकी किसी कमेटी के सदस्य को मिलने वाला दैनिक भत्ता।

(२) केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये वीरतापूर्ण कार्य के लिये पुरस्कार।

(३) देशी रियासतो के पूर्व राजाओ को मिलने वाला प्रिवीपर्स।

(४) अनुसूचित जन जाति (Scheduled Tribe) के किसी व्यक्ति को मिलने वाली आय जो जन-जातियो के अनुसूचित क्षेत्र मे ही उपार्जित हो। प्रतिभूतियों पर मिलने वाले ब्याज प स्थान सम्बन्धी यह शर्त नही लागू होती है। (इस क्षेत्र की सूची सविधान की ६ठी अनुसूची की A और B सारिणियो मे दी है, इसमे मनीपुर तथा त्रिपुरा की रियासते और शामिल है।। [१० (२६)]

८. विशिष्ट सस्थाओ की आय

कछ विशेष प्रकार की सस्थायें ऐसी है जिनकी आय को भी कर मुक्त रक्खा गया है। इसका उद्देश्य जन-हितकारी तथा शिक्षा और अनुसधान सम्बन्धी कामो को बढावा देना है। ये सस्थाये निम्नलिखित हैं।

(१) स्थानीय संस्थायें—स्थानीय सस्थाओ की—'ब्याज' 'मकानो की आय' पूजीगत आय तथा 'अन्य साधनो की आय'—कर मुक्त होती है। उनकी व्यापार की आय भी कर मुक्त होती है, बशर्ते कि व्यापार का क्षेत्र उनके निजी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत हो। [१० (२०)]

(२) वैज्ञानिक अनुसधान सस्थाये—यह आवश्यक है कि यह सस्थायें स्वीकृत हों तथा अपनी आय को पूर्ण रूप से अनुसधान कार्य मे ही व्यय करती हो। [१० (२१)]

(३) विश्वविद्यालय तथा शिक्षा सस्थायें—सस्थाओ का एकमात्र उद्देश्य शिक्षा प्रचार होना चाहिए, लाभ कमाना नही। [१० (४२)]

(४) खेल कूद को प्रोत्साहन देने वाली सस्थायें—शर्त यह है कि सस्था सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अपनी आय पूर्णतया खेलकूद के प्रोत्साहन के लिये लगाती हो, तथा सदस्यो मे किसी प्रकार लाभ का विभाजन न करती हो।

(५) ट्रेडयूनियन—शर्त यह है कि यूनियन ट्रेडयूनियन एक्ट १९२६ के अन्तर्गत रजिस्टर्ड हो, उसकी स्थापना कर्मचारियो तथा नियोक्ताओ के बीच उत्तम सम्बन्ध बनाने के लिए की गई हो। ऐसी सस्थाओ की यदि 'व्यापारिक लाभ' के अन्तर्गत आने वाली कोई आय हो तो उस पर छूट नही मिलेगी। [१० (२४)]

(६) धार्मिक तथा दान सम्बन्धी सस्थायें—ऐसी सस्थाओ की सम्पत्ति से प्राप्त होने वाली कर मुक्त होती है। उनकी शर्तें इस प्रकार है।

(i) सम्पत्ति ट्रस्ट के अधिकार मे होनी चाहिए।

(ii) सम्पत्ति पूर्णतया धार्मिक तथा दान सम्बन्धी कामो के लिये हो।

(iii) उसके कामो का क्षेत्र भारत के अन्दर हो।

(iv) कर मुक्त आय की सीमा १०,००० अथवा सम्पत्ति से मिलने वाली आय के २५% मे से जो भी अधिक हो उसके बराबर होनी चाहिये।

(v) यदि ट्रस्ट का निर्माण इस कानून से पहिले हुआ हो तथा उसकी आय को केवल आशिक रूप से ही दान-धर्म के कामो मे लगाया जाता हो तो जिस सीमा तक ऐसी रकम दान कर्म मे लगाई जायेगी वही कर मुक्त होगी। इसमे भी कर मुक्त आय २५% से अधिक नही हो सकती।

(vi) सम्पत्ति मे व्यापारिक सस्थान भी शामिल है। परन्तु इनकम टैक्स आफिसर को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे व्यापार की वास्तविक आय का पता लगावे। यदि उसकी आय वास्तविक आय से कम दिखाई गई है तो I T O उसे ऐसी आय मान सकता है जिसका उपयोग धर्मार्थ नही किया गया है और उस पर टैक्स लगा सकता है। [१० (१-४)]

(७) चन्दे पर चलने वाले ट्रस्ट या सस्थायें—किसी धर्मार्थ सस्था को जो चन्दे या दान से आय प्राप्त होती है वह कर मुक्त मानी जायेगी बशर्ते उसका उपयोग धर्मार्थ काम के लिए किया गया हो। [१२ (१)]

९. अन्य प्रकार की आय

(१) छात्रवृत्ति, जो शिक्षा के व्यय के लिये उपयोग मे आती है।

(२) यदि भारत के किसी नागरिक को, जो बाहर काम कर रहा हो, घर वापस आने के लिए अपने, पत्नी, तथा पुत्रो के लिए प्राप्त यात्रा व्यय।

२. आय जो आयकर तथा अधिकर से मुक्त है परन्तु कुल आय में जोड़ी जाती है।

१. सहकारी समितियों की आय [८१]

(१) सहकारी समिति द्वारा किये जाने वाले व्यापार से लाभ, यदि समिति निम्नलिखित कामो में से कोई काम करती है।

(i) सदस्यो को साख प्रदान करना।

(ii) कुटीर उद्योग का काम ।

(iii) सदस्यो के कृषि पदार्थों की बिक्री का काम ।

(iv) सदस्यो के लिये कृषि औजार, बीज, पशु तथा अन्य कृषि सामग्री की खरीद करना ।

(v) कृषि पदार्थों की Processing का काम । परन्तु शक्ति का प्रयोग न होता हो ।

(vi) सदस्यो का दूध एकत्र करके सहकारी सघ के हाथ बिकवाना ।

(२) यदि सहकारी समिति उपरोक्त काम नही करती है तो भी १५०००) तक की आय करमुक्त होगी ।

(३) यदि समिति उपर्युक्त कामो के अलावा अन्य काम करती है तो अन्य कामो की आय करमुक्त नही है । परन्तु १५००० तक की छूट यहाँ भी मिलती है ।

(४) यदि समिति किसी अन्य सोसाइटी के अशो मे रुपया लगाती है तो उससे मिलने वाला लाभाश कर मुक्त होगा ।

(५) यदि समिति के पास कोई गोदाम या भण्डारघर है तो उसे किराये पर उठाने से होने वाली आय ।

(६) प्रतिभूतियो से मिलने वाला ब्याज तथा सम्पत्ति से होने वाली आय । इसकी शर्त यह है कि,

(i) समिति की कुल आय २०,००० रु० से अधिक नही है ।

(ii) समिति गृह समिति, शहरी उपभोक्ता समिति, यातायात समिति अथवा शक्ति का उपयोग करके उत्पादन करने वाली समिति नही है ।

(७) ऊपर लिखी हुई कोई भी छूट सहकारी बीमा कम्पनियो को प्राप्त नही होगी ।

२. सहकारी समिति के अंशो पर लाभाश [८२]

यदि किसी व्यक्ति अथवा सस्था के पास किसी सहकारी समिति के अश हैं तो ऊपर मिलने वाला लाभाश कर मुक्त होता है ।

३. विक्रय सस्था की आय [८३]

यदि कानून द्वारा किसी सस्था को वस्तुओ के विपणन का अधिकार दे दिया गया है तो उसकी निम्नलिखित प्रकार की आय कर मुक्त होगी ।

(१) गोदाम या भण्डारघर किराये पर उठाने से होने वाली आय ।
(२) Processing की क्रियाओ से होने वाला लाभ ।
(३) विपणन के कार्य मे सहायता देने के लिये मिलने वाली आय ।

बिना रजिस्ट्री की फर्म मे लाभ का हिस्सा [८६ (३)], [९९ (१)]

यदि करदाता किसी बिना रजिस्ट्री की फर्म का साझीदार है तथा फर्म आय कर और अधिकर दे चुकी है तो साझीदार को उस पर आयकर तथा अधिकर नही देना पडेगा ।

५ अन्य लाभ का हिस्सा, जिस पर कर दिया जा चुका है [८६ (५)] तथा [९९ (२)]

यदि कोई करदाता किसी व्यक्तियो के समुदाय (Associ tion of persons) (सयुक्त परिवार को छोडकर) अथवा कम्पनी या फर्म का सदस्य है तथा समुदाय, कपनी अथवा फर्म आय पर कर दे चुकी है तो करदाता को उसके हिस्से पर कर नही देना पडेगा ।

६ नए स्थापित औद्योगिक सस्थानो तथा होटलो की आय । [८४] तथा [१०१ (१)]

नये औद्योगिक सस्थानो तथा होटलो की आय जो प्रयुक्त पूंजी के ६%से अधिक न हो, आयकर से मुक्त होती है । इसकी अन्य शर्ते इस प्रकार है ।

(क) औद्योगिक सस्था के लिए

(१) वह किसी पुरानी सस्था को विभाजित करके अथवा पुनर्स गठित करके नही बनाई गई है ।

(२) उसका निर्माण किसी पुरानी इमारत, मशीन अथवा कल को स्थानान्तरित करके नही किया गया है ।

(३) वह १ अप्रैल १९४८ से १८ साल के अन्दर भारत के किसी भाग मे वस्तुओ का निर्माण कार्य आरम्भ कर देती है ।

(४) यदि वह शक्ति का प्रयोग करती है तो १० या अधिक लोगो को नौकर रखती है, यदि वह शक्ति का प्रयोग नही करती तो कम से कम २० आदमी नौकर रखती है ।

(ख) होटल के लिए

(१) वह १ अप्रैल १६६१ को अथवा उसके बाद कार्य आरम्भ करता है।

(२) वह किसी पुराने व्यापार को विभाजित करके अथवा पुनर्सगठित करके नही बनाया गया है।

(३) उसका स्वामित्व तथा सचालन भारतीय कम्पनी के हाथ मे है तथा चुकता पूजी ५ लाख से कम नही है।

(४) होटल की इमारत स्वय कपनी की है।

(५) सरकारी निर्देश के अनुसार कमरे तथा ठहरने का प्रबन्ध है।

(६) केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

कर मुक्ति की सुविधा का समय इस प्रकार होगा।

(१) यदि औद्योगिक सस्था एक सहकारी समिति है तो कार्य आरम्भ करने वाले वर्ष *तथा उसके बाद ६ साल तक अर्थात कुल मिलाकर ७ वर्ष तक।*

(२) यदि औद्योगिक सस्था अन्य कोई सस्था है तो कार्यारम्भ करने के साल तथा अगले ४ वर्ष तक अथात् कुल मिला कर ५ वर्ष तक।

(३) होटल के लिए कार्यारम्भ करने वाले वर्ष तथा अगले चार वर्ष तक अर्थात् कुल मिलाकर ५ वर्ष तक।

७ नई औद्योगिक सस्थाओ तथा होटलो का लाभाश [८५], [१०१ (२)]

धारा ८४ के अन्तर्गत जितनी रकम की छूट नई औद्योगिक सस्थाओ तथा होटलो को प्राप्त है, उसे लाभाश के रूप मे बाटने पर अशधारियो को भी उस पर आय कर नही देना पडेगा।

३. आय जो केवल आयकर से मुक्त है, अधिकर से नहीं तथा कुल आय मे जोड़ी जाती है

१. कर मुक्त प्रतिभूतियो पर ब्याज [८६ (१,२)]

केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारो द्वारा निकाली जाने वाली करमुक्त प्रतिभूतियो पर ब्याज आयकर स मुक्त होता है। राज्य सरकार द्वारा निकाली हुई ऐसी प्रतिभूतियो पर आयकर राज्य स्वय दता है।

२ रजिस्टर्ड फर्म क लाभ का हिस्सा [८६ (४)]

यदि करदाता किसी रजिस्टर्ड फर्म का साझीदार है तो निम्नलिखित रकमो का अन्तर करमुक्त रहेगा।

(अ) फर्म की कुल आय मे करदाता का हिस्सा।
(आ) आयकर देने के बाद बची हुई आय मे उसका हिस्सा।

रजिस्टर्ड फर्म एक सीमा तक स्वय कर नही देती। लाभ साझीदारो मे बाट दिया जाता है वे ही कर देते है। परन्तु उस सीमा के बाद फर्म को स्वय भी कर देना पड़ता है। १९६१-६२ तक यह सीमा ४०,००० रु० थी, परन्तु १९६२-६३ से इसे घटाकर २५००० हजार कर दिया गया है। अतएव साझीदार को फर्म से जो लाभ प्राप्त होता है उसके एक अश पर कर दिया जा चुका होता है तथा एक अश पर नही दिया होता है। जिस अश पर कर दिया जा चुका है। वह करमुक्त होती है।

रजिस्टर्ड फर्म के लाभ के हिस्से पर अधिकर की भी छूट है परन्तु उसकी गणना की विधि भिन्न है।

आयकर के लिए तो ऐसी समस्त रकम पर छूट मिलती है जो आयकर के रूप मे दी जा चुकी है परन्तु अधिकर मे छूट केवल ऐसी रकम पर दिए जाने वाले आयकर के सम्बन्ध मे मिलती है जो व्यापार के अलावा अन्य साधनो से प्राप्त हो।

४. आय जो केवल अधिकर से मुक्त है

१ कुछ विशिष्ट प्रकार की कम्पनियो का लाभाश [९९ (४)]

यदि पाँचवी अनुसूची मे वर्णित कम्पनियो द्वारा विभाजित लाभाश किसी कम्पनी को प्राप्त होता है तो उसे (पाने वाली कम्पनी को) उस पर अधिकर नही देना पड़ता। पाँचवी अनुसूची मे कुछ ऐसी वस्तुओ की सूची है जिनका निर्माण करने वाली कम्पनियो के लाभाश पर इस प्रकार की छूट है। १ अप्रैल १९६१ के बाद स्थापित की गई कम्पनियो के लिए छूट की वस्तुओ की सख्या बढा दी गई है तथा वे अनुसूची के 'ब' भाग मे दी गई है।

छूट (Rebate)

नए अधिनियम मे कुछ विशिष्ट प्रकार के खर्चों पर आयकर तथा अधिकर की छूट दी गई है। पहले उन्हे कर मुक्त आय मे सम्मिलित किया जाता था, परन्तु सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से उन्हें आय मे सम्मिलित करके करमुक्त आय घोषित करना ठीक नही था क्योंकि वे आय के अन्तर्गत न आते थे।

जिन मदो पर इस प्रकार की छूट दी जाती है उन्हे पहले कुल आय मे सम्मिलित कर लिया जाता है, बाद मे औसत दर से छूट दी जाती है। छूट को भी निम्नलिखित भागो मे बाँटा जा सकता है।

५ ऐसी मदें जिन पर आयकर तथा अधिकर दोनों की ही छूट है।

१ दान (**Donatations for charitable purpose**) [८८]

लोक हितकारी सस्थाओ को दिए जाने वाले दान पर **औसत** दर से आयकर तथा अधिकर दोनो की ही छूट मिलती है। इस सम्बन्ध मे मुख्य-मुख्य नियम इस प्रकार हैं।

(१) दान निम्नलिखित सस्थाओं मे से किसी को दिया गया हो।

(क) लोक हितकारी सस्था अथवा कोष।

(ख) सरकार अथवा स्थानीय सस्थाओ द्वारा निर्मित कोई लोक हितकारी कोष जैसे बाढ पीडितो के सहायतार्थ कोष। छूट १ अप्रैल ९६० के बाद दिये हुये दान पर ही मिलेगी।

(ग) किसी मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च इत्यादि की मरम्मत के लिये दिया हुआ दान यदि उसका ऐतिहासिक, कलात्मक अथवा पुरातत्व सम्बन्धी महत्व है।

(२) लोक हितकारी सस्था निम्नलिखित शर्तों को पूरा करती हो।

(क) सस्था की आय धारा ११,१२ अथवा १० (२२) के अन्तर्गत कर मुक्त हो।

(ख) धन का उपयोग केवल लोक हितकारी कामो मे हो।

(ग) वह सस्था किसी विशेष धर्म समाज या जाति के लिए न हो। अनुसूचित जातियो, स्त्रियो अथवा बच्चो के लिए बनाई गई सस्थाओ पर यह बात लागू नही होती।

(घ) सस्था ठीक ढग से आय व्यय का हिसाब रखती हो।

(३) दान की रकम २५० रु० से कम नही होनी चाहिए।

(४) दान की अधिकतम रकम करदाता की कुल आय का ७½%अथवा १ लाख ५० हजार रुपया (इनमे जो भी कम हो) हो सकती है। कुल आय निकालने मे कर मुक्त आय घटा दी जाती है।

(५) आयकर तथा अधिकर मिलाकर दान की हुई रकम के आधे से अधिक नही होना चाहिये।

(६) कर निर्धारण वर्ष (assessment year) १९६३-६४ से अधिकतम दान की रकम बढ़ाकर कुल आय का १०%अथवा २ लाख ५ हजार रु० (जो भी कम हो) कर दी गई है। [फाइनेंस एक्ट १९६२]

(७) कम्पनी को केवल आयकर की छूट मिलती है अधिकर न अन्य करदाताओं को आयकर तथा अधिकर दोनों की ही छूट मिलती है।

६. ऐसी मदें जिन पर केवल आयकर की छूट है।

निम्नलिखित मदो पर केवल आयकर की ही छूट है अधिकर की नहीं।

१. जीवन बीमे का प्रीमियम

जीवन बीमे के प्रीमियम पर छूट की निम्नलिखित शर्ते है।

(१) बीमा स्वय करदाता, उसकी पत्नी या अगर सयुक्त हिन्दू परिवार है तो किसी भी पुरुष सदस्य अथवा उसकी पत्नी का किया गया हो।

(२) प्रीमियम की रकम कुल बीमे की रकम की १० प्रतिशत से अधिक न हो। बीमे की रकम निकालने मे 'बोनस' नही जोडा जायेगा। यदि पालिसी लाभ सहित ली गई है तो बीमित रकम के अलावा कुछ रकम बोनस के रूप मे भी मिलती है। इस रकम को छोड दिया जाता है। वास्तविक बीमित रकम का १० प्रतिशत लिया जाता है।

(३) प्रीमियम का भुगतान ऐसी रकम से होना चाहिए जिस पर कर पडता है। उदाहरणार्थ, यदि कोई प्राविडेन्ट फण्ड से रुपया लेकर प्रीमियम का भुगतान करता है तो उस पर छूट न मिलेगी।

२. स्थगित वार्षिक वृत्ति (Deferred Annuity) का चदा

वार्षिक वृत्ति स्वय करदाता अथवा करदाता की पत्नी के जीवन के लिए हो। प्रीमियम के सम्बन्ध मे लागू १०%का नियम वार्षिक वृत्ति पर नही लागू होता तथा दी जाने वाली रकम प्राप्त होने वाली रकम के १० प्रतिशत मे अधिक हो सकती है।

३. वैधानिक प्राविडेन्ट फण्ड का चन्दा

करदाता यदि किसी वैधानिक प्राविडेन्ट फण्ड (जिस पर प्रा० फ० एक्ट १९२५ लागू होता है, का सदस्य है तो उसके द्वारा दी गई रकम पर छूट मिलती है।

४. सरकारी नौकरी की स्थगित वार्षिकी का चदा

यदि सरकार ने किसी कर्मचारी के वेतन से उसके बच्चो तथा पत्नी को स्थगित वार्षिक वृत्ति प्रदान करने के लिये उसके वेतन से कोई रकम काटी है तो उस पर आयकर की छूट मिलेगी। परन्तु यह रकम उसके वेतन के १/५ से अधिक नही होनी चाहिये।

५ प्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड मे कर्मचारी का अशदान

यदि कर्मचारी किसी प्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड का सदस्य है तो फण्ड मे उसके अशदान पर छूट मिलती है। परन्तु यह अशदान वेतन के १/५ से अधिक नही होना चाहिये।

छूट की रकम

छूट की रकम के सम्बन्ध मे निम्नलिखित नियम है।

(१) किसी व्यक्तिगत कर दाता के लिये ऊपर की पाँचो मदो को मिलाकर कुल रकम उसकी कुल आय के १/४ अथवा ८००० रु० (जो भी कम हो) से अधिक नही होनी चाहिए।

(२) सयुक्त हिन्दू परिवार के लिए-ऊपर की पाँचो मदो को मिलाकर कुल छूट की रकम परिवार की कुल आय के १/४ अथवा १६००० (जो भी कम हो) से अधिक नही होना चाहिए।

(३) लेखक, नाटककार, कलाकार, सगीतकार, तथा एक्टर के लिए विशेष छूट की व्यवस्था की गई है जो समय समय पर प्रकाशित होगी।

१९६२-६३ के सुधार

फाइनेंस एक्ट १९६२ मे ऊपर बतलाई हुई ५ मदो मे एक और जोड दी गई है।

(६) यदि करदाता कोई व्यक्ति है तथा वह पोस्ट आफिस के १० वर्षीय तथा १५ वर्षीय सचयी टाइम डिपाजिट (Cumulative deposit) में कुछ रुपया जमा करता है तो ऐसी जमा की गई रकम पर गत वर्ष मे औसत दर पर छूट मिलेगी।

छूट की रकम

31230

छूट की रकम भी बढा दी गई है तथा अधिकतम सीमा सभी ६ मदो का मिलाकर व्यक्ति के लिये कुल आय के १/६ अथवा १०००० रु० (जो भी कम हो तथा सयुक्त परिवार के लिए कुल आय का १/४ तथा २०,००० (जो भी कम हो) कर दिया गया है।

प्रश्न

1 (a) Certain classes of incomes are totally exempt (both from Income tax and Super tax and are not included in the total income Give four instances of such income

(b) Give four instances of incomes which are exempt from income tax (not from super tax) but are to be included in the total income of an assessee

[Agra B Com 1960]

2 What are the classes of income to which Income Tax Act does not apply

[Agra B Com 1959]

3. The Indian Income Tax Act confers absolute exemption in respect of certain incomes while some incomes are included in the total income for determining the rate only Explain these provision fully

[Agra B Com 1951]

4 Write short notes on

(a) Casual income
(b) Charitable donations

[Agra B Com 1946,50 57]

5 State the provisions of Section 15 B (in respect of exemption of donations for charitable purposes) and Section 15 C in respect of exemptions from tax on newly established industrial undertakings

[Raj B Com 1956]

Note —Provisions of Section 15 B are given in Section 88 and of Section 15 C in Section 84 and 85 in the New Act

6 What are the conditions to be satisfied by a charitable institution for obtaining exemption from Income tax and Super tax on its incomes

[Agra M Com 1960]

7 State the incomes which though exempt from income tax are nevertheless included in finding out the total income

[Allahabad B. Com 1958]

8 Enumerate with illustrations the classes of incomes which are exempt from both Income Tax and Super Tax

[Allahabad B. Com 1953]

५

आय की मदें – वेतन
[Heads of Income – Salary]

आयकर विधान मे सुविधा के लिये आय को निम्नलिखित ६ भागो मे बाँटा गया है।

(१) वेतन (Salaries)

(२) प्रतिभूतियों पर ब्याज (Interest on Securities)

(३) गृह सम्पत्ति से आय (Income from House Property)

(४) व्यापार अथवा पेशे से लाभ या प्राप्ति (Profits and gains from business or profession)

(५) पूंजीगत लाभ (Capital gain)

(६) अन्य साधनो से आय (Income from other sources)

वेतन (Salary)

वेतन किसी कर्मचारी को उसके स्वामी से सेवाओ के बदले मिलने वाली आय को कहते हैं। इस प्रकार वेतन की सबसे पहली शर्त यह है कि रकम पाने वाले तथा देने वाले मे सेवक तथा स्वामी का सम्बन्ध हो।

नये आयकर विधान की धारा १५ के अनुसार वेतन के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रकार की आय पर कर लगेगा।

(१) वर्तमान नियोक्ता अथवा भूतपूर्व नियोक्ता द्वारा देय वेतन। वेतन देय होना काफी है, भुगतान चाहे हुआ हो या नहीं।

(२) कोई भी वेतन जिसका पेशगी भुगतान वर्तमान अथवा भूतपूर्व नियोक्ता द्वारा अथवा उनके बदले अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया गया हो।

(३) कोई भी पिछला बकाया वेतन, यदि उस पर आयकर न ले लिया गया हो।

वेतन में सम्मिलित आय की मदों का और भी स्पष्टीकरण धारा १७ में किया गया है। इसके अनुसार आयकर में निम्नलिखित मदें शामिल हैं।

(१) मजदूरी।

(२) किसी प्रकार की वार्षिक वृत्ति (Annuity) अथवा पेंशन।

(३) किसी प्रकार की ग्रेच्युटी। वर्तमान समय में केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार के कुछ विभागों तथा कुछ स्थानीय संस्थाओं ने Death cum-retirement Gratuity की योजनायें चलाई हैं। इन योजनाओं के अन्तर्गत कर्मचारी को मिलने वाली रकम कर मुक्त होती है। [धारा १० (१६)]

(४) किसी प्रकार की फीस अथवा कमीशन

(५) पेशगी वेतन

(६) मान्यता प्राप्त प्राविडेन्ट फन्ड में वार्षिक वृद्धि—

(अ) नियोक्ता द्वारा दिया गया चन्दा जो कर्मचारी के वेतन के १० प्रतिशत से अधिक हो।

(ब) जमा रकम पर व्याज जो वेतन के १/३ से अधिक हो अथवा व्याज की दर ६ प्रतिशत से अधिक हो।

(७) किसी प्रकार का अनुलाभ (Perquisite)। इसमें आय की निम्नलिखित मदें सम्मिलित हैं।

(i) नियोक्ता द्वारा रहने के लिये मिला हुआ बिना किराये का मकान। आय में जोडी जाने वाली रकम के निर्धारण के लिए आगे के पृष्ठों में देखिये।

(ii) यदि कोई मकान रियायती भाडे पर मिला हो तो रियायत का मूल्य।

(iii) कोई अन्य प्रकार की सुविधा या सहूलियत जो मुफ्त अथवा रियायती दर पर निम्नलिखित लोगों को प्रदान की गई हो।

(क) कम्पनी द्वारा डायरेक्टर को।

(ख) कम्पनी द्वारा ऐसे व्यक्ति को जिसका उसमे पर्याप्त हित हो *

(ग) नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को जिसका वार्षिक वेतन १८ हजार रुपये से अधिक है।

(iv) नियोक्ता द्वारा भुगतान की हुई ऐसी रकम, जिसका भुगतान कर दाता को करना पडता। उदाहरणार्थ कर दाता के बदले चुकाया हुआ कर्ज।

(v) कर्मचारी के बदले नियोक्ता द्वारा अदा की गई बीमा की किश्त अथवा वार्षिक वृत्ति (Annuity) की रकम।

(८) वेतन के स्थान पर मिलने वाला लाभ। उदाहरणार्थ कोई क्षति पूर्ति की रकम जो वर्तमान अथवा भूत पूर्व नियोक्ता द्वारा नौकरी समाप्त करने अथवा उसकी शर्तों मे परिवर्तन करने के लिए दी गई हो। [धारा ७ (-1)]

यद्यपि अधिनियम मे क ी भी इसका जिक्र नही है, परन्तु परम्परा के आधार पर प्राय. निम्नलिखित सुविधाये आय मे नहीं जोडी जाती।

(१) किसी कर्मचारी, उसके परिवार के किसी सदस्य का प्रदान की जाने वाली मुफ्त चिकित्सा की सुविधा। यदि चिकित्सा पर व्यय नकद दे दिया जाय तो भी उसे नही जोडा जाता है।

(२) यदि नियोक्ता ने कर्मचारी को दिये हुय मकान या बगले के लिये कोई माली रक्खा है और उसका वेतन स्वय नियोक्ता देता है तो माली का वेतन कर्मचारी की आय मे नही जोडा जायेगा।

(३) यदि कर्मचारी अथवा कर्मचारियो के लिये मनोरजन सम्बन्धी सुविधायें प्रदान की गई हैं।

(४) दफ्तर के कार्यकाल मे प्रदान की जाने वाली जलपान सम्बन्धी सुविधा। भोजन (lunch) की व्यवस्था इसमे नही आती।

अनुलाभ का मूल्य निर्धारण

कर्मचारी को अनेक सुविधायें जैसे मुफ्त मकान इत्यादि मिलते है, द्रव्य के रूप मे उसका मूल्याकन क्या होगा यह जानना आवश्यक है। कुछ खास-खास अनुलाभो का मूल्याकन निम्नलिखित प्रकार से होगा।

---

* पर्याप्त हित से तात्पर्य २०% से अधिक मताधिकार से है।

मकान के किराये का भत्ता—

(१) यदि भत्ता नकद रुपये मे मिलता है तो पूरी रकम।

(२) यदि मुफ्त मकान मिला है तो बिना फर्नीचर के होने पर वेतन के १०% के बराबर तथा फर्नीचर युक्त होने पर १२½ % के बराबर काटा जायेगा। यदि मकान का किराया इससे कम हो तो वास्तविक किराया लिया जायेगा।

यदि मकान का उचित किराया वेतन के आधार पर निकाले हुए किराये के दूने से अधिक हो अर्थात् बिना साजसज्जा के मकान मे वेतन के २०% तथा साज-सज्जा युक्त मकान मे वेतन के २५% से अधिक हो तो इस सीमा मे ऊपर का किराया आय मे जुड जायेगा।

उदाहरण—

(१) 'क' का मासिक वेतन २५० रु० प्रतिमास है। उसे ४० रु० प्रतिमास मकान के किराये का मिलता है। यद्यपि यह वेतन के ०% से अधिक है फिर भी पूरी रकम उसके वेतन की आय म जुड जायेगी।

(२) राम प्रसाद को २४००० रु० वार्षिक वेतन मिलता है। साथ ही साथ उसे रहने का बंगला भी मिला है जिसका उचित किराया १५० रु० प्रतिमास है। बंगले का किराया अधिक से अधिक २४०० रु० हो सकता है। वास्तविक किराया १८०० रु० है जो इससे कम है अतएव १८०० रु० ही इसमे जोडा जायेगा।

(३) एक कम्पनी के मैनेजर को साज सज्जा युक्त बंगला मिला है जिसका वार्षिक किराया १००० रु० साल है। यदि मैनेजर का वेतन ५०० रु० मासिक है तो किराये की कितनी रकम उसके वेतन मे सम्मिलित होगी।

वेतन का १२½ % = ६०००×$\frac{२५}{२००}$=७५० रु०

यह रकम वास्तविक किराये १००० रु० से कम है अतएव आय मे ७५० रु० की रकम जोडी जायेगी।

(४) एक ओवरसियर को २०० रु० प्रति माह वेतन मिलता है। उसे बिना फर्नीचर का एक क्वार्टर मिला है जिसका किराया ५० रु० प्रतिमाह है। उसके वेतन मे किराय की कितनी रकम शामिल होगी ?

वार्षिक वेतन = २४०० रु०

वार्षिक किराया = ६०० रु०

वेतन का १०% = २४० रु०

वेतन का २०% = ४८० रु०

अतिरिक्त जोडी जाने वाली किराय की रकम = ६००-४८० = १२०

कुल जोडी जाने वाली आय = २४० + १२० - ३६०

(५) एक कर्मचारी का वार्षिक वेतन ८००० रु० है उसे एक बिना फरनीचर का बँगला रहने के लिए मिला है जिसका वार्षिक किराया उसे ५०० रु० साल देना पडता है। बँगले का उचित किराया १००० रु० साल है। वेतन मे जोडी जाने वाली किराये की रकम बताओ।

रियायत की रकम = १००० — ५०० = ५०० रु०

किराये की अधिकतम रकम (वेतन ८००० का १०%) = ८०० रु०

नकद दी हुई रकम = ५०० रु०

वेतन मे जोडी जाने वाली रकम = ८००—५०० = ३०० रु०

(६) किसी तेल मिल के मैनेजर का वेतन ६००० रु० साल है उसे एक मकान भी रहने के लिये मिला है जिसके लिए उसे ४०० रु० वार्षिक देना पडता है। मकान का उचित किराया ५५० रु० है। वेतन मे जोडी जाने वाली रकम क्या होगी।

किराये की अधिकतम रकम (६००० का १०%) = ६०० रु०

नकद किराये की रकम = ४०० रु०

अन्तर = ६०० — ४०० = २०० रु०

उचित किराये तथा वास्तविक किराये का अन्तर=५५० — ४००=१५० रु० यह रकम २०० रु० से कम है अतएव उसके वेतन मे १५० रु० जोडे जायगे।

मोटर कार—

यदि मालिक की तरफ से कर्मचारी को कोई मोटर कार मिली है, और उसका खर्चा मालिक को देना पडता है तो उसके अनुलाभ का निर्णय इस प्रकार होगा।

(१) यदि कार केवल मालिक के काम के लिए काम मे आती है तो कुछ भी रकम नही जोडी जायेगी।

(२) यदि कार कर्मचारी के व्यक्तिगत काम के लिए काम आती है तो सब रकम जोडी जायेगी।

(२) यदि कार आंशिक रूप से मालिक के काम के लिये तथा आंशिक रूप से कर्मचारी के किसी काम मे आती है। तो सानुपातिक रूप से उसका विवरण कर कर लिया जायेगा और जितना भाग कर्मचारी के हिस्से का होगा उसको आय मे जोड दिया जायेगा।

अन्य सुविधायें—

यदि मालिक द्वारा कर्मचारी को अन्य सुविधायें जैसे मुफ्त बिजली, या यातायात की सुविधा (Transport), या बच्चो की शिक्षा की सुविधा प्रदान की गई है तो जितना रुपया मालिक इस काम के लिए खर्च करता है उतना उसकी आय मे जोड लिया जायेगा। यदि वह इस प्रकार की व्यवस्था अपने निज के साधनों मे करता है जैसे निजी गाड़ियो पर आने जाने की व्यवस्था, अथवा कर्मचारियों के लिये चलाये हुये स्कूल मे शिक्षा की व्यवस्था तो उसका मूल्य शून्य माना जायेगा, और वेतन में कुछ भी नही जोडा जायेगा।

वेतन मे घटाई जाने वाली रकमे

आयकर की धारा १६ मे उन समस्त मदो का उल्लेख है जिन्हे वेतन में से घटाकर कर देय आय निकाली जाती है।

(१) ५०० रु० तक की रकम जो किताबो अथवा आवश्यक साहित्य के खरीदने के लिये व्यय किया गया हो।

(२ यदि कर्मचारी को कोई मनोरंजन भत्ता (Entertainment allowance) मिलता है तो उसे निम्नलिखित प्रकार से घटाया जायेगा।

(i) यदि कर दाता को सरकार से वेतन मिलता है तो वेतन (भत्ता इत्यादि को छोडकर) के १/५ अथवा ५००० रु० मे जो भी कम हो उसके बराबर।

(ii) यदि कर दाता गैर सरकारी कर्मचारी है तो वेतन (भत्ता इत्यादि को छोड कर) के १/५ अथवा ७५०० रु० में जो भी कम हो।

(iii) यदि कर दाता को १ अप्रैल १९५५ से पहले से इसी नियोक्ता द्वारा कोई रकम लगातार मिलती आयी है तो वही रकम घटाई जावेगी चाहे वह ऊपर बताई हुई सीमाओं स अधिक ही क्यो न हो।

(३) यदि सरकार ने कर दाता के पेशे, अथवा, रोजगार पर कोई कर लगाया है तो उस कर की रकम।

(४) यदि कर दाता को किसी प्रकार का यात्रा व्यय (Conveyance

allowance) नही मिलता है और अपने नौकरी के काम के लिए उसे कोई सवारी रखनी पडती है तो उसका उचित खर्चा।

(५) अन्य कोई खर्चा जो कर दाता को अपनी नौकरी की शर्तों के हिसाब से करना पडता हो अथवा जिन्हे करना जरुरी हो।

कटौती (Rebate)

वेतन सम्बन्धी आय मे कुछ कटौती भी वापस मिलती है। ऊपर घटाई जाने वाली रकमों तथा कटौती मे अन्तर यह है कि घटाई जाने वाली रकम कुल कर देय आय मे घटा दी जाती है। जबकि कटौती की रकम कुल आय मे नही घटाई जाती। उस पर औसत दर से कर निकाल कर बाद म घटाया जाता है। वेतन मे निम्न-लिखित प्रकार की छूटें सम्मिलित है।

(१) प्राविडेन्ट फण्ड सम्बन्धी छूट

(२) सुपर एन्युएशन सम्बन्धी छूट

(३) जीवन बीमा सम्बन्धी छूट

(४) १० साल तथा १५ साल के पोस्ट आफिस के सचमी टाइम डिपाजिट सम्बन्धी छूट।

प्राविडेन्ट फन्ड

प्राविडेन्ट फण्ड एक ऐसी योजना होती है जिसम कर्मचारी अपने वेतन से कुछ रकम प्रतिमास कटवाता जाता है। उसका मालिक भी उसमे कुछ रकम देता है। समस्त रकम किसी विनियोग मे लगा दी जाती है। जब कर्मचारी नौकरी छोडता है तो उसे कुल रकम जिसमे उसका अपना हिस्सा, मालिक का हिस्सा तथा ब्याज सम्मिलित रहता है, मिल जाता है। इस प्रकार वृद्धावस्था मे एक मुश्त रकम प्राप्त हो जाती है जिससे वह अपने जीवन के अतिम दिन सुविधा से बिता सकता है।

प्राविडेन्ट फण्ड तीन श्रेणियो मे बांटे जा सकते है।

(१) वैधानिक प्राविडेन्ट फण्ड—(Statutory Provident Fund)

(२) प्रमाणित प्राविडेन्ट फन्ड (Recognised Provident Fund)

(३) अप्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड (Unrecognised Provident Fund)

वैधानिक प्राविडेन्ट फन्ड—

इस प्रकार के प्राविडेन्ट फण्ड, प्राविडेन्ट फण्ड एक्ट १९२५ के अनुसार सचा-लित होते है। वे प्राय. सरकारी दफ्तरो, रेलवे, विश्वविद्यालयो, स्कूलो इत्यादि मे

प्रयोग किये जाते है। इस प्रकार के प्राविडेन्ट फण्ड की सुविधा मालिक को आवश्यक रूप से देनी पडती है।

आय कर पर प्रभाव

(१) मालिक द्वारा दिया गया चन्दा आयकर से मुक्त होता है तथा कर्मचारी की आय मे नही जोडा जाता।

(२) कर्मचारी का चन्दा जो उसके वेतन मे से कट जाता है, उसके कुल वेतन मे तो जोड दिया जाता है, परन्तु बाद मे औसत दर से उस पर छूट मिल जाती है।

(३) फण्ड पर मिलने वाला व्याज पूर्णतया कर मुक्त होता है तथा उसका कोई लेखा नही रक्खा जाता।

(४) रिटायर होते समय मिलनेवाली रकम पूर्णतया करमुक्त होती है।

प्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड—

जिन उद्योगो अथवा सस्थाओ मे प्राविडेन्ट फण्ड वैधानिक रूप से आवश्यक है, उनके अलावा भी कोई सस्था अपने कर्मचारियो मे इस प्रकार की योजना चला सकती है। कुछ आवयश्क शर्ते पूरी करने पर कमिश्नर उसे मान्यता प्रदान कर सकता है। ऐसी दशा मे उसे प्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड कहेगे। कमिश्नर यदि किसी समय समझे कि प्राइवेट फण्ड का सचालन नियमो के विरुद्ध हो रहा है तो वह स्वीकृति वापस ले सकता है।

मान्यता की मुख्य मुख्य शर्ते इस प्रकार है

(१) सभी कर्मचारियो की नियुक्ति भारत मे हो, अथवा नियोक्ता का व्यापार मुख्यत भारत से होता हो।

(२) प्रत्येक वेतन के भुगतान के समय कर्मचारी के वेतन का एक निश्चित भाग काट लिया जाय तथा उस कर्मचारी के प्राविडेन्ट फण्ड खाते मे जमा कर लिया जाय।

(३) नियोक्ता का चन्दा, कर्मचारी के चन्दे से अधिक न हो तथा अधिक से के अधिक एक साल मे वह कर्मचारी के खाते म जमा कर दिया जाय।

(४) फण्ड का सचालन दो या अधिक ट्रस्टियो अथवा सरकारी ट्रस्टी के हाथ मे हो। ट्रस्ट का प्रसविदा ऐसा हो कि उसे सदस्यो की अनुमति बिना वापस न किया जा सके।

(५) फण्ड की सम्पत्ति मे कर्मचारियो तथा नियोक्ता का चदा, विनियोग पर मिलने वाला व्याज तथा अन्य कोई पूजीगत लाभ शामिल है जो उन विनियोगो को वेचने से प्राप्त हो।

(६) नियोक्ता को जमा की हुई रकम मे से कुछ भी वापस लेने का अधिकार न हो। यदि कर्मचारी दुर्व्यवहार के कारण निकाल दिया जाता है, अथवा स्वय निश्चित समय के पहले छोड देता है, तो नियोक्ता को इस प्रकार की सुविधा दी जा सकती है।

(७) फण्ड की रकम कर्मचारी को उसके नौकरी छोडने ही देय हो जानी चाहिए।

आयकर पर प्रभाव

प्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड का आयकर पर निम्नलिखित प्रभाव पडता है।

(१) नियोक्ता द्वारा कर्मचारी की आय के १० प्रतिशत तक दी हुई रकम पूर्ण तया कर मुक्त है। इससे ऊपर उसे कर्मचारी के वेतन मे जोड दिया जायेगा।

(२) कर्मचारी द्वारा दिया गया अशदान उसके वेतन म जोड दिया जाता है। बाद मे वेतन के ⅙ अथवा ८००० (जो भी कम हो) को छूट औसत दर से दी जाती है।

(३) कर्मचारी के खाते का व्याज, यदि वह उसके वेतन के १/३ से अधिक नहीं है तथा उस पर ६ प्रतिशत से अधिक व्याज दर नही है तो वह करमुक्त रहगा। वेतन के १/३ से अधिक व्याज अथवा ६ प्रतिशत म अधिक दर पर मिला हुआ व्याज उसके वेतन मे जोड दिया जायेगा।

(४) रिटायर होने अथवा नौकरी छोडन पर कर्मचारी को जो रकम मिलती है वह भी कर मुक्त होती है परन्तु उसम निम्नलिखित शर्ते रहनी है।

(i) यदि उसने कम से कम ५ साल तक लगातार सेवा की हो। अथवा

(ii) यदि उसे स्वास्थ के खराब होने, अथवा नियोक्ता का काम वद हो जाने अथवा अन्य किसी ऐसे कारण से नौकरी छोडनी पडी है, जो कर्मचारी के नियत्रण के वाहर हो।

फण्ड के सम्बन्ध म समस्त आवश्यक शर्ते आयकर अधिनियम की चौथी अनुसूची (Fourth Schedule) में दी है।

(iii) यदि ऊपर लिखी दोनो शर्तों के पूरी न होने का कारण वापस मिलने वाली जमा रकम पर कर देना पडे तो सबसे पहले पिछले वर्षो मे कर की रकम यह सोचकर निकालनी पडेगी जैसे प्राविडेन्ट फण्ड अप्रमाणित हो। इसके पश्चात् जितना कर उसे देना चाहिए तथा जितना कर वह दे चुका है उसका अतर उसे करके रूप मे देना पडेगा।

अप्रमाणित प्राविडेन्ट फड

यदि प्राविडेन्ट फण्ड प्रमाणित नहीं है तो आय के सम्बन्ध मे उसकी स्थिति इस प्रकार होगी।

(१) कर्मचारी द्वारा दिया हुआ चदा उसकी आय मे जुड जावेगा।

(२) मालिक का चदा तथा ब्याज कर मुक्त रहेगे।

(३) रिटायर होते समय अथवा फण्ड की रकम वापस मिलने पर कुल रकम मे से कर्मचारी का प्राविडेन्ड फण्ड का चन्दा तथा उसका ब्याज घटा कर बाकी रकम पर कर लग जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि नियोक्ता द्वारा दिए गए अशदान पर प्रतिवर्ष कर न लगाकर इकट्ठा रकम मिलने पर कर लग जाता है।

अप्रमाणित प्राविडेन्ट फड को प्रमाणित करवाना

यदि अप्रमाणित प्राविडेन्ट फण्ड को बाद मे मान्यता प्राप्त हो जाय तो प्राय कर्मचारी के खाते म जमा रकम पूर्णत अथवा आशिक रूप से नए खाते मे हस्तातरित कर दी जाती है। आय कर पर उसका निम्नलिखित प्रभाव पडता है।

(१) जो रकम नए खाते मे नही डाली गई है वह कर देय होगी। परन्तु यदि उस पर कर दिया जा चुका है जैसे कर्मचारी का अंशदान तो उस पर दुबारा कर नही पडेगा।

(२) जो रकम नए खाते मे हस्तातरित की गई है उसमे यदि कोई ऐसी रकम सम्मिलित है, जिस पर यदि फण्ड आरम्भ से ही प्रमाणित होता तो कर देना पडता, तो ऐसी आय का एक साथ गतवर्ष की आय मे जाड दिया जावेगा।

विभिन्न प्रकार के प्राविडेंट फण्ड का आयकर पर क्या प्रभाव पड़ता हम संक्षेप मे निम्नलिखित चार्ट द्वारा समझ सकते है ।

वैधानिक	प्रमाणित	अप्रमाणित
१. प्रतिवर्ष	**१. प्रतिवर्ष**	**१ प्रतिवर्ष**
(क) कुल वेतन	(क) कुल वेतन	(क) कुल वेतन
१. कर्मचारी का वेतन (उसका निजी अंशदान मिलाकर)	१ कर्मचारी का वेतन (उसका निजी अंशदान मिलाकर)	१ कर्मचारी का वेतन (उसका निजी अंशदान मिलाकर)
	२ मालिक का अंशदान (जो वेतन के १०% से अधिक हो)	
	३. जमा रकम पर ब्याज (जो वेतन के १/३ से अधिक हो अथवा दर ६% से अधिक हो)	
(ख) छूट (औसत दर पर)	(ख) छूट (औसत दर पर)	(ख) छूट (औसत दर पर)
१. कर्मचारी का अंशदान	१. कर्मचारी का अंशदान (वेतन के १/५ अथवा ८००० रु० तक)	१ कोई छूट नही ।
२. धन वापस मिलने पर	**२. धन वापस मिलने पर**	**२ धन वापस मिलने पर**
१. कोई कर नही । कुल आय मे भी नही जोडा जायगा ।	१ कोई कर नही । कुल आय मे भी नही जोडा जायगा ।	१ नियोक्ता का अंशदान तथा उस पर मिला हुआ ब्याज आय मे जोडा जायेगा ।

सुपर एन्युएशन फण्ड (Super annuation Fund)

यह व्यवस्था प्राविडेन्ट फण्ड की व्यवस्था से मिलती जुलती होती है । इसमे भी नियोक्ता तथा कर्मचारी दोनो ही अपना अशदान देते है । जो फण्ड इस प्रकार बनता है उसे कही विनियोग मे लगा दिया जाता है । कर्मचारी के रिटायर होने अथवा अन्य कारणो से अवकाश ग्रहण करने पर उसे पेंशन, वार्षिक वृत्ति अथवा ऐसी अन्य प्रकार की सहायता दी जाती है । कभी कभी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रितो को भी सुविधा प्रदान की जाती है ।

सुपर एन्युएशन फण्ड को मान्यता निम्नलिखित शर्तो पर प्रदान की जाती है ।

(१) फण्ड का सचालन एक अप्रत्यावर्तनशील (Irrevocable Trust) के अधीन होगा ।

(२) फण्ड चलाने वाली सस्था का कार्यक्षेत्र भारत मे हो तथा कम से कम ६० प्रतिशत कर्मचारी भारत मे काम करते हो ।

(३) फ़ण्ड का एक मात्र उद्देश्य कर्मचारियो को उनके अवकाश ग्रहण करने पर वार्षिक वृत्ति प्रदान करना हो । यह वृत्ति उनके रिटायर होने, एक निश्चित आयु के पश्चात् अवकाश ग्रहण करने अथवा उसके पहले काम करने के अयोग्य हो जाने पर दय होना चाहिये । कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रितो को भी इस प्रकार की वार्षिक वृत्ति देय हो सकती है ।

(४) नियोक्ता भी फण्ड मे अशदान करता हो ।

(५) फण्ड द्वारा मिलने वाली सहायता का उपयोग भारत मे ही हो ।

आय कर पर प्रभाव

(१) कर्मचारी का अपना अशदान उसकी आय मे जोड दिया जाता है परन्तु बाद मे औसत दर स उस पर छूट मिल जाती है । [धारा ८७ (e)]

(२) नियोक्ता के अश दान पर कोई कर नही लगता और न वह आय मे जोडा जाता है ।

(३) यदि फण्ड मे से कोई सहायता कर्मचारी को उसके जीवन काल मे दी जाती है तो उसे दी जाने वाली रकम मे नियोक्ता के अशदान तथा उस पर मिली हुई ब्याज की रकम पर कर लगेगा । यह कर कर्मचारी द्वारा दी गई पिछले तीन वर्षो की आयकर की दर के अनुसार निकाला जायेगा । यदि कर्मचारी ने ३ साल से कम काम किया है तो कुल कार्य काल मे कर की औसत दर पर लगाया जायेगा ।

उदाहरण के लिए यदि किसी फण्ड मे कोई कर्मचारी तथा नियो बराबर अशदान देते है और रिटायर होने पर कर्मचारी का २४ ० । तो १२०० रु० पर आयकर औसत दर से लगेगा। यदि कर की औसत साल मे क्रमश १०, ११ तथा १२ प्रतिशत रही हो तो १२०० रु० पर ११% की दर से काटा जायेगा।

आयकर नियोक्ता उद्गम स्थान पर ही काट लेता है।

(४) यदि फण्ड से भुगतान कर्मचारी की मृत्यु के पश्चात दिया जाय अथवा वार्षिक वृत्ति समाप्त करने पर दिया जाय अथवा नियोक्ता के अशदान की वापसी (refund) के रूप मे कर्मचारी की मृत्यु के पश्चात दिया जाय तो वह रकम आयकर से पूर्णतया मुक्त रहेगी। और कुल आय मे भी शामिल नही की जायगी। [धारा १० (१३)]

बीमे का प्रीमियम

प्राविडेन्ट फण्ड के समान ही जीवन बीमे पर भी छूट मिलती है। इस सम्बन्ध मे मुख्य नियम इस प्रकार है।

(१) बीमा करदाता, उसकी स्त्री (यदि करदाता स्त्री है तो उसके पति) के जीवन पर होना चाहिये। सयुक्त हिन्दू परिवार मे बीमा किसी भी पुरुष सदस्य अथवा उसकी पत्नी के जीवन पर किया जा सकता है।

(२) बीमे की किश्त कुल बीमा की हुई रकम के १० प्रतिशत से कम नही होनी चाहिये।

(३) प्रीमियम करदेय आय से ही देना चाहिए। उदाहरणार्थ यदि कोई प्राविडेन्ट फण्ड से रुपया लेकर अथवा बीमा राशि से रुपया लेकर प्रीमियम अदा करता है तो उस पर छूट नही मिलेगी।

(४) स्थगित वार्षिक वृत्ति (Deferred Annuity) की जमा की जाने वाली राशि पर प्रीमियम के समान ही छूट मिलती है। उस पर १०% की नही लगती।

छूट की अन्य मदे

(१)यदि सरकार द्वारा किसी कर्मचारी के वेतन से उसके लिए स्थगित वार्षिक वृत्ति की व्यवस्था करने अथवा उसके स्त्री बच्चो के लिए कोई रकम उसके वेतन से

काटी जाती है तो इस रकम पर छूट दी जायेगी। अर्थात् पहले तो यह उसकी आय मे जोड दी दाएगी बाद मे उस पर औसत दर से छूट दी जायेगी।

(२) यदि करदाता व्यक्ति है तथा वह अपनी करदेय आय से पोस्ट आफिस के १० वर्ष अथवा १५ वर्षीय सचयी टाइम डिपाजिट (Cumulative time Deposit) मे रुपया जमा करता है तो ऐसी रकम पर भी आयकर से औसत दर पर छूट दी जायेगी। यह छूट फाइनेंस एक्ट १९६२ से आरम्भ की गई है।

छूट की सीमा

१ ६२ से पहले छूट की सीमा इस प्रकार थी।

(१) वैधानिक तथा प्रमाणित प्राविडेंट फण्ड।

(२) स्वीकृत सुपर एन्युएशन फण्ड।

(३) जीवन बीमा की किश्त।

(४) सरकार द्वारा स्थगित वार्षिक के लिये काटी हुई रकम पर मिलने वाली छूट कुल मिलाकर निम्नलिखित हो सकती है।

व्यक्ति के लिए—आय के १/४ अथवा ८००० रु० मे जो भी कम हो
सयुक्त परिवार के लिए—आय के १/४ अथवा १६००० रु० मे जो भी कम हो।

१९६२ स बाद मे

ऊपर दी हुई चारो मदो तथा

(५) व्यक्ति द्वारा १० वर्षीय अथवा १५ वर्षीय (Post office Cumulative Time Deposits) मे वेतन से जमा की हुई रकम।

कुल मिला कर छूट की रकम इस प्रकार है।

व्यक्ति—कुल आय का १/४ अथवा १०००० रु० मे जो भी कम हो।
सयुक्त परिवार—कुल आय का १/४ अथवा २०,००० रु० मे जो भी कम हो।

उद्गम स्थान पर कर की कटौती

वेतन पर आयकर उद्गम स्थान पर ही काट लिया जाता है। प्रत्येक नियोक्ता का यह कर्तव्य है कि वह वेतन बाँटने के पहले (यदि उस कर्मचारी का वेतन करमुक्त सीमा से ऊपर है) उस पर कर की रकम काट ले तथा उसे सरकार के पास जमा करने की व्यवस्था करे। यदि किसी कारण से वह आयकर नही काटता तो वह स्वय कर के लिए उत्तरदायी ठहराया जायेगा तथा उससे कर उसी प्रकार वसूल किया जा सकता है जैसे वह स्वय करदाता हो।

पुराने अथवा अग्रिम वेतन से सम्बन्धित छूट

यदि किसी व्यक्ति को पुराना वेतन इकट्ठा प्राप्त हो अथवा अग्रिम वेतन प्राप्त हो जाय जिसके कारण उसकी आय पर लगने वाली कर की दर भी बढ जाय तो आय कर कमिश्नर उसको प्रार्थनापत्र देने पर दर सम्बन्धी उचित छूट दे सकता है। [८९ (१)]

वेतन पर कर निर्धारण

फाइनेंस एक्ट १९६३ मे कर की दरें भी बदल दी गई है परन्तु करदेय वर्ष १९६२-६३ में वेतन की आय पर कर १९६१ ६२ की दर से ही लगेगा। अन्य आय की मदो पर कर १९६२-६ की दर से लगेगा। इसलिए कर का निर्धारण निम्नलिखित प्रकार से होगा।

(१) पहिले कुल आय पर (वतन को मिलाकर) १९६१-६२ की दर से आयकर तथा अधिकर निकालो। वेतन पर औसत दर स उतना ही कर लगेगा।

(२) कुल आय पर (वेतन को मिलाकर) १९६२-६३ की दर से आयकर तथा अधिकर निकालो। वेतन पर औसत दर से कर निकालो।

(३) ऊपर भाग (२) के अनुसार निकाले हुये समस्त कर मे वेतन पर लगने वाला कर घटाओ तथा भाग (१) के अनुसार निकाला हुआ औसत कर जोडो।

SUMMARY

Total Salary

(1) Regular Salary including Dearness Allowance
(2) Advance Salary
(2) Past Salary (if untaxed)
(4) Annuity or pension
(5) Gratuity.
(6) Fee or Commission (from his own employer)
(7) In a Recognised P F.
 (i) Employers contribution more than 10% of basic salary
 (ii) Interest on accumulated balance exceeding $\frac{1}{3}$ of salary or higher interest rate than 6 %

(8) House rent allowance or fair rent of free quarters

(9) Payment by employer on behalf of assessee

(10) Compensation for discontinuance of service

(11) Any other benefit in cost or kind

(12) In an unrecognised P F, at the time of repayment of accumulated balance, (Total money received—employee's contribution and interest on it)

(13) Part of the entertainment allowance or any other allow ance if not permitted for deducation under the act

Deductions allowed

(1) Expenditure on books upto Rs 500

(2) Entertainment allowance

(i) Government employee—1/5 of salary or Rs 5000 (whichever is less)

(ii) Other employees—1/5 of salary or Rs 7500 (whichever is less)

(3) Expenditure on conveyance (if not paid)

(4) Any tax levied by the Government upon the profession of assessee

(5) Any other expenditure necessary for service

Exempted income

(1) Free medical aid in cash or kind

(2) Wages of the gardeners paid by the employer

(3) Expenditure on entertainment paid by the the employer

(4) Refreshment during office hours, but not lunch

(5) Any other facility from the resources of the employer e g free education at their own school

(6) Passage money for coming home (self, wife and children)

(7) Allowance paid to any Citizen of India by Government for services outside the country

(8) Payment received under Death cum retirement Gratuity

(9) Repayment of accumulated balance of Statutory P F

(10) Repayment of accumulated balance of Recognised P F.

(11) Payment from Super Annuation Fund after the death of the employee

(12) Any other allowance granted for meeting particular expenditure and actually paid

Rebate on average rate

(1) Statutory P F —Employee s contribution

(2) In a Recognised P F —Employee's contribution (upto 1/5 salary or Rs 8000 whichever is less)

(3) Approved Super annuation Fund Employee's contribution

(4) Life insurance premium

(5) Amount deducted by Government for Deferred Annuity for helping the wife and children of assessee

(6) Contribution to 10 yearly or 15 yearly Post office Cumulative Savings Deposits (available from 1962)

Limit of exemption –

Till Assessment year 1961 62

(From item 1 to 5 above)
Individual — $\frac{1}{4}$ of total income or Rs 8000
H U F — $\frac{1}{4}$ of total income or Rs 16000

From 1961-62

(From item 1 to 6 above)
Individual — $\frac{1}{4}$ of total income or Rs 10000
H U F — $\frac{1}{4}$ of total income or Rs 20000

PRACTICAL ILLUSTRATIONS

Illustration 1

Sri Ram Prakash is the manager of an oil mill getting a salary of Rs 1000 per month plus D A at 10% of salary During the year he was paid bonus equal to 2 months salary. He has been allowed free bungalow, the rental value of which is Rs 150 per month During the year he has taken a loan of Rs 4000 with a promise to get it deducted from his salary next year

Calculate his income taxable under the head "Salary"

Solution

Total income from salary		Rs
1	Salary including D A	13,200
2	Bonus	2,000
3	Rental value of Bungalow (10% of salary)	1,320
	Total	16,520

Note —1 The loan of Rs 4000 will not be included in the salary as it is not advance payment of salary

Illustration 2

Mr X is an employee in a firm at a salary of Rs 800 On 1st July 1961 the management terminated his services and paid him compensation Rs 2400 On 1st August 1961 he joined another firm as accountant with initial salary of Rs 600 plus 15% D A On 1st January 1962 he took as an advance 6 months salary What is his income from salary for the year ending 31st March 1962

Solution

Total income from salary —		Rs
1	Salary from previous employer	2400
2	Compensation from previous employer	2400
3	Salary including D A from new employer upto 1st January	3450
4	Advance salary (including D A)	2070
	Total	10320

Illustration 3

Mr Bose is a University Professor getting a monthly salary of Rs 800 per month with $12\frac{1}{2}$% D A Being the warden of the hostel he gets an allowance of Rs 100 per month His income

from examining answerbooks was Rs 2800 Due to certain financial difficulties in the University his pay for February and March 1961 remained unpaid As warden of the hostel he was allowed a furnished bungalow, the rental value of which is Rs 100 per month

Calculate his taxable income under Salary for the assessment year 1962-63

	Total income from salary —	Rs
	Salary for 12 months	9600
2	D A (12½% of salary)	1200
3	Warden's allowance	1200
4	House allowance (being less than or 12½% of 12000)	1200
	Total	13 00

Note —Income from examinership is taxable under the head 'Income from other sources '

2 Salary for February and March although not received is taxable

3 For calculating house allowance all regular income under the head Salary viz pay + D A + warden's allowance will be taken into consideration

Illustration 4

A is an employee in a firm getting a salary of Rs 450 per month plus Rs 50 per month as dearness allowance He is a member of the provident fund to which he contributes 8% of his salary while his employer contributes 12% The amount is invested in the Government securities The interest on his accumulated balance was Rs 240

What will be his income taxable under the head salary if the provident fund is (1) Statutory (2) Recognised and (3) Unrecognised

Solution

When Provident Fund is Statutory

Income from salary —

	Rs
Salary for 12 months	5400
Dearness Allowance	600
Total	6000

Rebate —

Employee's contribution to P F. 432

Income from salary —

	Rs
Salary for 12 months	5400
Dearness Allowance	600
Employer's contribution (above 10% of salary)	108
Total	6108

Rebate —

Employee's contribution to P F being less than 1 5 of salary and Rs 8000	432

When Provident Fund is Unrecognised

Note —1 Interest on accumulated balance being less than 1/3 of salary and rate of interest assumed to be not more than 6% has been ignored

When Provident Fund is Recognised

Income from salary —

	Rs
Salary for 12 months	5400
Dearness Allowance	600
Total	6000

Rebate —

Illustration 5

Ram Prasad, an employee in a concern, has been a member of Provident Fund He has been contributing 10% of his salary to which his employer has also contributed an equal sum At the time of retirement he received Rs 12000 from P F account How will this amount be dealt for income tax purposes supposing that P. F is (a) Statutory (b Recognised and (c) Unrecognised

Solution

(a) If the P F is statutory the sum of Rs 12000 would be free from tax and will not be included in the total income either

(b) If the P F is recognised the sum of Rs 12000 would be free from tax and would not be included it the total Income either

(c) If it is unrecognised Rs 6000 being the employer's contribution an dinterest thereon, will be taxable under the head 'salary'.

Illustration 6

Mr Chaturvedi is employee getting a salary of Rs 400 per month He is a member of Approved Superanuation Fund to which he contributes 10% of his salary, the employer also contributing an equal sum Supposing that he had no other source of income what will be his taxable income under salary

Solution

	Rs
Salary for the year	4800
Total taxable income	4800
Exempted income .—	
Employee's contribution to A S F	480

Illustration 7

X having worked in a concern for 25 years retired from service on 31st March 1962. His salary during that year was Rs 2500

He received a gratuity of Rs 2000 He had also been a member of Approved Superanuation Fund out of which he was

paid Rs 860 as first instalment the employer having deducted Rs 20 for income tax on the portion of his own contribution

What is his income from salary What difference would it make if the amount had been paid to him on his death

Solution

Income from salary —

	Rs
Basic salary	2500
Gratuity	2000
Receipt from S A Fund (employer's contribution)	440
Total	4940

(५) कोई भी व्यक्ति जिसने समय पर आपका विवरण नही भेजा है, कर निर्धारण के पहले किसी भी समय रिटर्न दाखिल कर सकता है। इसका अधिकतम समय गत वर्ष से सबधित कर देय वर्ष से ४ वर्ष तक होता है। अर्थात् खाते बन्द करने के बाद पडने वाले वित्तीय वर्षो मे ५ साल के अन्दर कभी भी रिटर्न दाखिल किया जा सकता है।

(६) यदि एक बार रिटर्न दाखिल करने के बाद उसमे कोई सुधार करना हो तो नया रिटर्न बनाकर निर्धारण के पहले किसी भी समय दाखिल किया जा सकता है।

तात्कालिक कर निर्धारण (Provisional Asessmant) [१४१]

रिटर्न मिल जाने के पश्चात् आय कर अधिकारी तात्कालिक रूप से काम चलाऊ कर निर्धारण कर सकता है तथा कर वसूल कर सकता है। तात्कालिक कर निर्धारण का नियमित कर निर्धारण पर कोई प्रभाव न पडेगा तथा वह इससे अधिक या कम हो सकता है। यदि नियमित कर निर्धारण के अनुसार कर अधिक हो तो बकाया कर उसे और जमा करना पडेगा। यदि वह कम हो तो बाकी रकम उसे वापस मिलेगी। तात्कालिक कर निर्धारण के खिलाफ कोई अपील नही हो सकती।

तात्कालिक कर निर्धारण मे पिछली हानि का जो आगे लाई गई है, विशेष रूप से ध्यान रखना पडता है। किसी साझेदार पर तात्कालिक कर निर्धारण फर्म द्वारा दाखिल किये हुए रिटर्न के आधार पर हो सकता है, चाहे उसने स्वय रिटर्न न दाखिल किया हो।

किसी फर्म पर बिना रजिस्ट्री की फर्म मानकर तात्कालिक कर निर्धारण हो सकता है, परन्तु निम्नलिखित दशाओं मे यह सम्भव नही है।

(१) यदि पिछले वर्ष तक फर्म का कर निर्धारण रजिस्टर्ड फर्म के रूप मे

हुआ है तथा वनमान रिटर्न के साथ फर्म ने इस बात की घोषणा की है कि फम के सविधान मे कोई परिवर्तन नही हुआ है अथवा रजिस्ट्रेशन चालू रखने का प्रार्थना पत्र दिया है।

(२) यदि फर्म का इसस पहले कोई नियमित कर निर्धारण नही हुआ है तथा फर्म ने रजिस्ट्रेशन के लिये प्रार्थना पत्र दिया है।

नियमित कर निर्धारण (Regular Assessment) [१४२, १४३]

आयकर अधिकारी दाखिल किए हुए रिटन को भलीभाति अध्ययन करता हैं, इसके पश्चात् यदि वह आवश्यक समझता है तो आय के सम्बन्ध मे अन्य सबूत जैसे बहीखाते, दस्तावेज अथवा अन्य कागजात माग सकता है। इनकमटैक्स आफिसर ऐसी सम्पत्तियो तथा दायित्वो का विवरण भी माग सकता है जिन्हे खातो म सम्मिलित नही किया गया है, परन्तु इसके लिए इन्सपेक्टिर असिस्टेन्ट कमिश्नर की आज्ञा प्राप्त करना आवश्यक होता है। इन्कमटैक्स आफिसर ३ साल से पहले के खाते नही माग सकता है। [१४२(१)]

इनकमटैक्स को आफिसर आय अथवा हानि से सम्बन्धित पूर्ण सूचना प्राप्त करने के लिए हर प्रकार की जाच करने का अधिकार है। [१४२ (२)]

यदि इनकम टैक्स आफिसर ने आय विवरण म दी गइ सूचना के अतिरिक्त और कोई सूचना प्राप्त की है तथा वह उसका उपयोग कर निर्धारण के लिए करने वाला है, ता उसे करदाता को बुलाकर उसको अपनी बात कहन का मौका अवश्य देना चाहिए। [१४२(३)] परन्तु यदि इन्कम टैक्स आफिसर को यकीन हो कि आय विवरण मे दी गई सूचना सही है, तो वह करदाता को बिना बुलाए ही कर, निघारण कर सकता है। [१४३(१)]। यदि उसे रिटर्न मे लिखित तथ्य पूर्णतया विश्वसनीय न मालूम पडे तो वह करदाता के नाम नोटिस भेज कर आग और प्रमाण माँग सकता है।

खातो की जाच तथा क दाता द्वारा प्रस्तुत प्रमाणो की जांच करने के पश्चात् इनकम टैक्स आफ़िसर कर देय आय का निर्धारण कर देता है तथा कर की रकम निश्चित कर देता है।

उत्तम निर्णय के अनुसार कर निर्धारण
(Best judgement Assessment)

निम्नलिखित दशाओ मे इनकम टैक्स आफिसर अपने निर्णय के अनुसार करदेय आय तथा कर की रकम निर्धारित कर सकता है। [१४४]

(१) यदि कोई व्यक्ति विशेष नोटिस भेजने के बावजूद आय का विवरण इन्कम टैक्स आफिसर के पास नही भेजता है अथवा धारा [१३९(५)] मे दी गई अवधि समाप्ति होने पर भी रिटर्न नही दाखिल करता है।

(२) यदि वह आयकर अधिकारी द्वारा माँगने पर आवश्यक खाते अथवा कागजात पेश नही करता।

(३) यदि आयकर अधिकारी के सदेह के निराकरण के लिए उचित प्रमाण नही पेश करता।

(४) यदि इन्कम टैक्स आफिसर को खातो की शुद्धता तथा पूर्णता पर विश्वास नही है अथवा जहाँ नियमित रूप से खाते नही रक्खे गये हैं, तो इन्कम टैक्स आफिसर अपने निर्णय के अनुसार कर निर्धारण कर सकता है [१४५(२)]

उत्तम निर्णय के अनुसार कर निर्धारण के खिलाफ कर दाता के पास निम्नलिखित उपाय होते हैं।

१. वह कर की माँग (Demand notice) के एक महीने के अन्दर स्वय इनकम टैक्स आफिसर के पास पुराने आर्डर को रद्द करने तथा नए सिरे से कर निर्धारण की अपील कर सकता है। इनकम टैक्स आफिसर निम्नलिखित दशाओ मे उसके प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर सकता है।

(१) यदि रिटर्न भेजने मे देरी का उचित कारण था।

(२) यदि करदाता को धारा [१४२(१)] तथा [१४३(२)] के अन्तर्गत भेजी हुई नोटिस न प्राप्त हुई हो।

(३) यदि भाग (२) मे वर्णित नोटिसो पर अमल न करने का उसके पास उचित कारण है।

२ वह इस प्रकार के निर्णय के खिलाफ अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर के पास अपील कर सकता है।

असाधारण कर निर्धारण (Emergency Assessment) [१७४]

इस प्रकार का कर निर्धारण उन व्यक्तियो पर होता है जिनके बारे मे इन्कम टैक्स आफिसर को सदेह है कि वे गत वर्ष के अन्दर अथवा उसके समाप्त होते ही भारत छोडकर चले जावेगे और फिर भारत मे नही लौटेंगे। ऐसे लोगो पर कर अगले वर्ष के बजाय उसी वर्ष लगाया जाता है, जिस वर्ष आय उपार्जित की गई है।

इस प्रकार के कर निर्धारण मे इन्कमटैक्स आफिसर करदाता को जल्दी से जल्दी रिटर्न दाखिल करने का नोटिस दे सकता है जो कम से कम ७ दिन तक हो सकता है। आय का लेखा भारत छोडने की सम्भावित तारीख

तक का दिया जाता है। यदि कई साल से कर निर्धारण नही हुआ है तो पिछले वर्षों का भी कर निर्धारण इसी समय होगा। प्रत्येक वर्ष का कर निर्धारण अलग-अलग होता तथा उस वर्ष मे चालू कर की दरो के आधार पर किया जावेगा।

यदि किसी समय की आय का ठीक-ठीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता तो आय कर अधिकारी अपने विवेक के अनुसार उसका निर्धारण करेगा।

यदि पहले धारा [१३६(२)] अथवा [१४८(१)] के अन्तर्गत कोई नोटिस निकाला जा चुका है तो रिटर्न दाखिल करने की अवधि धारा [१७४] के अन्तर्गत निकाली हुई नोटिस के अनुसार मानी जायेगी। अर्थात् यदि इस नोटिस में ७ दिन की अवधि दी गई है तो रिटन ७ दिन के अन्दर ही दखिल करने होग चाहे पहले अधिक समय ही क्यो न दिया गया हो।

अतिरिक्त कर निर्धारण (Addtional Assessment)

इसे दुबारा कर निर्धारण (Reassessment) भी कहते है। एक बार कर निर्धारण हो जाने तथा उसका भुगतान हो जाने के बाद भी यदि आयकर अधिकारी को विश्वास हो कि कुछ आय कर लगने से छूट गई है तो वह दुबारा नोटिस निकाल कर फिर से कर निर्धारण की कार्यवाही कर सकता है।

इस प्रकार का नोटिस निम्नलिखित दशाओ मे निकाला जा सकता है।

(१) यदि कर देय आय कम आँकी गई है।

(२) यदि कर निर्धारण की दर कम है।

(३) यदि आवश्यकता से अधिक छूट मिल गई है।

(४) यदि ह्रास उचित से अधिक प्रदान किया गया है।

इस प्रकार की भूल चाहे करदाता की गलती के कारण हो अथवा अन्य कारणों से, दुबारा कर निर्धारण का नोटिस दिया जा सकता है। यदि करदाता ने कोई सूचना छिपाई नही है फिर भी करदेय आय किसी कारण से कम लग गई है तो भी दुबारा कर निर्धारण किया जा सकता है। करदाता दुबारा कर निर्धारण से बचने के लिये यह दलील नही दे सकता कम कर निर्धारण आयकर अधिकारी की गलती से हुआ है, उसने कागजात पेश कर दिये थे और सामान्य बुद्धि का प्रयोग करके इनकम टैक्स आफिसर उचित कर निर्धारण कर सकता था।

नोटिस—यदि इनकम टैक्स आफिसर को इस प्रकार दुबारा कर निर्धारण करना हो तो वह करदाता के पास इस प्रकार का नोटिस भेजेगा। नोटिस मे सभी आवश्यक बातो पर सूचना माँगी जाती है। इन्कम टैक्स आफिसर को दुबारा कर निर्धारण की कार्यवाही चालू करने के लिए कारण भी देना होगा। [१४८]

समय की सीमा (Time limit) —*धारा १४७ के अन्तर्गत दुबारा कर निर्धारण करने के लिए समय की सीमा होती है जो निम्नलिखित है।*

(१) यदि कर म कमी करदाता की साजिश अथवा भूल के कारण नही हुई है तो सम्बन्धित कर देय वर्ष (जिस वर्ष उस आय पर कर लगना चाहिये) के बाद ४ वर्ष तक इस प्रकार का नोटिस निकाल कर दुबारा कर निर्धारण किया जा सकता है।

(२) यदि कर म कमी करदाता की गलती से हुई है तो समय की सीमा ८ साल होगी।

(३) यदि उस वर्ष आय कर स बची हुई रकम ५० हजार से ऊपर है तो समय की सीमा १६ साल होगी।

पुराने अधिनियम म यदि आयकर ने बची हुई आय १ लाख से ऊपर हो उसके लिए समय की कोई सीमा नही थी। परन्तु ३१ मार्च १९४१ के पहले की *आय का फिर से कर निर्धारण नही हो सकता था। नये एक्ट मे अधिकतम सीमा* १६ साल कर दी गई है।

चार साल बाद नोटिस निकालने के लिये कमिश्नर की अनुमति आवश्यक है [१५१(२)] तथा ८ साल बाद नोटिस निकालने के लिए बोर्ड आफ रेवेन्यू की अनुमति आवश्यक है। [१५१(१)]

यदि दुबारा कर निर्धारण किसी अपीलेट अधिकारी के निर्णय को लागू करने अथवा उसकी आज्ञानुसार किया गया है तो समय की उपर्युक्त सीमा लागू नही होगी। [१५०]

दुबारा कर निर्धारण मे कर की दरें वही होंगी तथा समस्त सुविधाएँ वही *लागू होंगी जो सम्बन्धित करदेय वर्ष मे थी।*

कर का अग्रिम प्रदान करना (Advance payment of Tax)

कर अग्रिम में भुगतान की योजना द्वितीय महायुद्ध के समय लागू की गई। उसका मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति के प्रभाव को कम करना तथा सरकार के आर्थिक साधनो को मजबूत करना था। इस योजना का नाम "जैसे कमाओ वैसे ही

चुकाओ (Pay as you earn) रक्खा गया था। अग्रिम भुगतान में करदाता को कर उसी वर्ष देना पड़ता है जिस वर्ष आय प्राप्त की जाती है। इस सम्बन्ध में मुख्य नियम इस प्रकार हैं।

१. कर सम्बन्धी दायित्व

(१) कर 'पूँजीगत आय' को छोड़कर समस्त आय पर लिया जाता है। यदि किसी आय पर कर उद्गम स्थान में कट जाता हो तो उस पर भी अग्रिम कर नहीं देना पड़ेगा।

(२) अग्रिम कर उसी अवस्था में लगाया जायेगा जब गत वर्ष के कर निर्धारण के अनुसार आय (पूँजीगत लाभ को छोड़कर) न्यूनतम करदेय सीमा से २५०० रु० अधिक हो। [२०८ (a)]

२. अग्रिम कर की गणना

अग्रिम कर की गणना निम्नलिखित प्रकार से की जाती है।

(क) **आयकर अधिकारी द्वारा** [२०९]—यदि गत वर्ष उसका नियमित कर निर्धारण किया गया है तो आयकर अधिकारी उसकी करदेय आय पिछले वर्ष के आधार पर निर्धारित करेगा। इसका सूत्र इस प्रकार है।

करदेय आय=[पिछले वर्ष की करदेय आय—(पूँजीगत आय+ऐसी आय जिस पर उद्गम स्थान पर कर काटा जायेगा)]

(ख) **करदाता द्वारा**—निम्नलिखित दशाओं में स्वयं करदाता वर्तमान वर्ष में अपनी आय का अनुमान भेज सकता है। [२१२]

(१) यदि इनकम टैक्स आफिसर ने अग्रिम कर का नोटिस दिया है और उसे विश्वास है कि उसकी वर्तमान वर्ष की आय गतवर्ष की अपेक्षा कम होगी तो वह अपना निजी अनुमान बना कर भेज सकता है। यदि उसने कुछ किश्तें भुगतान कर दी हैं तो भी वह इस प्रकार का अनुमान बीच में भेज सकता है। यदि पहली किश्तों में अधिक रकम जमा कर दी गई है तो उसे अगली किश्तों में काट लिया जावेगा।

(२) यदि करदाता पर कभी भी पहले कर निर्धारण नहीं हुआ है और उसका अनुमान है कि उसकी आय करदेय सीमा (न्यूनतम कर मुक्ति सीमा+२५०० रु०) से अधिक है तो वह स्वयं अपना अनुमान वित्तीय वर्ष में १ मार्च से पहले इनकम टैक्स आफिसर के पास भेज देगा।

यदि करदाता ने स्वय अपना अनुमान दिया है और उसके अनुसार अग्रिमकर बाद मे निर्धारित कर के ७५% से कम है तो ऐसी बकाया रकम पर ४% की दर से व्याज देना पडेगा। परन्तु यदि कर की रकम नए वित्तीय वर्ष मे कर की दर बढ जाने के कारण बढ गई है तो यह नियम न लागू होगा। [१५]२

३ भुगतान की किश्ते (Instalments of payment)

(१) अग्रिम कर का भुगतान किश्तो मे किया जाता है। सामान्यत चार किश्तें इस प्रकार होती है। १ जून, १ सितम्बर १ दिसम्बर, १ मार्च।

(२) यदि करदाता को किसी आय क लिय गत वर्ष ३१ दिसम्बर के बाद तथा ३० अप्रैल के पहले समाप्त होता है तो उसका अग्रिमकर तीन बराबर किश्तो म १ सितम्बर १ दिसम्बर तथा १५ माच को दिया जावेगा। [२११ (१)]

(३) यदि इनकम टैक्स आफिसर अग्रिम कर का नोटिस भाग (१) मे वर्णित तारीखो मे किसी एक तारीख के बाद देता है तो समस्त कर बाकी तारीखो पर बराबर बराबर देना पडगा। इस प्रकार यदि नोटिस १ सितम्बर के बाद तथा १ दिसम्बर के पहले दिया गया है तो दो किश्तो मे रुपया जमा करना पडेगा। यदि नोटिस १ दिसम्बर के बाद दिया जाय तो एक ही किश्त मे सब रुपया १ मार्च को जमा करना पडेगा। [२११ (२)]

(४) यदि आय मे कुछ रकम कमीशन इत्यादि की है जिसका भुगतान करदाता को किसी किश्त की तारीख के बाद मिलना है तो वह उतनी आय पर अग्रिम कर उस तारीख को रोक सकता है। परन्तु ऐसी आय प्राप्त होते ही १५ दिन के अन्दर उस पर अग्रिम कर जमा करना पडेगा। यदि वह ऐसा नही करता तो उसे ४% की दर से व्याज देना पडेगा। [२१३]

४ अन्य शर्ते

अग्रिम भुगतान के सम्बन्ध मे अन्य शर्ते इस प्रकार है।

(१) अग्रिम कर के लिए दर चालू कर देय वर्ष मे प्रचलित दरो पर लगाया जावेगा।

(२) नियमित कर निर्धारण के समय जो भी कर देय रकम होगी, उसमे से अग्रिम कर घटाकर बाकी रकम देनी पडेगी। यदि नियमित कर निर्धारण के अनुसार कर अग्रिम कर से कम है तो बाकी रकम वापस दी जावेगी।

(३) यदि कुल अग्रिम कर, देय कर से अधिक है तो अधिक दी गई रकम पर सरकार ४% की दर से ब्याज देगी। ब्याज १ अप्रैल से चालू होगा तथा नियमित कर निर्धारण तक चालू रहेगा। [२१४]

भूल सुधार (Rectification of Mistake) [१५४]

यदि कर निर्धारण मे कोई भूल रह गई हो तो उसे बाद मे ठीक किया जा सकता है। भूल सुधार निम्नलिखित लोग कर सकते है।

(१) इन्कम टैक्स आफिसर स्वय अपने आर्डर में सुधार कर सकता है।

(२) अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर स्वय अपने अपील सम्बन्धी निर्णय मे सुधार कर सकता है।

(३) कमिश्नर ने यदि किसी इन्कम टैक्स आफिसर के निर्णय मे धारा २६३ या २६४ के अन्तर्गत सुधार किया है, तो वह बाद मे अपने निर्णय को सही कर सकता है।

भूल सुधार उपर्युक्त अधिकारी स्वयं अपनी इच्छा से अथवा करदाता के ध्यान दिलाने पर कर सकते हैं। अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर को गलती की ओर उसका ध्यान करदाता के अलावा इन्कम टैक्स आफिसर भी दिला सकता है।

यदि भूल सुधार से करदाता का भार बढ जाता हो, या उसकी वापसी कम हो जाती हो तो उसको नोटिस दिये बिना सुधार नही किया जा सकता। सुधार हो जाने पर लिखित आर्डर दिया जाना जरूरी होता है। भूल सुधार का अधिकतम समय चार वर्ष है। चार वर्ष बाद उसमे कोई परिवर्तन नही हो सकता।

कर की वापसी (Refund of Tax)

यदि करदाता से आवश्यकता से अधिक कर ले लिया गया है अथवा, उद्गम स्थान पर कर काट लिया गया है जब कि उसकी आय अधिकतम कर मुक्त सीमा के अन्तर्गत आती है अथवा उस पर कम दर से कर लगना चाहिए, जबकि अधिक दर से कर काटा गया है, तो करदाता अधिक रकम को वापस ले सकता है। [२३०] कर की वापसी का अधिकार उसी व्यक्ति को है जिसने कर दिया है, परन्तु उसकी मृत्यु, दीवालिया हो जाने या अन्य कारण से अयोग्य हो जाने पर उसके प्रतिनिधि को भी वापसी लेने का अधिकार होता है।

रिफण्ड की रकम चार साल के अन्दर अवश्य ले लेनी चाहिए। रिफण्ड के लिए प्रार्थनापत्र एक निश्चित फार्म पर देना पडता है। यदि अपील के कारण कर की मात्रा घटा दी गई है, तथा पहिले कर जमा किया जा चुका है तो इन्कम टैक्स आफिसर को बाकी रकम वापस करनी पडेगी। [२४०]

यदि करदाता की आय मे लाभांश तथा प्रतिभूतियो पर व्याज के अतिरिक्त अन्य आय भी सम्मिलित है तो कर निर्धारण के ३ माह के अन्दर बाकी रकम रिफण्ड कर देना चाहिए। अन्य मामलो मे रिफण्ड मांगने के ६ माह के अन्दर दे देना चाहिये। यदि वह इस अवधि के अन्दर नही दे देता तो सरकार को ४% की दर से ब्याज देना पडेगा।

कर की वसूली (Collection of Tax)

कर निर्धारित हो जाने के पश्चात् अगला काम कर की वसूली का होता है। इस सम्बन्ध मे निम्नलिखित क्रियाएँ होती हैं।

१. कर जमा करने का नोटिस (Notice of Demand) [१५६]

कर वसूल करने के लिये इनकम टैक्स आफिसर एक कर जमा करने का नोटिस देता है। इस प्रकार का नोटिस न केवल कर के लिए बल्कि ब्याज, जुर्माना इत्यादि रकम को जमा करने के लिए भी दिया जाता है। बिना नोटिस पाए करदाता कर जमा करने के लिए बाध्य नही होता और न उसके खिलाफ कार्यवाही ही की जा सकती है।

कर की वसूली दो प्रकार से हो सकती है।

(१) उद्गम स्थान पर कर काटकर

(२) करदाता द्वारा सीधे जमा करके।

उद्गम स्थान पर कर की कटौती (Deduction at Source)

निम्नलिखित दशाओं मे रकम का भुगतान करते समय भुगतान करने वाले को उद्गम स्थान पर कर काट लेना आवश्यक है। कर की रकम उस व्यक्ति को उस साधन से मिलने वाली साल भर की आय के आधार पर काटी जाती है।

१. वेतन—यदि नियोक्ता अपने किसी कर्मचारी को वेतन का भुगतान करता है और उसकी कुल रकम करमुक्त सीमा से अधिक है, तो वह उस पर उद्गम स्थान

पर ही औसत दर से कर काट लेगा। वेतन मे वे समस्त भुगतान आते है जिन्हे आयकर के अन्तर्गत 'वेतन' की मद मे सम्मिलित किया जाता है।

२. **स्वीकृत प्राविडेंट फण्ड का भुगतान**—साधारणतया स्वीकृत प्राविडेण्ट फण्ड का रुपया वापस देने पर कर नही पडता, परन्तु यदि कर्मचारी ने ५ वर्ष से कम सेवा की हो, अथवा अन्य किसी कारण से उसे मिलने वाली रकम पर कर देना पडे तो भुगतान करने वाले को उद्गम स्थान पर ही कर काट लेना चाहिए।

३ **मान्यता प्राप्त सुपरएन्युएशन फण्ड का भुगतान**—यदि किसी मान्यता प्राप्त सुपर एन्युएशन फण्ड का भुगतान किसी व्यक्ति को करना हो, तो नियोक्ता के अशदान तथा उसके व्याज पर आयकर तथा अधिकर लगता है। अतएव भुगतान के पहले ऐसी रकम पर कर काट लेना आवश्यक है। [१९२(५)]

४ **प्रतिभूतियो पर ब्याज**—यदि 'प्रतिभूतियो पर व्याज' के अन्तर्गत कोई भुगतान करता है तो उसे आय कर तथा अधिकर उद्गम स्थान पर ही काट लेना चाहिए। [१९३]

५. **लाभांश**—कम्पनी लाभांश बाटने के पहले उस पर आयकर तथा अधिकर काट लेती है। परन्तु यदि अशधारी ने इन्कमटैक्स आफिसर से इस बात का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया हो कि उसकी आय कर मुक्त सीमा मे अधिक नही है तो उसके लाभाश पर कर नही काटा जावेगा। [१९४]

यदि सरकार अथवा रिजर्व बैंक को कोई व्याज अथवा लाभाश देना हो तो उस पर कर नही काटा जावेगा। [१९६]

६. **विदेशियो को भुगतान**—यदि विदेशियो अथवा विदेशी कम्पनियो को कोई भुगतान व्याज, कमीशन अथवा अन्य आय का भुगतान करना हो, जिस पर कर पडता हो तो भुगतान करने वाले को उद्गम स्थान पर ही कर काट लेना चाहिये। [१९५ (१)]

यदि भुगतान करने वाले को यकीन हो कि पाने वाले को समस्त रकम पर कर नही देना पडेगा तो वह इन्कमटैक्स आफिसर के पास करदेय रकम निर्धारित करने के लिए प्रार्थना पत्र दे सकता है और फिर उतनी ही रकम पर कर देना पडेगा। [१९५(२)]

कर काटने वाले का दायित्व

(१) प्रत्येक कर काटने वाले व्यक्ति को निर्धारित समय के अन्दर काटे हुए कर की रकम सरकारके पास जमाकर देनी चाहिये। [२००]

(२) यदि कोई व्यक्ति जिसे कर काट लेना चाहिए, कर नही काटता, अथवा काटने के बाद उसे सरकार के पास जमा नही करता तो उसके साथ वही कार्यवाही की जायेगी जो कर न देने वाले करदाता के साथ की जाती है। परन्तु उस पर जुर्माने की कार्यवाही तब तक नही की जा सकती, जब तक इनकमटैक्स आफिसर को यह यकीन न हो जाय कि उसने जान-बूझ कर कर नही काटा है अथवा जान-बूझ कर उसे अदा नही किया। [२०१ (१)]

(३) यदि कर इस प्रकार काटा नही गया है अथवा काट कर अदा नही किया गया है तो उसे ऐसे व्यक्ति (जिसे कर काटना चाहिये) की सम्पत्ति से वसूल किया जा सकता है। [२०१ (२)]

(४) कर काटने वाले व्यक्ति द्वारा भुगतान पाने वाले व्यक्ति को कर काटने का प्रमाणपत्र दिया जाना चाहिए। इसमे कर की रकम, दर, जिस पर कर काटा गया है, इत्यादि का हवाला रहना चाहिए। [२०३]

(५) 'वेतन' की रकम से कर काटने वाले व्यक्ति को ३१ मार्च तक निम्नलिखित सूचना इन्कमटैक्स आफिसर के पास भेजनी चाहिये। [२०६]

(i) प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता तथा वेतन के रूप मे दी जाने वाली रकम।

(ii) रकम देने का समय।

(iii) आयकर तथा अधिकर के रूप मे काटी गई रकम।

अन्य नियम

उद्गम स्थान पर कर काटने के सम्बन्ध मे अन्य नियम इस प्रकार हैं।

(१) काटे हुए कर की रकम, भुगतान पाने वाले की आय मानी जाती है। अतएव उसकी आमदनी की गणना करने मे भुगतान की रकम मे कर की रकम भी जोड दी जायेगी। उदाहरणार्थ यदि किसी व्यक्ति को ४६०० रु० वेतन मिला और १०० रु० आयकर के काटे गए तो वेतन ५००० रु० माना जायेगा।

(२) कर काटने की जिम्मेदारी नियोक्ता अथवा सस्था के मुख्याधिकारी की होती है।

उद्‌गम स्थान पर कटने वाले कर की मदें

फाइनेंस एक्ट १९६२ के अनुसार उद्‌गम स्थान पर आयकर तथा अधिकर कटने की दरें इस प्रकार है।

	आयकर (सरचार्ज सहित)	अधिकर (सरचार्ज सहित)
१ कम्पनी के अतिरिक्त अन्य लोगो के लिए		
(क) समस्त आय पर (केन्द्रीय तथा राज्य सरकार की कर मुक्त प्रतिभूतियों से मिलने वाले व्याज को छोडकर)	३०	
(ख) इसके अतिरिक्त यदि व्यक्ति विदेशी है तो समस्त आय पर		धारा ११३ (१-b) के अनुसार।
२. कम्पनियों के लिए		
(क) आयकर के लिए–समस्त आय पर (केन्द्रीय तथा राज्य सरकार की कर मुक्त प्रतिभूतियों पर व्याज को छोड कर)	२५%	
अधिकर के लिए–समस्त आय पर (भारतीय कम्पनी से मिल लाभाश को छोड कर)		५%
(ख) इसके अतिरिक्त जहां कम्पनी न तो भारतीय कम्पनी है और न उसने भारत के अन्दर लाभाश की घोषणा तथा भुगतान का निर्धारित प्रबन्ध किया है।		
(१) लाभाश की आय पर [धारा ९९ (१–vi) के अन्तर्गत भारतीय कम्पनी से मिले लाभाश को छोडकर]		

(अ) १ अप्रैल १९६१ से पहले स्थापित सहायक कम्पनी का लाभाश।	कुछ नही
(ब) १ अप्रैल १९५९ से पहले बनी ऐसी भारतीय कम्पनी के लाभाश पर जो सहायक कम्पनी नही है।	२०
(स) १ अप्रैल १९५९ से बाद मे स्थापित अन्य समस्त भारतीय कम्पनियो द्वारा घोषित लाभाश पर।	५%
(२) एक भारतीय कम्पनी द्वारा दूसरी भारतीय कम्पनी को दिये जाने वाली रायल्टी की रकम पर (रायल्टी का प्रसविदा १ अप्रैल १९६० से पहले हुआ हो तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित हो)	२०%
(३) लाभाश के अतिरिक्त अन्य आय पर	३३%

करदाता से कर की वसूली
(Direct recovery from the Tax payer)

जहाँ कही भी उद्गम स्थान पर कर नही काटा गया है, कर दाता को स्वय ही कर देना पडता है। वास्तव मे कर दाता आय का विवरण भेजते समय स्वय इस बात का उल्लेख कर देता है कि कितनी रकम उद्गम स्थान पर कर के रूप में काटी गई है। इस प्रकार कुल कर की रकम मे ऐसी काटी हुई रकम घटाकर बाकी रकम का भुगतान उसे करना पडता है।

करदाता से कर की वसूली को हम दो भागो मे बाँट सकते हैं।

(१) जब करदाता समय पर कर जमा कर देता है।

(२) जब करदाता कर नही जमा कर पाता।

क जब करदाता कर जमा कर देता है—

कर जमा करने का नोटिस मिलने के ३५ दिन के अन्दर कर दाता को कर की रकम सरकारी खजाने मे जमा कर देनी चाहिए। परन्तु यदि इन्कमटैक्स आफिसर को यकीन हो कि इससे सरकारी आय को हानि होगी तो वह इन्सपेक्टिंग

असिस्टेन्ट कमिश्नर की अनुमति लेकर कर जमा करने की अवधि घटा भी सकता है। [१२०(३)]

भुगतान की तारीख के पहिले कर दाता की प्रार्थना पर यदि इन्कमटैक्स आफिसर उचित समझे तो वह भुगतान की अवधि बढा सकता है अथवा किश्तो मे भुगतान करने की अनुमति दे सकता है। परन्तु किश्तो मे भुगतान करने पर यदि एक भी किश्त का भुगतान समय पर न हो पाया तो करदाता का यह अधिकार छिन जाता है और समस्त बाकी रकम तुरन्त देय हो जाती है। [२२०(५)]

रुपया जमा कर देने पर जमा करने वाले को उसकी रसीद मिल जाती है जिसे वह भविष्य के लिए सुरक्षित रख सकता है।

ख जब कर दाता कर नहीं दे पाता

जब कर दाता कर नही दे पाता तो उसे भुगतान न करने वाला कर दाता (assessee in default) मान लिया जाता है। किसी कर दाता को भुगतान न करने वाला निम्नलिखित दशाओ मे माना जा सकता है।

(१) यदि वह नोटिस मिलने के ३५ दिन के अन्दर अथवा जितना समय नोटिस मे दिया हो उसके अन्दर समस्त कर का भुगतान नही करता।

(२) यदि करदाता समय पर किश्त का भुगतान नही कर पाता।

(३) यदि करदाता ने धारा २४६ के अन्तर्गत कर के विरुद्ध कोई अपील की है तो इनकमटैक्स आफिसर उसे फैसला होने तक की छूट दे सकता है।

(४) यदि करदाता को कुछ रकम ऐसे देश से प्राप्त करनी है जिसके कानून के अनसार उसे उस देश से बाहर नही ले जाया जा सकता तो ऐसी रकम पर कर तब तक नही देय होता जब तक वह भारत मे न लायी जाय और उसको न जमा करने के कारण करदाता को 'भुगतान न करने वाला' नही माना जा सकता।

दण्ड की व्यवस्था

करदाता द्वारा भुगतान रुक जाने पर उसके लिए निम्नलिखित दण्ड की व्यवस्था की गई है।

(१) व्याज—भुगतान न करने पर या आशिक भुगतान करने पर बकाया रकम पर करदाता को ४% की दर से व्याज देना पडेगा।

(२) *जुर्माना—भुगतान न करने पर इन्कमटैक्स आफिसर ब्याज के अतिरिक्त* जुर्माना भी कर सकता है। बार-बार भुगतान रोकने पर जुर्माना की रकम बढ़ा दी जाती है। परन्तु जुर्माना करने के पहले करदाता को अपनी बात कहने का मौका देना आवश्यक है।

वसूली की विधि (Procedure of Recovery)

ला कमीशन तथा त्यागी कमेटी (Direct Tax Administration Committee) के सुझावो के आधार पर वसूली की विधि मे बहुत बडे परिवर्तन कर दिए गए है, तथा वसूली से सम्बन्धित नियम अत्यन्त कठोर बना दिये गये हैं। इसके *मुख्य-मुख्य नियम इस प्रकार है।*

१ **रिकवरी ग्राफिसर द्वारा वसूली**—इन्कमटैक्स आफिसर कर की बकाया रकम के सम्बन्ध मे रिकवरी आफिसर को नोटिस दे सकता है। आयकर विधान की धारा [२ (४४)] के *अनुसार निम्नलिखित अधिकारियो मे किसी को भी* 'रिकवरी आफिसर' बनाया जा सकता है।

(क) जिलाधीश।

(ख) अतिरिक्त जिलाधीश अथवा उसका समकक्ष अधिकारी।

(ग) राज्य अथवा केन्द्रीय सरकार का कोई गजटेड आफिसर जिसे *इस प्रकार का अधिकार दिया गया हो।*

भिन्न भिन्न स्थानो के लिये अलग अलग रिकवरी आफिसर होते हैं। नोटिस मिलते ही रिकवरी आफिसर कर वसूल करने की कार्यवाही करता है वह निम्नलिखित काम इस सम्बन्ध मे कर सकता है।

(१) करदाता की चल सम्पत्ति पर अधिकार तथा बिक्री।

(२) करदाता की अचल सम्पत्ति पर अधिकार तथा उसकी बिक्री।

(३) *करदाता की गिरफ्तारी।*

(४) करदाता की सम्पत्ति पर अधिकार तथा उसके प्रबन्ध के लिये रिसीवर की नियुक्ति।

नोटिस तथा रिकवरी के सम्बन्ध मे अन्य नियम इस प्रकार है।

(१) कोई भी कर दाता रिकवरी आफिसर से कर के उचित अथवा अनुचित होने पर तर्क नही कर सकता। उसे नोटिस मे दी हुई रकम माननी ही पडेगी।

२, इन्कम टैक्स आफिसर स्वय नोटिस की रकम मे भूल सुधार तथा आवश्यक परिवर्तन कर सकता है।

(३) इन्कमटैक्स आफिसर उचित कारण होने पर नोटिस को वापस भी ले सकता है अथवा उसमे परिवर्तन कर सकता है।

(४) यदि किसी रिकवरी आफिसर को कर वसूल करने का नोटिस दिया गया है तथा वह केवल आशिक रूप से ही कर वसूल कर पाया है और उसे कर दाता की किसी ऐसी सम्पत्ति का पता लगा है जो किसी अन्य रिकवरी आफिसर के क्षेत्र मे पडता है तो वह उस रिकवरी आफिसर को बाकी रकम वसूल करने के लिए लिख सकता है।

(५) इन्कम टैक्स आफिसर नोटिस निकालने के बाद भी भुगतान का समय बढ़ा सकता है तथा रिकवरी आफिसर को सूचना देकार रिकवरी की कार्यवाही रुकवा सकता है।

(६) इन्कमटैक्स आफिसर को रिकवरी आफिसर के पास नोटिस के बाद जमा की गई कर सम्बन्धी रकम अथवा नोटिस की शर्तो मे दिये जाने वाले परिवर्तनो की सूचना बराबर देते रहना चाहिये।

(७) यदि किसी अपील के कारण कर की रकम घटा दी जाय अथवा वसूली की विधि मे कोई परिवर्तन हो जाय तो इन्कमटैक्स आफिसर को इस बात की सूचना रिकवरी आफिसर के पास भेज देनी चाहिए।

२ अन्य लोगों द्वारा वसूली

(१) यदि करदाता को किसी व्यक्ति से कोई रकम वेतन के रूप मे मिलने वाली है तो इन्कमटैक्स आफिसर वेतन देने वाले को नोटिस देकर वेतन की रकम सरकारी खजाने मे जमाकरने का आदेश दे सकता है। [२२६ (२)]

(२) यदि किसी अन्य व्यक्ति के पास करदाता की कोई रकम जमा हो तो इन्कमटैक्स आफिसर उस रकम को सीधे कर के रूप मे सरकारी खजाने मे जमा करने का आदेश दे सकता है। ऐसा आदेश बैंक, पोस्टआफिस अथवा बीमा कम्पनी को भी दिया जा सकता है तथा इसके लिए पास बुक, बीमा पालिसी अथवा अन्य किसी प्रकार के कागजात पेश करने की आवश्यकता नही है। यदि किसी के पास करदाता का सयुक्त खाता है तो उसे भी रुकवाया जा सकता है।

(३) कोई भी व्यक्ति जिसको इस प्रकार भुगतान रोकने का नोटिस दिया गया है, उतनी रकम के लिए कर दाता माना जावेगा। यदि वह भुगतान कर देता है तो इन्कमटैक्स आफिसर उसके खिलाफ कार्यवाही करके रकम उसकी निजी सम्पत्ति से वसूल कर सकता है।

राज्य सरकार द्वारा वसूली--यदि संविधान की धारा २५८ (१) के अन्तर्गत किसी राज्य सरकार को कर की वसूली का अधिकार दे दिया गया है। तो उसकी वसूली स्थानीय करो के साथ साथ की जावेगी। [२२७]

पाकिस्तान से वसूली--यदि करदाता की कोई सम्पत्ति पाकिस्तान मे है तो इन्कम टैक्स आफिसर, सेन्ट्रल बोर्ड आफ रेवेन्यू की मार्फत पाकिस्तान के कलेक्टर के पास कर की वसूली का पत्र भेज सकता है तथा कलेक्टर को ही रिकवरी आफिसर माना जावेगा। पाकिस्तान के आय कर अधिकारियो को भारत मे भी इसी प्रकार के अधिकार प्राप्त है। [२२८]

कर भुगतान का प्रमाणपत्र (Tax clearance certificate)

कोई व्यक्ति आयकर बचाकर विदेश न भाग जाय इसके लिए आयकर मे निम्नलिखित व्यवस्था की गई है।

१ यदि कोई विदेशी भारत मे रहने के बाद वापस जा रहा हो अथवा भारत का निवासी हमेशा के लिये बाहर जा रहा हो तो विदेश जाने के पहले उसे इस बात का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा कि उसके जिम्मे Excess Profits Act 1940, Business Profits Act 1947, Income Tex Act 1922, Wealth Tax Act 1957, Expenditure Tax Act 1957 अथवा Gift Tax 1958 के अन्तर्गत कोई रकम बकाया नही है, अथवा उनकी वसूली की उचित व्यवस्था कर दी गई है। [२३० (१)]

२. यदि कोई जहाजी कम्पनी अथवा वायुयान कम्पनी किसी व्यक्ति को इस प्रकार का प्रमाण पत्र देखे बिना विदेश जाने देती है तो सरकार उससे सारी कर की रकम वसूल कर सकती है। [२३० (२)]

१७

अपील

[Appeal]

करदाता को इन्कम टैक्स आफिसर के निर्णय के विरुद्ध अपील करने का अधिकार प्राप्त है। अपील के लिये निम्नलिखित अधिकारी होते है।

१. अपीलेट असिस्टेन्ट कमिश्नर।

२ अपीलेट ट्रिब्यूनल।

३. हाई कोर्ट।

४. सुप्रीम कोर्ट।

अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर (Appellate Assistant Commissioner)

इन्कम टैक्स आफिसर के निर्णय के विरुद्ध पहली अपील अपीलेट असिस्टेन्ट कमिश्नर के पास होती है। निम्नलिखित प्रकार के निर्णयो की अपील की जा सकती है।

१. धारा १०४ के अन्तर्गत अविभाजित लाभ पर अतिरिक्त अधिकर लगाने पर।

२. धारा १३१ (२) के अन्तर्गत इन्कम टैक्स आफिसर द्वारा बुलाने पर हाजिर न होने, अथवा मांगे जाने पर कागजात उपस्थित न करने के कारण यदि इन्कम टैक्स आफिसर ने जुर्माना कर दिया हो।

३. धारा १४३ अथवा १४४ के अन्तर्गत कर निर्धारण होने पर। अपील निम्नलिखित आधार पर हो सकती है।

(क) कर देय रकम के सही न होने पर।

(ख) कर की रकम सही न हो।

(ग) हानि की स्वीकृत रकम ठीक न हो।

(घ) करदाता का पद (Status) जिस पर उसका कर निर्धारण हुआ है ठीक न हो। जैसे व्यक्ति, सयुक्त परिवार अथवा कपनी इत्यादि।

४ धारा १४६ के अन्तर्गत करदाता ने कर निर्धारण दुबारा करने का प्रार्थना पत्र इन्कम टैक्स आफिसर को दिया हो और उसने उसे अस्वीकार कर दिया हो।

५ यदि धारा १४ अथवा १५० के अन्तर्गत दुबारा कर निर्धारण हुआ है और वह ठीक नही है।

६. यदि धारा १५४ अथवा १५५ के अन्तर्गत पिछले कर निर्धारण मे कोई परिवर्तन किया गया है जिसमे कर की रकम बढ गई है, अथवा वापसी (refund) की रकम कम हो गई है अथवा करदाता के किसी अधिकार (Claim) को अस्वीकार कर दिया गया है।

७ यदि धारा १६३ के अंतर्गत इन्कम टैक्स आफिसर ने किसी विदेशी के बदले उसका प्रतिनिधि मानकर कर लगा दिया हो।

८ यदि कर दाता को सम्पत्ति उत्तराधिकार मे मिली हो और पूर्वाधिकारी का पता न लगने के कारण अथवा उससे कर न वसूल हो सकने के कारण इन्कम टैक्स आफिसर ने धारा १७० (२) अथवा १७० (३) के अतर्गत उत्तराधिकारी से कर वसूल कर लिया हो।

९ यदि सयुक्त हिन्दू परिवार के विभाजन को अस्वीकार कर दिया गया हो। (धारा १७१)

१० यदि इन्कम टैक्स आफिसर ने धारा [१८५ (१-b)] अथवा [१८५ (५)] के अ तर्गत किसी फर्म को रजिस्टर करने से इकार कर दिया हो।

११. यदि धारा १८६ (२) के अतर्गत किसी रजिस्टर्ड फर्म का रजिस्ट्रेशन रद कर दिया गया हो।

१२ यदि कर दाता ने उद्गम स्थान पर कर न काटा हो और इन्कम टैक्स आफिसर ने धारा २०१ के अतर्गत उससे कर की रकम वसूल कर ली हो।

१३ यदि कर के पेशगी भुगतान मे कर दाता ने अपनी आय कम बताई हो और नियमित कर निर्धारण के समय अधिक आय निकलने पर इन्कम टैक्स आफिसर ने बाकी रकम पर धारा २१६ के अतर्गत ब्याज लगा दिया हो।

१४. यदि धारा २३७ के अतर्गत कर की वापसी (refund) का प्रार्थना पत्र देने पर उसे अस्वीकृत कर दिया गया हो अथवा कम रकम स्वीकृत की गई हो।

१५. यदि निम्नलिखित धाराओ मे से किसी के अतर्गत जुर्माना किया गया हो।

(क) धारा २२१ के अतर्गत कर न जमा करने पर।

(ख) धारा २७० के अतर्गत प्रतिभूतियो के सम्बन्ध मे सूचना न देने पर।

(ग) धारा २७१ के अतर्गत रिटर्न न दाखिल करने, नोटिस की आज्ञाओ को न मानने अथवा आय की रकम छिपाने पर।

(घ) धारा २७२ के अतर्गत व्यापार समाप्त हो जाने की सूचना न देने के कारण।

(च) पेशगी कर न जमा करने के कारण।

अपील का अधिकारी कौन है ?

सामान्यतया कर दाता ही अपील का अधिकारी होता है। रजिस्टर्ड फर्म मे जहाँ प्रत्येक साझीदार पर अलग-अलग कर लगना है कोई भी साझीदार फर्म की कर देय आय के सम्बन्ध मे अपील कर सकता है [२४७]। यदि आयकर अधिकारी ने किसी व्यक्ति से उद्‌गम स्थान पर कर काटने के लिए कहा हो तो वह ऐसी आज्ञा के विरुद्ध अपील कर सकता है। [२४८]

अपील की विधि (Procedure of Appeal)

अपील निर्णय की सूचना मिलने के ३० दिन के अंदर की जा सकती है। परन्तु अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर उचित कारण होने पर इसके बाद भी अपील स्वीकार कर लेते है। प्रत्येक अपील एक निश्चित फार्म के रूप मे की जानी चाहिए। [२४९]

प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर सुनवाई की तारीख निधारित करता है तथा इसकी नोटिस कर दाता तथा इन्कम टैक्स अफिसर को

देना है। कर दाता तथा इन्कम टैक्स आफिसर दोनों को ही अपनी-अपनी बात कहने का अधिकार है। अपीलेट असिस्टन्ट कमिश्नर सुनवाई के समय को स्थगित कर सकता है। अपील का निर्णय करने के पहले यदि वह आवश्यक समझे तो स्वयं कोई जांच कर सकता है अथवा इन्कम टैक्स आफिसर को जांच का आदेश दे सकता है। अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर अपना लिखित निर्णय को कर दाता तथा कमिश्नर दोनों के पास भेज देता है।

अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर के अधिकार [२५१]

(१) वह कर निर्धारण को स्वीकार कर सकता है अथवा उसकी रकम घटा बढ़ा सकता है।

(२) इन्कम टैक्स आफिसर को बनाए हुए निर्देशों के आधार पर दुबारा कर निर्धारण की आज्ञा दे सकता है।

(३) जुर्माने के खिलाफ अपील में इसी प्रकार परिवर्तन कर सकता है।

अपीलेट ट्रिब्यूनल (Appellate Tribunal)

अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर के निर्णय के खिलाफ अपील करने के लिये अपीलेट ट्रिब्यूनल का व्यवस्था की गई है। इसम एम लोग नियुक्त किए जाते हैं जो कानून तथा बही खाते का विशिष्ट ज्ञान रखते हो। ट्रिब्यूनल मे अपील करने का अधिकार कर दाता तथा इन्कम टैक्स आफिसर दोनों को ही हैं परन्तु इन्कम टैक्स आफिसर को अपील करने के पहले कमिश्नर की अनुमति लेना आवश्यक है। करदाता निम्न-लिखित निर्णयों के विरुद्ध अपील कर सकता है।

(१) यदि अपील धारा १३१ (२), धारा २५० अथवा धारा २७१ के अंतर्गत दिए हुए निर्णय के विरुद्ध की गई हो।

(२) यदि धारा २६३ के अंतर्गत कमिश्नर ने किसी कर निर्धारण की जांच करके उसमे कर बढ़ा दिया हो अथवा अन्य कोई परिवर्तन कर दिया हो।

(३) यदि धारा २७४ के अंतर्गत इसपेक्टिंग असिस्टेंट कमिश्नर ने कोई जुर्माना किया हो।

अपील का समय ६० दिन का होता है। यह उस तारीख से गिना जायेगा जब अपीलेट असिस्टेंट कमिश्नर का निर्णय पहुँचाया गया हो।

अपील प्राप्त होते ही ट्रिब्यूनल दूसरे पक्ष (इन्कम टैक्स आफिसर अथवा करदाता) को नोटिस देता है और वह ३० दिन के अन्दर अपील के खिलाफ अपने

तर्क भेज सकता है। अपील एक निश्चित फार्म मे होनी चाहिए तथा उसकी फीस १०० रु० जमा करनी पडेगी।

ट्रिब्यूनल मे प्रत्येक मामला एक बेन्च (Bench) के सुपुर्द कर दिया जाता है जिसमे एक कानून का विशेषज्ञ तथा एक खाते का विशेषज्ञ होता है। यदि किसी मामले मे दोनो की एक राय न हो तो प्रेसीडेन्ट स्वय निर्णय देगा। ट्रिब्यूनल को वे समस्त अधिकार होते है जो अन्य किसी आयकर अधिकारी को प्राप्त है।

ट्रिब्यूनल दोनो पक्षो को अपनी बात कहने का मौका देता है। वह स्वय भी आवश्यक जाच कर सकता है या कागजात माग सकता है। उसका निर्णय दोनो पक्षो के पास भेज दिया जाता है।

हाईकोर्ट

आयकर सम्बन्धी अधिकतर मामलो मे अपीलेट ट्रिब्यूनल का निर्णय अन्तिम निर्णय होता है परन्तु यदि मुकदमे मे कोई सामान्य कानून से सम्बन्धित प्रश्न जुडा हो तो उसकी अपील हाईकोर्ट मे भी हो सकती है। हाईकोर्ट मे अपील करने का अधिकार कमिश्नर तथा करदाता दोनो को ही है। इसके लिए समय की सीमा ६० दिन की है, तथा फीस १०० रु० है।

कमिश्नर अथवा करदाता अपील को सीधे हाईकोर्ट नही ले जा सकता। उसे पहिले अपीलेट ट्रिब्यूनल को प्रार्थना पत्र देना होगा कि वह मुकदमे मे सन्निहित कानूनी मसले पर हाईकोर्ट की राय लेने के लिए उस मुकदमे को हाई कोर्ट मे भेजे। ट्रिब्यूनल इस प्रार्थना पत्र पर विचार करता है, यदि उसकी राय मे उसमे कोई कानूनी प्रश्न लगा है तो वह १२० दिन के अन्दर मुकदमे का विवरण बनाकर हाईकोर्ट मे दाखिल कर देगा।

यदि ट्रिब्यूनल की राय मे उसमे कोई कानूनी प्रश्न नहीं जुडा है तो वह प्रार्थना पत्र रद्द कर देगा। ऐसी दशा मे अपील करने वाले के पास दो उपाय है। या तो वह अपील ३० दिन के अदर वापस ले ले, ऐसी दशा मे उसकी कोर्ट फीस वापस हो जावेगी। या ट्रिब्यूनल के इस निर्णय के खिलाफ हाई कोर्ट मे अपील करे। हाई कोर्ट सबसे पहले इस बात का निर्णय करता है कि मुकद्दमा हाईकोर्ट मे लाने लायक है या नही। यदि वह इस बात से सहमत हो जाता है कि मुकद्दमा हाईकोर्ट मे ले जाने लायक है तो वह ट्रिब्यूनल को मुकद्दमे का विवरण भेजने का आदेश देता है तथा ट्रिब्यूनल को उसकी आज्ञा माननी पडती है।

हाईकोर्ट मे केवल मुकद्दमे के कानूनी पहलू पर बहस होती है। निर्णय के लिए कम से कम दो जज अवश्य रहते हैं। उनमे मतभेद होने पर मुख्य न्यायाधीश स्वय निर्णय देता है। हाईकोर्ट कानूनी प्रश्न पर अपना निर्णय ट्रिब्यूनल के पास भेज देता है और ट्रिब्यूनल उसके अनुसार स्वय अपने निर्णय मे सुधार करके करदाता तथा कमिश्नर के पास भेज देता है।

सुप्रीम कोर्ट (*Supreme Court*)

सुप्रीम कोर्ट मे दो प्रकार के मुकद्दमे जाते है। एक तो सीधे ट्रिब्यूनल से सुप्रीम कोर्ट, दूसरे हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट। यदि मुकद्दमे मे कोई कानूनी प्रश्न लगा है जिस पर विभिन्न हाईकोर्टों की अलग-अलग राय है तो ट्रिब्यूनल स्वय उस मामले का हाईकोर्ट को देने के बजाय सुप्रीम कोर्ट को दे सकता है।

यदि हाई कोर्ट के निर्णय से करदाता अथवा कमिश्नर को सतोष न हो तो वह उस मामले को सुप्रीम कोर्ट मे भेज सकता है। परन्तु उसमें हाई कोर्ट का इस *बात का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है कि मामला सुप्रीम कोर्ट मे ले जाने* लायक है।

कमिश्नर द्वारा दुबारा जॉच [२६३]

धारा २६३ के अ तर्गत कमिश्नर को इस बात का अधिकार है कि वह किसी भी मामले को इन्कम टैक्स आफिसर के पास से मँगा सकता है। उसकी जाँच करने पर यदि उसे पता चले कि इन्कम टैक्स आफिसर का निर्णय सरकारी आय के हित मे ठीक नही है तो वह उसके आर्डर को रद कर सकता है तथा नया आर्डर दे सकता है। इस सम्बन्ध मे उसे जाँच करने अथवा आवश्यक प्रमाण मगवाने का अधिकार है। *अपने निर्णय द्वारा वह कर वृद्धि भी कर सकता है परन्तु इस के लिए उसे कर* दाता को अपनी बात कहने का मौका अवश्य देना चाहिए।

निम्नलिखित दशाओं मे कमिश्नर आर्डर मे परिवर्तन नही कर सकता—

(१) यदि धारा १४७ के अ तर्गत दुबारा कर निर्धारण किया गया है।

(२) यदि इन्कम टैक्स आफिसर के आर्डर को निकाले दो वर्ष हो चुके है।

कमिश्नर के निर्णय की अपील अपीलेट ट्रिब्यूनल मे हो सकती है।

१८

आयकर से सम्बन्धित अन्य समस्याएँ

[Other Problems relating to Income Tax]

१. हानि को अपलिखित करना तथा आगे ले जाना

[Set off and carry forward of losses]

कर निर्धारण के सम्बन्ध मे हानि को अपलिखित करने तथा उसे अगले वर्षो मे ले जाने की सुविधा प्रदान की गई है। हानि को अपलिखित करने का तात्पर्य यह है कि एक मद से होने वाली हानि को दूसरे मद से होने वाले लाभ मे घटाया जा सके। इस प्रकार यदि किसी व्यक्ति को एक व्यापार से हानि तथा दूसरे व्यापार से लाभ होता है तो हानि को लाभ से कम करके बची हुई रकम पर ही कर लगाया जावेगा। इस सम्बन्ध मे मुख्य-मुख्य नियम इस प्रकार है—

१. यदि एक ही मद के अन्तर्गत दो साधनो से एक मे हानि तथा दूसरे मे लाभ हुआ है तो उस हानि को लाभ मे से अपलिखित किया जा सकता है। जैसे एक व्यापार की हानि को दूसरे व्यापार के लाभ से घटाना [७०]।

२. हानि को अन्य मदो की आय से भी घटाया जा सकता है। उदाहरणार्थ यदि किसी व्यक्ति को व्यापार मे घाटा लगा हो, तो उसे सम्पत्ति की आय से घटाया जा सकता है [७१]।

३ यदि हानि को पूर्णतया अपलिखित न किया जा सके तो उसे आगे ले जाया जा सकता है तथा भविष्य के लाभ से अपलिखित किया जा सकता है। यदि व्यापार चालू रहे तो कर देय वर्ष के बाद ८ साल तक बराबर उसे आगे बढाया जा सकता है।

कुछ विशेष प्रकार की हानियो के सम्बन्ध मे नियम इस प्रकार है।

१ सट्टे की हानि (Losses in speculative business) [७३]

सट्टे से होने वाली हानि को अन्य किसी लाभ से अपलिखित नही किया जा सकता। उसे सट्टे की आय से ही अपलिखित किया जा सकता है। अतएव यदि गतवर्ष की कोई सट्टे की आय है तो उसे उसमे से अपलिखित किया जा सकेगा। यदि पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से उसे अपलिखित नही किया जा सकता तो उसे आगे ले जाया जा सकता है तथा उसी प्रकार के सट्टे अथवा अन्य प्रकार के सट्टे की आय से अपलिखित किया जा सकता है। आगे ले जाने का अधिकतम समय आठ साल है।

२ पूँजीगत हानियाँ (Capital losses) [७४]

पूँजीगत हानि को अन्य किसी लाभ की मद से अपलिखित नही किया जा सकता। उस पूंजीगत लाभ से ही अपलिखित किया जा सकता है, भले ही लाभ किसी अन्य पूंजीगत सम्पत्ति की बिक्री से हुआ हो। यदि किसी पूंजीगत हानि को पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से उसी वर्ष अपलिखित न किया जा सके तो उसे अगले ८ साल तक आगे ले जाया जा सकता है। कम्पनी को छोड़कर अन्य कर दाताओ के लिए यदि हानि ५००० रु० से कम है, तो आगे नही ले जाया जा सकता।

३ रजिस्टर्ड फर्म की हानि [७५]

रजिस्टर्ड फर्म अपनी एक साधन से होने वाली हानि को दूसरे साधन से होने वाले लाभ से अपलिखित कर सकती है। परन्तु यदि किसी वर्ष हानि को पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से अपलिखित न किया जा सके तो फर्म उसे आगे नही ले जा सकती। हानि साझीदारो के खातो मे डाल दी जाती है, वे उसी वर्ष अपने अन्य साधनो की आय से उसे अपलिखित कर सकते है। यदि पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से उसे अपलिखित न किया जा सके, तो अगले ८ साल तक आगे ले जाया जा सकता है।

४. बिना रजिस्ट्री की फर्म की हानि [७७]

यदि फर्म रजिस्टर्ड न हो तो व्यक्ति के समान उसे अपनी एक मद से होने वाली हानि दूसरी मदो से होने वाले लाभ से अपलिखित करने का अधिकार है। वह हानि को स्वय ८ साल तक आगे ले जा सकती है। परन्तु साझीदारो को ऐसी फर्म की हानि अपने निजी लाभ से अपलिखित करने का, अथवा उसे आगे ले जाने का अधिकार नही है।

५. फर्म के सविधान मे परिवर्तन होने पर [७८]

यदि किसी साझीदार के रिटायर हो जाने अथवा उसकी मृत्यु हो जाने के कारण फर्म की सरचना मे कोई अन्तर हो गया है तो मृत अथवा रिटायर्ड साझीदार के हिस्से की हानि को फर्म आगे नही ले जा सकती।

६. कुछ विशिष्ट कम्पनियो की हानि [७९]

यह नियम उन कम्पनियो के लिये बनाया गया है जो अशो मे परिवर्तन करके आयकर बचाने का प्रयत्न करती है। त्यागी कमेटी ने लिखा है—ऐसे अनेक उदाहरण हमारी निगाह मे आये जहाँ लोगो ने ऐसी कम्पनियो को खरीद लिया जिन्होने पिछले वर्षों मे हानि उठायी हो। इसके बाद अगले वर्षों मे होने वाले लाभ को वे हानि से अपलिखित करते रहे और इस प्रकार कर बचाते रहे।* अतएव कमेटी के सुझाव पर अधिनियम मे यह परिवर्तन कर दिया गया है कि "यदि किसी कम्पनी का स्वामित्व बदल गया हो तो वह पिछले वर्षों की हानि को आगे नही ले जा सकती।"

यह निम्नलिखित दशाओ मे नही लागू होगा।

(१) यदि कम से कम ५१% मताधिकार के वोट अब भी उन्ही लोगो के हाथ मे है जिनके पास पहले थे।

(२) यदि कम्पनी ऐसी कम्पनी है जिसमे जनता का पर्याप्त हित है।

(३) यदि आयकर अधिकारी को विश्वास हो कि स्वामित्व परिवर्तन कर बचाने की नियत से नही किया गया है।

---

* Report of the Direct Taxation Administration Enquiry Committee, P. 184

हानि का विवरण (Return of Losses) [८०]

हानि का विवरण भी उसी प्रकार आयकर अधिकारी के पास भेजना चाहिए जिस प्रकार लाभ का। आयकर अधिकारी लाभ के ही समान हानि की मात्रा भी निर्धारित करता है। यदि हानि का विवरण नही भेजा गया है तो उसे आगे ले जाने का अधिकार न होगा।

फाइनेंस एक्ट १९६२ के परिवर्तन

फाइनेन्स एक्ट १९६२ के अनुसार हानि को अपलिखित करने अथवा आगे ले जाने के सम्बन्ध मे काफी परिवर्तन किये गये है। वे परिवर्तन इस प्रकार हैं।

(१) फाइनेंस एक्ट म अल्पकालीन पूँजीगत सम्पत्ति तथा दीर्घकालीन पूजीगत सम्पत्ति मे भेद किया गया है। जो सम्पत्ति कर दाता एक वर्ष से अधिक अपने पास नही रखता, उसे अल्पकालीन पूजीगत आय माना गया है, इसमे अधिक समय तक रखने को दीर्घकालीन पूजीगत आय माना गया है।

(२) अल्पकालीन पूजीगत हानि को किसी भी पूजीगत लाभ से अपलिखित किया जा सकता है [७० (२-1)] परन्तु दीर्घकालीन पूजीगत हानि को केवल दीर्घकालीन पूजीगत लाभ से अपलिखित किया जा सकता है। [७० (२-11)]

(३) पूजीगत हानि को छोड कर अन्य हानि, प्राय पूजीगत लाभ को छोड कर अन्य लाभ से अपलिखित की जा सकती हैं, परन्तु करदाता को इस बात की सुविधा दी गई है कि वह एसी हानि को पूजीगत लाभ (दीर्घकालीन तथा अल्पकालीन) से अपलिखित कर सके। [७१ (२)]

(४) *अल्पकालीन पूजीगत हानि यदि अपलिखित न की जा सके* तो उसे ८ साल तक आगे बढाया जा सकता है, परन्तु दीर्घकालीन पूजीगत हानि को आगे नही ले जाया जा सकता। यदि कोई ऐसी हानि पिछले वर्षो से आगे लाई जा रही हो तो उसे अब आगे नही बढाया जा सकेगा।

२. दुहरे कर से बचत
(Double Taxation Relief)

कभी कभी जब एक देश का निवासी दूसरे देश मे कुछ आय उपार्जित करता है तो उस पर दुहरा कर पड जाता है, एक तो उस देश मे जिसमे कि आय उपार्जित की गई है और दूसरा उस देश मे जिसका कि वह निवासी है। इस दुहरे कर से बचने के लिए सरकार द्वारा छूट दी जाती है।

भारत मे इसके लिए निम्नलिखित नियम है।

(१) भारत सरकार ने विभिन्न देशो के साथ इस प्रकार का समझौता कर लिया है, जिसके आधार पर यह निर्धारित किया गया है कि कौन देश कितनी आय पर कर वसूल कर सकता है। उदाहरणार्थ वेतन सम्बन्धी आय जिस देश मे उपार्जित होगी वही देश उस पर कर वसूल करेगा। जिस देश का वह निवासी है, उसे कर लेने का अधिकार नही है।

इस प्रकार के समझौते दो प्रकार के हैं, एक तो कर की छूट का समझौता (Tax relief) और दूसरा कर मुक्ति का समझौता (Agreement of Tax avoidance) पहले प्रकार के समझौते के अन्तर्गत पहले कर ले लिया जाता है बाद मे उस पर छूट मिलती है। दूसरे प्रकार के समझौते मे कर लिया ही नही जाता।

(२) यदि किसी देश के साथ इस प्रकार का समझौता न हो, और भारत के किसी निवासी को किसी विदेशी आय पर कर देना पड जाय तो उसे ऐसी आय पर भारत मे छूट मिलेगी। यह छूट ऐसी रकम पर मिलती है जिस पर इस प्रकार दुहरा कर पडा हो। छूट की दर भारत तथा विदेश की दरो मे जो भी कम हो मानी जाती है। यदि दोनो की दरें बराबर हो तो भारत की दर लागू होगी।

(३) यदि भारत के किसी निवासी की कृषि सम्पत्ति पाकिस्तान मे है और उस पर उसे कृषि आय कर अथवा लगान देना पडा हो तो भारत मे ऐसी आय पर कर की छूट मिलती है। छूट की रकम भारत की दरो पर कर तथा पाकिस्तान मे दिए हुये करो मे जो भी कम हो उसके बराबर मानी जाती है।

(४) यदि किसी भारतीय फर्म का कोई विदेशी साझेदार है तो उसे ऐसी फर्म के हिस्से पर कर की छूट मिलती है। छूट की दरें ऊपर वर्णित दरो के समान ही हैं।

३. कुल आय तथा कुल संसार की आय
(Total Income and Total world Income)

आय कर के अनुसार कुल आय तथा कुल विश्व की आय का अन्तर रक्खा गया है। धारा २ (४५) के अनुसार कुल आय से तात्पर्य उस समस्त आय से होता है जिस पर धारा ५ के अन्तर्गत कर देय होता है तथा जिसकी गणना एक्ट मे दी हुई विधि के अनुसार की गई हो।

कुल ससार की आय की परिभाषा धारा २ (४६) मे दी गई है। इसके अनुसार कुल ससार की आय मे वह समस्त आय सम्मिलित है जो भारत के बाहर *उपार्जित तथा प्राप्त की गई है। कुल ससार की आय की गणना मुख्यत विदेशी की* आय पर कर निर्धारण के लिए की जाती है। उसकी कुल आय मे तो भारत मे *अर्जित तथा भारत मे प्राप्त आय आती है, परन्तु कुल ससार मे भारत के बाहर* प्राप्त तथा अर्जित आय भी आ जाती है।

४ विदेशियो पर कर निर्धारण (Tax in case of non-resident)

कोई व्यक्ति या तो निवासी हो सकता है अथवा विदेशी। निवासी दो प्रकार का होता है साधारण निवासी तथा असाधारण निवासी। कोई व्यक्ति विदेशी किन दशाओ म कहलाएगा इस सम्बन्ध मे विस्तार पूर्वक तीसरे अध्याय मे बतलाया गया है। उसी अध्याय म इस बात का भी उल्लेख है कि विदेशियो को *किस प्रकार की आय पर कर देना पडेगा।*

विदेशियो को दो प्रकार की आय पर कर देना पडेगा।

(१) भारत मे उपार्जित आय।

(२) भारत मे प्राप्त आय।

विदेशी स्वय कर दे सकता है अथवा उसका एजेन्ट। धारा १६३ के अतर्गत निम्नलिखित ५ प्रकार के लोग विदेशी के एजेन्ट माने जा सकते हैं।

(१) विदेशी द्वारा नियुक्त कोई व्यक्ति

(२) *कोई व्यक्ति जिसका विदेशी से व्यापारिक सम्बन्ध है।*

(३) ऐसा कोई व्यक्ति जिसके द्वारा विदेशी को आय प्राप्त होती है।

(४) कोई व्यक्ति, जो विदशी का ट्रस्टी है।

(५) अन्य कोई व्यक्ति जिसने उससे भारत मे पूँजीगत सम्पत्ति प्राप्त की है।

विदेशियो को (कम्पनियो को छोडकर) अपनी समस्त करदेय आय पर अधिकतम दर से कर देना पडेगा। सुपर टैक्स उसी दर पर पडेगा जिस पर निवासियो को देना पडता है, परन्तु उसकी दर १६% से कम नही हो सकती। [११३(१)]

धारा ११२ (३) के अन्तर्गत विदेशियो को इस बात की सुविधा दी गई है कि ऊपर बतलाए हुए नियम के अनुसार अपनी भारत मे अर्जित अथवा प्राप्त रकम पर कर दें अथवा सामान्य दर पर समस्त ससार की आय पर कर दे। इस बात की घोषणा उन्हे ३० जून तक इन्कम टैक्स आफिसर के पास कर देनी चाहिये। एक बार घोषित कर देने पर फिर कर उसी आधार पर लगेगा, उसे बदला नही जा सकता। कम्पनियो पर चाहे वे निवासी हो अथवा विदेशी, एक दर पर समस्त आय पर कर देना पडता है।

५. कर की बचत रोकने के लिए विशेष व्यवस्था

[Special provision relating to avoidance of tax]

नए आय कर विधान मे कर की बचत को रोकने के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। प्राय सभी कर सम्बन्धी विशेषज्ञो की राय है कि आय कर का करोडो रुपया लोग बचा-जाते है और कर बचाने का काम काफी लम्बे पैमाने पर होता है। इसलिए डायरेक्ट टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन कमेटी के सुझावो के अनुसार नए आय कर विधान मे कुछ विशेष व्यवस्थाएँ की गई है।

१ यदि कोई निवासी किसी विदेशी के साथ व्यापार करता है तथा उन्होने परस्पर इस प्रकार की व्यवस्था कर ली है, जिसमे निवासी अपने खातो मे यह दिखला सकता है कि उसे कोई लाभ नही होता अथवा बहुत थोडा लाभ होता है तो इन्कम टैक्स आफिसर उस पर उचित कर बांध सकता है। [९२]

२ कभी कभी लोग अपनी सम्पत्ति किसी विदेशी के नाम हस्तातरित कर देते है तथा ऐसी व्यवस्था कर देते है, जिससे उसका लाभ उन्हे मिलता रहे। ऐसी चालाकी को रोकने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की गई है।

यदि निवासी ने किसी विदेशी को कोई ऐसा हस्तातरण किया है जिसके द्वारा वह उसी समय अथवा भविष्य मे उससे होने वाली आय को प्राप्त कर सके, तो उस समस्त आय को निवासी की आय माना जावेगा। कर उसी दशा मे पडेगा यदि वह आय हस्तातरण न होने पर निवासी के पास कर देय होती। [९३(१-a)]

३. आय मे सहभागी होने के स्थान पर निवासी सम्पत्ति का हस्तातरण करके ऐसी व्यवस्था कर सकता है जिसके अनुसार उसे उसकी आय तो न मिले, *परन्तु एक निश्चित समय बाद कोई सम्पत्ति प्राप्त हो जाय। यदि ऐसी बात का* पता इन्कम टैक्स आफिसर को लग जाय तो वह विदेशी को हस्तातरित सम्पत्ति पर होने वाली आय को निवासी की आय मान सकता है। [६३(१-b)]

४ *प्रतिभूतियो का नकली क्रय विक्रय–कुछ लोग प्रतिभूतियो को ब्याज* मिलने के पहले बेच देते हैं और ब्याज मिल जाने के बाद खरीद लेते हैं। इस प्रकार वे ब्याज का रकम बचा जाते हैं, क्योंकि आयकर विधान के अन्तर्गत प्रतिभूतियो पर ब्याज के अन्तर्गत कर उसी व्यक्ति पर लगता है, जिसे वास्तव मे ब्याज की रकम मिलती है। इस प्रकार के नकली सौदो को रोकने के लिए धारा १४ के अन्तर्गत व्यवस्था की गई है। उसे विस्तार पूर्वक पृष्ठ ८५ पर बतलाया गया है।

INDEX